

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 राष्ट्रपति ने राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं तूलिका, गुरदीप, घोषाल...

लम्पी स्किन बीमारी की रोकथाम के लिए राज्य सरकार कर... 12



वर्ष : 10 | अंक : 81 | पटना, शुक्रवार, 05 अगस्त, 2022 | श्रावण मास शुक्ल पक्ष, तृतीया | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 30.0°C
न्यूनतम तापमान 20.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

**पोल**

क्या झारखंड में गिर जाएगी हेमंत सोरेन सरकार, भाजपा वापस सत्ता में आएगी ?

| | |
|---|---|
| हां | 40% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 53,191 |
| चांदी | 55,400 |
| सेंसेक्स | 54,308 |
| निफ्टी | 18,503 |

# 'नारी शक्ति, राष्ट्र शक्ति'

## नारी शक्ति को राष्ट्र शक्ति के रूप में सामने लाना हम सबका दायित्व : प्रधानमंत्री





- गुजरात के वलसाड जिले में श्रीमद राजचंद्र मिशन, धर्मपुर की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित किया
- आजादी के अमृत महोत्सव में देश को इसी कर्तव्य भाव की सबसे ज्यादा जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में देश अपनी उन संतानों को याद कर रहा है, जिन्होंने भारत को गुलामी से बाहर निकालने के लिए प्रयास किए।

नई दिल्ली, प्रात : किरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि देश की नारी शक्ति को आजादी के अमृतकाल में राष्ट्र शक्ति के रूप में सामने लाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार देश में महिलाओं के सामने आ रही हर बाधा को दूर करने का प्रयास कर रही है, जो उन्हें आगे बढ़ने से रोकती हैं। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के वलसाड जिले में श्रीमद राजचंद्र मिशन, धर्मपुर की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कोरोना की मुफ्त प्रीकॉशन डोज लगवाने की अपील करते हुए कहा, मैं सभी लोगों से एंटी-कोविड-19 टीकों की बूस्टर खुराक लेने का आग्रह करता हूं। प्रधानमंत्री ने श्रीमद राजचंद्र मिशन के साथ अपने जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि जब वे यह नाम सुनते हैं तो उनका मन मिशन से जुड़े लोगों के प्रति सम्मान से भर जाता है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में देश को इसी कर्तव्य भाव की सबसे ज्यादा जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में देश अपनी उन संतानों को याद कर रहा है, जिन्होंने भारत को गुलामी से बाहर निकालने के लिए प्रयास किए। श्रीमद् राजचंद्र ऐसे ही संत थे जिनका एक विराट योगदान इस देश के इतिहास में है। श्रीमद् राजचंद्र को लेकर महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूज्य बापू ने कहा था कि हमें शायद कई जन्म लेने पड़ेंगे, लेकिन श्रीमद के लिए एक ही जन्म काफी है। उन्होंने मिशन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूज्य गुरुदेव के नेतृत्व में श्रीमद् राजचंद्र मिशन, गुजरात में ग्रामीण आरोग्य के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य कर रहा है।

### महिला सशक्तिकरण को लेकर श्रीमद् राजचंद्र के विचारों का उल्लेख

- प्रधानमंत्री ने कहा कि वे शिक्षा और कौशल से बेटियों के सशक्तिकरण के बहुत आग्रही थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की नारीशक्ति को आजादी के अमृतकाल में राष्ट्रशक्ति के रूप में सामने लाना हम सभी का दायित्व है। केंद्र सरकार आज बहनों-बेटियों के सामने आने वाली हर उस अड़चन को दूर करने में जुटी है, जो उसे आगे बढ़ने से रोकती है। उन्होंने कहा कि आज भारत स्वास्थ्य की जिस नीति पर चल रहा है उसमें हमारे आसपास के हर जीव के आरोग्य की चिंता है। भारत मनुष्य-मात्र की रक्षा करने वाले टीकों के साथ ही पशुओं के लिए भी राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान चला रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अध्यात्म और सामाजिक दायित्व दोनों कैसे एक दूसरे के पूरक हैं, श्रीमद राजचंद्र जी का जीवन इसका प्रमाण रहा है। उन्होंने अध्यात्म और समाजसेवा की भावना को एकीकृत एवं मजबूत किया, इसलिए उनका प्रभाव आध्यात्मिक और सामाजिक हर लिहाज से गहरा था।

# मोदी ने गत आठ साल में सर्व-स्पर्शी और सर्व-समावेशी सरकार दी : शाह

- गत आठ साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सर्व-स्पर्शी और सर्व-समावेशी सरकार दी है।



बेंगलुरु, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विगत आठ साल में सर्व-स्पर्शी और सर्व-समावेशी सरकार दी है। शाह ने पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि उस समय नीतिगत शिथिलता थी और कई घोटाले हुए थे। उन्होंने कहा, गत आठ साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सर्व-स्पर्शी और सर्व-समावेशी सरकार दी है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें सुधार नहीं हुआ, हमने पूरे समाज के कल्याण की शपथ ली है। शाह संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जिसका आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने आजादी की 75वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में किया। पूर्ववर्ती संप्रग सरकार का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए शाह ने कहा, वर्ष 2014 से पहले ऐसा समय था जब प्रधानमंत्री को प्रधानमंत्री नहीं समझा जाता था और सभी मंत्री खुद को प्रधानमंत्री समझते थे। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया, उस समय देश में नीतिगत शिथिलता थी और करीब 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले हुए थे। शाह ने दावा किया कि उस समय सांठगांठ वाला पूंजीवाद था और महंगाई अपने चरम स्तर पर थी जबकि व्यापार सुगमता निचले पायदान पर थी। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत का संदर्भ देते हुए कहा, इन घटनाक्रम की वजह से देश ने आम-सहमति से बहुमत वाली सरकार बनाने का फैसला किया।

## लोकतंत्र खत्म करना है भाजपा का एजेंडा : तेजस्वी यादव

- जेपी नड्डा के बयान पर नेता प्रतिपक्ष ने कसा तंज
- 7 अगस्त को महागठबंधन का प्रतिरोध मार्च



पटना, प्रात : किरण । नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि भाजपा का एजेंडा सिर्फ विरोधी दलों का खात्मा नहीं बल्कि लोकतंत्र का सफाया है ।यह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान से साफ हो गया है। तेजस्वी ने जेपी नड्डा के सिर्फ बीजेपी बचेगी बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भाजपा का एजेंडा साफ हो गया है कि वो देश में लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बयान से साफ है कि बीजेपी का एजेंडा सिर्फ विपक्षी दलों का खात्मा नहीं बल्कि लोकतंत्र का सफाया है। तेजस्वी ने कहा कि बिहार लोकतंत्र की धरती है और हमारा राज्य लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं देगा।

तेजस्वी यादव ने विपक्षी दलों के नेताओं पर ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स के छापे, मुकदमों को लेकर कहा कि सरकारी एजेंसियों के जरिए विरोधी दलों के नेताओं को धमकाया जा रहा है, डराया जा रहा है लेकिन वो इससे झुकेंगे नहीं। तेजस्वी ने 7 अगस्त को बिहार में आरजेडी की अगुवाई वाले महागठबंधन के प्रतिरोध मार्च को सफल बनाने की अपील की। तेजस्वी यादव ने कहा कि बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी, बाढ़ और सूखा से जूझ रहे किसानों की समस्याओं को लेकर प्रतिरोध मार्च का आयोजन किया गया है। तेजस्वी यादव उस दिन खुद पटना में शगुना मोड़ से डाकबंगला चौराहा तक रोड शो करेंगे।

## नेता विरोधी दल का बयान मुद्दाविहीन विपक्ष के हताशा का प्रतीक : तारकीशोर

- उपमुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष के बयान पर किया पलटवार



पटना, प्रात : किरण । नेता विरोधी दल के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि मुद्दाविहीन विपक्ष हताशा में है और अनाप-शनाप बयानबाजी से सुर्खियों में बने रहने का प्रयास करता रहा है। भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है और सबका साथ, सबका विकास सबका प्रयास और सबके विश्वास की अवधारणा पर चलते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबल और सशक्त नेतृत्व में आंतरिक और बाह्य मोर्चों पर वैश्विक पहचान और साख बनायी है। परिवारवाद की पोषक पार्टी के संचालनकर्ता नेता प्रतिपक्ष को चुनौती देने से पहले मालूम होना चाहिए कि जनता के आशीर्वाद और भरोसा से आज भारत के 12 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री हैं और बिहार समेत चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार में शामिल है। बिहार में लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार मजबूती से चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सर्वव्यापी विकासवादी नीतियों और कार्यक्रमों के बदौलत देश की जनता के दिलों में जगह बनाया है और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के मार्ग प्रशस्त किए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को ऐसे बेतुके बयान से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। भारत की महान जनता सब कुछ समझ रही है। भारतीय जनता पार्टी अपने सर्वस्पर्शी जन कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के भरोसा के साथ भारत के नव निर्माण हेतु मजबूती से कदम बढ़ा रही हैं।

## संक्षिप्त खबर

### अतुल प्रसाद बने बीपीएससी के नए अध्यक्ष

पटना। आईएएस अधिकारी रहे अतुल प्रसाद को बिहार लोक सेवा आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सरकार की तरफ से इससे जुड़ी अधिसूचना जारी कर दी गई है। आरके महाजन जो बीपीएससी के मौजूदा अध्यक्ष हैं, उनका कार्यकाल आज खत्म हो रहा है। अतुल प्रसाद 1987 बैच के आईएएस अधिकारी रहे हैं। सेवानिवृत्त होने के बाद अब सरकार ने उन्हें बीपीएससी का अध्यक्ष बनाया है। आरके महाजन भी आईएएस अधिकारी रह चुके हैं और उनका कार्यकाल आज खत्म हो रहा है। सरकार की तरफ से जारी अधिसूचना में बताया गया है कि 5 अगस्त से अतुल प्रसाद बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने इससे जुड़ी अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार के अपर सचिव रचना पाटिल की तरफ से जारी की गई अधिसूचना में बताया गया है कि बिहार के राज्यपाल ने बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष पद के लिए अतुल प्रसाद की नियुक्ति को अपनी सहमति दी है। अतुल प्रसाद पदभार संभालने के बाद 6 साल या फिर 62 साल की उम्र सीमा तक इस पद पर रहेंगे।

### महाराष्ट्र के पालघर से 1400 करोड़ की ड्रग्स बरामद

मुंबई। महाराष्ट्र क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स सेल, वर्ली यूनिट ने पालघर जिले के नालासोपारा में दवा बनाने वाली कंपनी पर छापेमारी की है। इस दौरान 1400 करोड़ रुपए कीमत की 700 किलो से ज्यादा मेफेड्रोन (ड्रग्स) जब्त की गई। मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 4 आरोपी मुंबई से जबकि एक व्यक्ति को नालासोपारा में पकड़ा गया। सीसीपी दत्ता नालवाड़े ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 52 साल के मुख्य आरोपी के पास ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में पोस्ट-ग्रेजुएट की डिग्री है। उसने ड्रग्स बनाने के फॉर्मूले का ईजाद कर लिया था और खुद ही ड्रग्स बनाता था।

हवाला ट्रांजैक्शन के सबूत मिले, सोनिया-राहुल के बयानों की दोबारा जांच होगी

# नेशनल हेराल्ड केस में ईडी को मिला हवाला लिंक

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय को नेशनल हेराल्ड केस में हवाला लिंक मिला है। ईडी अब सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बयानों की दोबारा जांच करेगी। रिपोर्ट्स में ईडी सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि नेशनल हेराल्ड, उससे जुड़ी कंपनियों और थर्ड पार्टी के बीच हवाला ट्रांजैक्शन के सबूत मिले हैं।

### ईडी को हवाला लिंक कैसे मिला ?

दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में यंग इंडिया के दफ्तर की छानबीन के दौरान ईडी को कुछ दस्तावेज मिले हैं। दस्तावेजों में मुंबई और कोलकाता के हवाला ऑपरेटर्स के ट्रांजैक्शन के सबूत मिले हैं।

### अब ईडी क्या कदम उठाएगी ?

सूत्रों के मुताबिक, यंग इंडिया के दफ्तर की जांच पूरी होने के बाद जांच एजेंसी बड़ा एक्शन लेगी। यह एक्शन क्या होगा, ये अभी सूत्रों ने साफ-साफ नहीं बताया है।

### राहुल-सोनिया के बयानों की दोबारा जांच क्यों ?

पूछताछ के दौरान सोनिया और राहुल गांधी ने कहा था कि उन्होंने यंग इंडिया से कैश से जुड़ा कोई फायदा नहीं उठाया है। यंग इंडिया से मिले दस्तावेजों के बाद ईडी दोनों के जवाबों से संतुष्ट नजर नहीं आ रही है इसलिए इन बयानों की दोबारा जांच की जाएगी।




### मंगलवार को 16 ठिकानों पर हुई छापेमारी, बुधवार को दफ्तर सील

ईडी की टीम ने मंगलवार को सुबह से देर शाम तक नेशनल हेराल्ड के दिल्ली, मुंबई और कोलकाता समेत 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई सोनिया और राहुल से पूछताछ के बाद की गई थी। बुधवार को ईडी ने दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में स्थित यंग इंडिया कंपनी का ऑफिस सील कर दिया। इसके बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपना कर्नाटक दौरा छोड़कर दिल्ली लौट आए।

### नेशनल हेराल्ड केस में खड़गे से ईडी की पूछताछ

यंग इंडिया के ऑफिस में ही 7 घंटे तक सवाल, दफ्तर की दोबारा छानबीन की



प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से पूछताछ की। जांच एजेंसी ने उनसे यंग इंडिया के ऑफिस में ही पूछताछ की। पूछताछ दोपहर करीब 1:30 बजे शुरू हुई। इस दौरान ऑफिस की तलाशी भी ली गई। बुधवार को भी यहां तलाशी ली जा चुकी है। खड़गे 7 घंटे बाद करीब 8 :30 बजे दफ्तर से बाहर निकले। इधर, ईडी के समन पर राज्यसभा में भी विपक्ष के नेता खड़गे ने गुरुवार को ही सवाल उठाया था। उन्होंने पूछा था कि क्या संसद की कार्यवाही के दौरान बुलाना सही है ? इस पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जवाब दिया कि कोई गलत करेगा तो एजेंसियां तो एक्शन लेंगी ही। इसके बाद दोनों में बहस शुरू हो गई।

## संजय राउत सोमवार तक ईडी की कस्टडी में रहेंगे



**मुंबई।** मुंबई के पात्रा चॉल घोटाले में रविवार को गिरफ्तार किए गए शिवसेना सांसद संजय राउत की कस्टडी सोमवार तक बढ़ा दी गई है। संजय रविवार से एऊकी गिरफ्त में हैं। अब उनकी पत्नी वर्षा राउत को भी नोटिस भेजा गया है। सूत्रों की मानें तो एऊदोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ कर सकती है। इससे पहले, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट कोर्ट में सुनवाई के दौरान जज ने संजय राउत से पूछा- आपको कोई दिक्कत है क्या ? राउत ने कहा- जहां कस्टडी में रखा वहां वेंटिलेशन नहीं है। उन्होंने पंखे की मांग की। एऊने कोर्ट में कहा कि हमने उनको अउ में रखा है, संजय राउत झूठ बोल रहे हैं। ईडी ने वेंटिलेशन वाला रूम उपलब्ध कराने की बात कही और कहा कि इनके और परिवार के अकाउंट में 1 करोड़ 6 लाख कैसे आए और विदेश दौरे पर कितना खर्च किया, उसकी जांच कर रहे हैं।

# मंकीपॉक्स को लेकर सरकार उठा रही विशेष कदम : मंगल पांडेय

- सर्विलांस एवं लैब टेस्टिंग के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**पटना, प्रातः किरण** । स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मंकीपॉक्स के संभावित खतरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। इस बीमारी की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार विशेष कदम उठा रही है। इसको लेकर विभाग स्वास्थ्यकर्मियों के क्षमतावर्द्धन पर विशेष ध्यान दे रहा है। मंकीपॉक्स की गंभीरता को देखते हुए इसके प्रभावी सर्विलांस एवं लैब टेस्टिंग पर विभाग द्वारा विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके लिए हर जिले के माइक्रोबायलोजिस्ट और लैब टेक्नीशियन को बुधवार को पटना में प्रशिक्षण दिया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेजों के माइक्रोबायलॉजी के विभागाध्यक्ष, एपीडीमीलॉजिस्ट, सभी जिला से एक-एक लैब टेक्नीशियन और प्रदेश के सभी जिला अस्पताल के एक-एक डेटा एन्ट्री ऑपरेटर को मंकीपॉक्स बीमारी को लेकर जानकारी दी गयी है। साथ ही उन्हें इस नई बीमारी के लक्षण और सैंपल कलेक्शन के बारे में प्रशिक्षित किया गया है। विभाग द्वारा सभी जिलों को मंकीपॉक्स के संभावित मरीजों की त्वरित रूप से सैंपल कलेक्शन करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सैंपल कलेक्शन के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सभी सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य रूप से करने की सलाह दी गयी है।






उपलब्धता

कृषि मंत्री ने की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उर्वरकों के बिक्री की समीक्षा एवं दिये आवश्यक निर्देश

# राज्य में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध : अमरेंद्र सिंह

- गड़बड़ी करने वाले लोगों पर हो रही कार्रवाई, किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने को लेकर सरकार कटिबद्ध



पटना, प्रात : किरण

कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि राज्य में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति कड़ाई से लागू करते हुए किसानों को उचित मूल्य पर सभी प्रकार के उर्वरक उपलब्ध कराना सरकार की कटिबद्धता है। जहां कहीं से भी किसानों से शिकायत प्राप्त हो रही है, उस पर तत्परता से कार्रवाई की जा रही है। कृषि मंत्री गुरुवार को विभागीय मुख्यालय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ राज्य में विभिन्न उर्वरकों की उपलब्धता एवं जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उर्वरकों के बिक्री की समीक्षा वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से की। उन्होंने अधिकारियों को कई निर्देश दिए। कहा कि अगले 10 दिनों में राज्य के सभी जिलों में यूरिया की जरूरत बढ़ेगी। इसलिए आवश्यक है कि राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता समुचित मात्रा में सुनिश्चित की जाये। कहा कि विभाग द्वारा पूर्व में उर्वरक कम्पनियों को जितनी चेतावनी दी जानी थी, दी जा चुकी है। अगर गलत मंशा से अगर कोई पदाधिकारी, कर्मचारी एवं उर्वरक बिक्रेता तथा कम्पनी किसानों के अहित में कार्य कर रहे हो, तो उन पर बड़ी कार्रवाई करने में कोई संकोच नहीं करें। उन्होंने मुख्यालय के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिदिन जिलों में उर्वरक के स्टॉक की स्थिति की समीक्षा करने का निदेश दिया।

उन्होंने कहा कि खरीफ 2022 में यूरिया की जुलाई तक 4.90 लाख मे.टन की आवश्यकता के विरूद्ध भारत सरकार द्वारा 31 जुलाई तक 4.69 लाख मे0ट0 उपलब्ध कराया गया है। इससे स्पष्ट है कि राज्य में यूरिया की कोई कमी नहीं है। खाद की मांग तथा आवश्यकता का विश्लेषण कर विभाग हर जिला को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराती है। किसानों को यह खाद निर्धारित मूल्य पर मिले, इसके लिए विभाग द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सतत अनुश्रवण किया जा रहा है। जिला स्तर के अधिकारियों को भी उर्वरकों की बिक्री पर निगरानी रखने हेतु निदेशित किया जा चुका है। विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कर किसानों को भी जागरूक किया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि राज्य में 96 प्रतिशत यूरिया की उपलब्धता के बावजूद खाद की शिकायत मिल रही है, यह दुखद है। उन्होंने सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को चेतावनी दी कि किसानों को खाद की शिकायत मिलेगी तो जिला कृषि पदाधिकारी सहित अन्य पर अनुशासनात्मक कार्रवाई पूर्व वर्ष की भांति की जायेगी। अगर उर्वरक कम्पनी द्वारा लापरवाही बरती जाती है, तो उनके विरूद्ध भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निदेश दिया कि जिला कृषि पदाधिकारी बिना सचिव, कृषि/कृषि निदेशक के अनुमोदन के अवकाश पर नहीं जा सकते हैं। श्री सिंह ने कहा कि सभी जिला कृषि पदाधिकारी भी नियमित रूप से छापामारी कर दोषियों पर कड़ी करवाई कर रहे हैं। खरीफ 2022 में अभी तक कुल 3709 छापामारी की गई है, जिसमें से 90 विक्रेताओं की अनुज्ञप्ति निलंबित, 63 अनुज्ञप्ति रद्द, 52 पर प्राथमिकी तथा 348 विक्रेताओं से स्पष्टीकरण की माँग की गई है। सभी जिलों में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में लगातार की जा रही है जिसमें खाद के बिक्री, मूल्य एवं उपलब्धता की नियमित समीक्षा की जाती है। उर्वरक की बिक्री के निगरानी हेतु मुख्यालय स्तर से भी जांच दल गठित कर सभी जिलों में भेजी जा रही है। विभाग का सख्त निदेश है कि उर्वरकों की बिक्री पॉस मशीन से कराया जाये तथा किसान को बिक्री रसीद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से कटने के कारण 37 वर्षीय युवक की मौत

दानापुर खगौल। गुरुवार की सुबह सदीसोपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक ट्रेन से कटने के कारण एक युवक की मौत हो गई युवक की पहचान नौबतपुर तिसखोरा निवासी शिव कुमार शाह का पुत्र 33 वर्षीय उमा शरण है। इस संबंध में दानापुर रेलवे स्टेशन जीआरपी प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करवाने के बाद मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया है।

### खगौल में फिर से विभिन्न कलाओं, खेलकूद को पुनर्जीवित किया जाएगा - एसडीएम विक्रम विरकर

दानापुर। खगौल को अब जल्द अतिक्रमण मुक्ति के साथ ऑडिटोरियम, खेल मैदान, पार्क, लाईब्रेरी की सुविधा प्राप्त होने वाली है। इसको लेकर दानापुर अनुमंडलाधिकारी विक्रम वीरकर ने अपने स्तर पहल करने की बात कही है। बुधवार को खगौल थाना परिसर में हुए मुहर्रम को लेकर शांति समिति के बैठक में मौजूद स्थानीय लोगों ने इस महत्वपूर्ण बिन्दु पर उन्हें जानकारी दी तो वे संज्ञान लेते हुए लोगों को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द नगर से अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने का काम पूर्ण किया जाएगा, पूर्वी रेल ओवर ब्रिज पर रौशनी की व्यवस्था एवं गाड़ीखाना रोड डिवाइडर पर रौशनी आदि जैसी समस्याओं को दूर करा दिया जाएगा। महान बैज्ञानिक आर्यभट्ट और चाणक्य की कर्मभूमि रही सांस्कृतिक एतिहासिक नगरी खगौल में फिर से विभिन्न कलाओं, खेलकूद को पुनर्जीवित किया जाएगा। इसके यहाँ विभिन्न कलाओं, खेलकूद आदि के लिए एक संबन्धित जानकारों की कमिटी बनाया जाएगा। वहीं स्थानीय थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने स्थानीय दुकानदारों को सुरक्षा को ध्यान में रख कर अपने अपने दुकानों के सामने रौशनी के लिये बल्ब और सीसीटीवी लगाने की बात कही है।

### गम्हरिया में अब तक 32 अतिक्रमित जमीन पर बने घरों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

रक्सौल। लोगों को आम गैरमजरुआ जमीन को अतिक्रमण कर लेना बड़ा आसान लगता है, परंतु जब सरकार और प्रशासन चाह दे तो अतिक्रमण किया हुआ बड़े से बड़ा किला भी ढाह सकता है। इस कड़ी में रक्सौल थाना क्षेत्र के गम्हरिया में पुनः एक बार प्रशासन का बुलडोजर अतिक्रमणकारियों पर चला और अवैध कब्जे वाले घरों को तोड़ दिया गया है। इस दौरान मजिस्ट्रेट के साथ भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिसके बाद अतिक्रमण हुए जमीन पर बने घरों को तोड़ दिया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि सी डब्ल्यू जे सी नंबर 1551/2020 को माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा पारित आदेश एवं अतिक्रमण वाद संख्या-38/2019-20 के अंतर्गत रक्सौल अंचल के गम्हरिया गांव में अब तक 32 घरों को तोड़ अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।

### रामगढ़ अभिलेखागार का जांच करने पहुंची वरीय उप समाहर्ता राजस्व शाखा कैमूर

कैमूर। जिले के रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय स्थित राजस्व अभिलेखागार जहां जमाबंदी डिजिटाइजेशन हो रहा है। का जॉच करने वरीय उप समाहर्ता राजस्व शाखा कैमूर सविता कुमारी के द्वारा किया गया। आर ओ आर की महत्वपूर्ण योजना अंचल रामगढ़ में आर ओ आर कुल ग्रामों की संख्या 110 है जहां एंट्री किया गया जिसकी समीक्षा जांचोपरांत राजस्व अधिकारी द्वारा डिजिटाइज के लॉगिन से किया जा रहा है। जिसकी जाँच वरीय उपसमाहर्ता राजस्व शाखा द्वारा किया गया। साथ ही अंचल के कार्यों एवं आरटीपीएस की भी समीक्षा की गयी मौके पर वरीय उप समाहर्ता राजस्व अधिकारी एवं अंचलाधिकारी अर्चना कुमारी मौजूद रही।

### कड़ी सुरक्षाओं के बिच व्यापार मंडल का अध्यक्ष पद का मतगणना सम्पन्न

भागलपुर। सुल्तानगंज प्रखंड मुख्यालय परिसर में कड़ी सुरक्षाओं के बिच व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद का मतगणना शांतिपूर्ण सम्पन्न। वहीं निर्वाचन पदाधिकारी सह विडिओ मनोज कुमार मुर्मु ने बताया कि व्यापार मंडल का अध्यक्ष पद चुनाव शांतिपूर्ण कराया गया। साथ ही प्रखंड मुख्यालय शांतिपूर्ण तरह से व्यापार मंडल का मतगणना करा गया। जो व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद पर दो दावेदार थे। जिसमें पहला व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद पर अरुण चौधरी एवं दुसरा चन्द्रशेखर साह थे। टोटल कुल मतदाता 423 थे जिसमें कुल 182 मतदान हुये।

# जीबीएम कॉलेज में कला परिषद द्वारा 'सावन महोत्सव' का भव्य आयोजन

### मेंहदी प्रतियोगिता तथा सावन सुंदरी प्रतियोगिता में छात्राओं की शानदार सामूहिक प्रतिभागिता पर प्रधानाचार्य ने जतायी हार्दिक खुशी

प्रात: किरण संवाददाता



गया। गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय में कॉलेज के कला परिषद विभाग द्वारा प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. जावैद अशरफ की अध्यक्षता में 'सावन महोत्सव' का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का समन्वयन अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी तथा संयोजन अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नगमा शादाब ने किया।

'सावन महोत्सव' के अंतर्गत मेंहदी प्रतियोगिता तथा सावन सुंदरी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रो. अशरफ द्वारा सभी फैकल्टीज के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से हुआ। हरे-हरे सुंदर परिधानों में सज्जित प्रतिभागी छात्राओं ने कॉलेज की प्राध्यापिकाओं तथा अपनी सहेलियों के हाथों पर एक से बढ़कर एक खूबसूरत डिजाइनों की मेंहदी लगायी। सावन के गीतों से आयोजन स्थल गुंजित रहा। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टुन्नी कुमारी, द्वितीय स्थान पर रानी कुमारी व प्रकृति प्रिया तथा तृतीय स्थान पर रिया गुप्ता रहीं। तत्पश्चात सावन सुंदरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें परिधानों की सुंदरता तथा प्रस्तुतीकरण के आधार प्रथम स्थान पर रिद्धि निमिषा श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान पर अनु सिंह तथा तृतीय स्थान पर शाही प्रिया रहीं।ईशा शेखर, माही राज, रिया गुप्ता, दीक्षा, अर्पणा, रिया कुमारी, नंदनी, तृप्ति आदि सभी छात्राओं की नृत्य, संगीत, काव्य पाठ आदि की प्रस्तुतियाँ अति सराहनीय रहीं। मोनिका मेहता के 'चूड़ी मजा न देंगी' नृत्य पर भी खूब तालियां बजीं। कार्यक्रम का संचालन कर रही डॉ. रश्मि ने जब अपनी स्वरचित कविता 'सुनो सहेली सावन आया' का सस्वर पाठ किया तो महोत्सव में उपस्थित सभी प्रतिभागी झूम उठे। डॉ. रश्मि ने सावन महोत्सव के पीछे निहित उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से छात्राओं के भीतर निहित कलात्मकता का विकास होगा तथा वे प्रकृति की हरी-भरी सुंदरता एवं प्रसन्नता के साथ स्वयं को जोड़ना सीख सकेंगी।मेंहदी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्यों में प्रो. उषा राय, डॉ नूतन कुमारी तथा डॉ. प्रियंका कुमारी; एवं सावन सुंदरी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्यों में डॉ.पूजा राय, डॉ. नगमा शादाब थीं। कार्यक्रम में डॉ. शगुफ्ता अंसारी, डॉ. पूजा, डॉ. जया चौधरी, डॉ. शिल्पी बनर्जी, प्रीति शेखर, फरहीन वजीरी, रुखसाना परवीन के साथ जूही, दिव्या, शिल्पा आदि भारी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही।

प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. जावैद अशरफ ने डॉ. रश्मि, डॉ. नगमा के साथ कला परिषद और कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों को प्रकृति के सावनी सौंदर्य को समर्पित इस अविस्मरणीय आयोजन हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने छात्राओं की शानदार उपस्थिति और प्रस्तुति पर हार्दिक खुशी जतायी। नैक समन्वयक डॉ. शगुफ्ता अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बेतहाशा महंगाई और बेरोजगारी पर यूथ कांग्रेस ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस




प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। गुरुवार को रक्सौल युवा कांग्रेस के बैनर तले बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव सह पश्चिमी चम्पारण युवा कांग्रेस प्रभारी प्रोफेसर अखिलेश दयाल के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव ने कहा कि आजादी के 75 वर्षो के इतिहास में पहली बार खाद्य पदार्थो पर जीएसटी लागू कर केन्द्र सरकार ने आम लोगों के पॉकेट पर करारा प्रहार किया है।

जब मंहगाई पर सरकार से विपक्ष सवाल पुछता है तो हिन्दू मुस्लिम और पाकिस्तान की बात की जाती है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि केंद्र में बैठी अहंकारी भाजपा सरकार के 10 वर्ष बीत गए हैं प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ रोजगार का वादा था, लेकिन 10 वर्षों में 20 लाख भी रोजगार युवाओं को नहीं मिल पा रहा है, जबकि 28 लाख कार्यरत लोगों को रोजगार से वंचित कर दिया गया है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि आजादी के बाद की यह पहली सरकार है जिसने दूध, दही, पनीर और अन्य खाद्य पदार्थो पर जबरन जीएसटी थोपकर सभी वर्गो को परेशान करने का कार्य किया है ।

प्रदेश महासचिव ने कहा कि आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर घर घर तिरंगा कार्यक्रम भाजपा चला रही है जिसने अपने सांगठनिक कार्यालय आरएसएस में विगत 52 सालों तक राष्ट्रीय ध्वज तक नहीं फहराया। पूर्व के आरएसएस के नेताओं जैसे गोलवलकर, सवारकर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रीय आन्दोलन में सहयोग नगण्य रहा जिनके लिए तिरंगा एकमात्र वोट का जरिया है राष्ट्रप्रेम नहीं। प्रदेश महासचिव ने प्रवर्तन निदेशालय ईडी पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि आज केंद्र की तानाशाही सरकार ईडी का मुखावटा पहनकर द्वेषपूर्ण राजनीति कर रही है, देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस कार्यालय को पुलिस छावनी में तब्दील किया गया जो अघोषित आपातकाल है। आज ईडी भाजपा के लिए इलेक्शन डिपार्टमेंट बन चुका है।

# हर घर में तिरंगा झंडा लगाने की तैयारी को लेकर की गई बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूरे देश में 75 वाँ आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में विकार पुरुष, गरीबों के मसीहा प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी,भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष डा जे पी नड्डा के आह्वान पर हर घर में तिरंगा झंडा लगाने की तैयारी को लेकर गिरजा मोड के पीछे सूर्य भान सिंह जी के आवास पर बैठक हुई। इस बैठक कीं अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष शम्भु चौरसिया ने किया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह हर घर तिरंगा कार्यकम, जिला संयोजक सूर्य भान सिंह जी ने बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि 8अगस्त से लेकर 12 अगस्त तक प्रचार प्रसार मोटरसाइकिल रैली, महिला मोर्चा के द्वारा तिरंगा रैली, 13 से लेकर 15 तक जिला के प्रतेक घरों में तिरंगा झंडा फहराने का कार्यक्रम इसके अलावे 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतेक बजार पर नुककड सभ किया जाएगा।

इस बैठक मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष आदित्य विजय प्रताप सिंह, कौशल यादव, जिला महामंत्री श्री भगवान सिंह, अभिषेक राय, जिला मंत्री सह कार्यक्रम के सह प्रभारी वनदना राजवंशी, वरुण गांधी, डाक्टर रमेश कुमार सिन्हा ऊफ कर्ण जी, सूर्य कान्त पाण्डेय, उदय प्रताप सिंह, सुशील मिश्रा, नवीन प्रकाश, प्रकाष सिह , प्रहाद राय, अनील कुमार पांडेय, कुमार गौतम, आनन्द कुमार, प्रयाग तिवारी, जयोति प्रकाष, भुवनेश्वर ठाकुर, मुकेश सिह ,मृतयुजय सिंह आदि।

# सशस्त्र सीमा बल 29वीं वाहिनी के द्वारा लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर



प्रात: किरण संवाददाता

बाराचट्टी ।आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है क जिसके तहत हर घर तिरंगा फहराने व लगाने के लिए केंद्रीय कर्मचारियों के द्वारा आम नागरिकों को तिरंगा के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित करने का अभियान चलाया जा रहा है।

सशस्त्र सीमा बल 29वीं वाहिनी के श्री एच. के. गुप्ता कमांडेंट महोदय के निर्देशानुसार सशस्त्र सीमा बल बीबीपेसरा के सहायक कमांडेंट श्री रामवीर कुमार के द्वारा गांव चांदो में एमसीए प्रोग्राम का आयोजन कराया गया जिस के तहत चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों का मुफ्त इलाज व उन्हें दवाइयों का वितरण किया गया।

एमसीए प्रोग्राम में 29वीं वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुमारी अंजू रानी जीडी मेडिकल ऑफिसर एवं डॉक्टर मेजर संदीप एम.के . रिटायर सहायक सेनानायक चिकित्सा अधिकारी के द्वारा अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों का चिकित्सा इलाज करा गया।

साथ ही साथ उन्हें राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रतीक जागरूक किया गया।इस कार्यक्रम में देवानिया पंचायत मुखिया राजू यादव ,वार्ड सदस्य -सूर्यदेव माझी ,विकास- मित्र सरिता भारती ,टोला सेवक- प्रदीप कुमार एवं अन्य गणमान्य इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# रेस्टुरेंट की दुनिया एक और धमाका 'क्वालिटी' रेस्टुरेंट का हुआ उद्घाटन

रक्सौल। रेस्टुरेंट की दुनिया में रक्सौल में स्वादिष्ट व्यंजन से परिपूर्ण एक और धमाकेदार शुरूआत हुई है। स्थानीय शहर के मुख्य पथ स्थित हनुमान मंदिर के सामने क्वालिटी रेस्टुरेंट का विधिवत शुरूआत की गई है। जिसका उद्घाटन इंस्पेफ्टर शशिभूषण ठाकुर, अंचलाधिकारी विजय कुमार, हरैया ओपी प्रभारी विवेक कुमार जायसवाल के साथ प्रो. मनीष दुबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटनकर्ता अतिथियों ने रेस्टुरेंट की व्यवस्था, स्थल एवं साफ-सफाई से काफी संतुष्ट हुए और इसकी सराहना की। रेस्टुरेंट के संचालक सुनील कुमार एवं किशन कुमार ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार के भोज्य पदार्थ मिलेंगे, जिसमें फास्टफुड भी शामिल हैं। होम डिलीवरी की भी व्यवस्था है। रेस्टुरेंट की खास बात यह है कि भोज्य पदार्थ के क्वालिटी से कोई समझौता नहीं करेंगे, उत्तम प्रकार के वस्तु ही मिलेंगे और परिसर की साफ-सफाई भी बेहतर होगी। मौके पर तबरेज आलम, डॉ. भूपेंद्र चौरसिया, संजय कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, बजरंग प्रसाद, विनोद कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार व दीपरंजन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# गडहनी बिडिओ ने किया विभिन्न विद्यालयो का निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



गडहनी। जिला पदाधिकारी भोजपुर के निदेर्शानुसार गडहनी बिडिओ बीरेन्द्र कुमार द्वारा नगर पंचायत स्थित विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया।बिडिओ ने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय हिन्दी गडहनी शिक्षिका चम्पा कुमारी, मुक्ता कुमारी, नीलम कुमारी, नीतू कुमारी, पुनम कुमारी, प्रियंका कुमारी शिक्षक जितेन्द्र सिंह, विश्वनाथ प्रसाद, मो० महफूज आलम, प्राथमिक विद्यालय महाबीर गंज मे शिक्षिका सुषमा कुमारी, नीतू कुमारी मिश्रा, शिक्षक अजय कुमार प्रसाद, विनय कुमार सिंह, मो० फिरोज अख्तर, न्यू प्राथमिक विद्यालय उतरपट्टी गडहनी मे प्रधानाध्यापक संतोष कुमार पाण्डेय एवं मंजू कुमारी तथा प्राथमिक विद्यालय देवढी मे प्रधानाध्यापक अक्षय कुमार सिंह, कृष्ण कुमार राम, नीतू देवी, संध्या कुमारी निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये।इन सभी का एक दिन का वेतन काटा गया साथ ही स्पष्टीकरण किया गया है।उन्होने कहा कि स्पष्टीकरण संतोषजनक नही होने पर अनुशासनिक कारवाई की जायेगी।

# नगर प्रखंड मे खाध दुकान का निरक्षण मे दिए निर्देश बीडीओ

प्रात: किरण संवाददाता




गया। गया मे आज नगर प्रखंड मे जिला पदाधिकारी महोदय गया के आदेश पत्रांक 4744/गोङ्क के आलोक में नगर प्रखण्ड मे आने वाले विभिन्न पंचायत में अवस्थित उर्वरक दुकानों की जांच की गई है जिसके बारे मे लोगो से पुछा भी गया है जो नगर प्रखंड के ग्राम पंचायत कंडी, रसलपुर ,बारा, मदन बीघा चाकन्द में अवस्थित उर्वरक दुकानों की जांच की गई हैउस इलाके के स्थानीय किसानों से इस संबंध में पूछताछ की गई एवं दुकानदारों से भी किसान को नियमित रूप से उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया है ।इस दौरान एक दुकान बंद पाया गया है और दो दुकान में उर्वरक की उपलब्धता नही पाई गई है। और कंडी गाव मे नगर प्रखंड विकास पदाधिकारी बलवंत कुमार पाण्डेय को बिजली की समस्या से अवगत कराए गया है। इस निरक्षण मे वलवंत कुमार पाण्डेय और अधिकारी गण उपस्थित थे।

# 47 हजार से अधिक कांवडिया बैधनाथ धाम रवाना

प्रात: किरण, संवाददाता



सुलतानगंज (भागलपुर)। गंगा का जलस्तर बढने से मंदिर प्रागण जल मग्न होता दिखाई दे रहा हैं। कांवडियों में उत्तरवाहिनी गंगा मे स्नान करने में आत्मविभोर व काफी प्रसन्न दिख रहे हैं।बाबा भोलेनाथ के जयकारों लगाते हुये गंगा स्नान करते हुये कांवड़िया बाबा भोलेनाथ कि पुजा अर्चना कर गंगा जल लेकर देवघर 105 किलोमीटर के कठिन पथ पर यात्रा करने निकल पड़े हैं। इस यात्रा को ज्यादा तर कांवड़िया पैदल यात्रा पर चल पड़े हैं तो वही कुछ कांवड़िया बस व अपने निजी वाहन से बाबा धाम यात्रा पर चल पड़े हैं। वहीं सरकारी आंकड़ों के अनुसार डाक बम 876 पुरुष, महिला डाक बम कांवड़िया के रूप में शामिल है, तो वही 12 समान्य कांवड़िया ने भाग लिया है। टोटल औसत 46398 ,कुल कांवड़िया जबकि 47268 कांवड़िया अजगैबीनाथ धाम के उत्तरवाहिनी गंगा जल लेकर देवघर के लिये रवाना हुये हैं। पूरा क्षेत्र बोल बम व बाबा भोलेनाथ के जयकारों गुंजयमान हो गया है। मेले को लेकर जिला प्रशासन के जारी निर्देश पर गंगा घाट सहित कच्ची कांवडि ा पथ मे कांवड़ियों कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर जगह जगह बेरिकेटिंग व पुलिस पदाधिकारी व जवानों की तैनाती के साथ साथ पदाधिकारियों द्वारा की कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई है। इस दौरान कांवड़ियों को कोई परेशानी न हो इसके लिये विभाग द्वारा नियुक्त अधिकारी व स्थानीय प्रशासन को कड़े निर्देश देते हुये। मेले क्षेत्र का ससमय साफ सफाई व कांवड़िया की सुरक्षा को लेकर गंगा घाटों मे गंगा का जल स्तर बढने से बेरिकेटिंग की व्यवस्था के साथ साथ गंगा नदी में 24 घंटे एसडीआरएफ कि टिम तैनाती की गई है।

**हृदय गति रुक जाने से डाक कांवड़िया की हुई मौत:** तेघड़ा फौल के समीप हृदय गति रुक जाने से एक डाक कांवड़िया की मौत हो गई ।मृतक डाकबम कांवड़िया की पहचान खगड़िया जिले के परबत्ता थाना क्षेत्र के बड़ी मलिया गांव निवासी 35 वर्षीय विजय कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाबत बताया जा रहा है कि डाक कांवड़िया विजय अपने भाई संजय और भतीजा आशीष के साथ गंगाजल भरकर डाक बम के रूप में देवघर के लिए प्रस्थान किया था तभी कच्ची कांवड़िया पथ के तेघड़ा फौल के समीप उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। जहां पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर नोडल अधिकारी बीडीओ मनोज कुमार मुर्मू, सीओ शंभू शरण राय, थाना प्रभारी लाल बहादुर व कोतवाली थाना अध्यक्ष सह मेला प्रभारी रामप्रीत कुमार मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए संबंधित परिजनों को सूचना देने में जुट गये हैं।

# आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी गई जानकारी

प्रात: किरण, संवाददाता

सबौर (भागलपुर)। स्थापना दिवस के मौके पर राज्य के कृषि मंत्री द्वारा पीजी छात्राओं के लिए छात्रावास, केंद्रीय पुस्तकालय, केंद्रीय विद्यालय का उद्घाटन मंत्री के द्वारा किया जाएगा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय मैं तेरावा स्थापना दिवस के मौके पर राज्य के कृषि मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा सह-पोशक अनाजों की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय वैज्ञानिक कृषि पदाधिकारी समागम का आयोजन का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा कृषि मंत्री द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के परिषद में कई कार्यक्रमों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। उक्त जानकारी बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुण कुमार सिंह ने अपने कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कुलपति डॉ. सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति को जारी करते हुए विश्वविद्यालय की ओर से स्कूल जॉब आउट के लिए रोजगार पर सर्टिफिकेट कोर्स जैसे स्वाइस्वाइल टेस्टिंग, कमर्शियल, हॉर्टिकल्चर एंड नर्सरी मैनेजमेंट एवं प्रोग्रेसिंग ऑफ फ्रूट वेजिटेरियन व स्पाइसेज को चिन्हित किया गया है,उन्होंने बताया कि इन कोर्सो का संचालित विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के मौके पर किसानों को खेती में दोगुना करने के लिए वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के बीच विशेष जानकारी साझा करेंगे साथ ही वैज्ञानिक द्वारा बीमार मिट्टी के बारे में भी बताया जाएगा और फसलों में लगने वाले कीड़ो से कैसे फसलों को बचाया जा सकता है।

# हरिहरपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र का डीएम ने किया निरीक्षण

हाजीपुर संवाददाता



डीएम यशपाल मीणा के द्वारा हाजीपुर प्रखंड के हरिहरपुर में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण किया गया एवं सम्पूर्ण परिसर का भ्रमण कर एक-एक कार्य की जानकारी प्राप्त की गयी। केन्द्र पर उपस्थित वरीय वैज्ञानिक के द्वारा वहाँ पर किये जा रहे कार्यो की जानकारी डीएम को उपलब्ध करायी गयी।डीएम पहले मिट्टी जाँच केन्द्र गये और वहाँ के जाँच प्रक्रिया की तकनीकी जानकारी ली। वहाँ पर बताया गया कि प्रत्येक प्रखंड के पाँच पंचायतों की मिट्टी का नमूना संग्रहण कर उसका जाँच किया जाता है। यहाँ पर कोयल पक्षी के सम्बर्द्धन के लिए कोयल विकास परियोजना का अवलोकन किया गया। बताया गया कि लगभग 2500 रूपया में इसका यूनिट तैयार हो जाता है जिसमें 10 से 15 चूजें होते हैं। विज्ञान केन्द्र के परिसर में लगाये गये औषधीय एवं अन्य दूसरे महत्वपूर्ण पौधों के बारे में बताया गया । यहाँ पर मधुमक्खी पालन, केचुआ उत्पादन इकाई एवं बटेर प्रदर्शनी इकाई का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी कक्ष में हस्तकला के बारे में जानकारी दी गयी। केले के रेशे से तैयार सामाग्रियों को भी दिखाया गया और इसके लिए जीविका दीदी को दी जा रही प्रशिक्षण के बारे में बताया गया ।दरअसल डीएम के द्वारा एक जिला-एक उत्पाद के तहत वैशाली जिला में केले के विकास और इसके रेशे से बनने वाले उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए जीविका दीदीयों को कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से प्रशिक्षण देने का निदेश पूर्व में दिया गया था। डीएम ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जीविका दीदीयों से मिलकर उनके द्वारा अभी तक क्या-क्या सीखा गया की जानकारी ली गयी। डीएम ने कहा कि इस व्यवसाय में बहुत संभावनाएँ है। अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कर इस क्षेत्र में बेहतर करें। इसको लेकर डीएम के द्वारा शुभ कामना भी दी गयी। डीएम ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं जीविका दिदियों की सूची उनके मोबाईल नं0 के साथ बना ली जाय। यहाँ पर शेड का निर्माण कराने तथा भवन के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव देने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया ताकि उस प्रस्ताव के आलोक में विभाग से वार्ता कर यह कार्य करायी जा सके।

# आगामी 7 अगस्त को विशाल प्रतिरोध मार्च का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। जिला राष्ट्रीय जनता दल भागलपुर द्वारा आगामी 7 अगस्त को प्रदेश के नेतृत्व में निदेर्शानुसार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, सुखाड़, बाढ़ आदि जैसे मुद्दों को लेकर राजद सहित महागठबंधन का विशाल प्रतिरोध मार्च राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव जी के नेतृत्व में भागलपुर अम्बेडकर चौक (स्टेशन चौक) से जिला मुख्यालय तक प्रतिरोध मार्च निकाला जाएगा।उक्त जानकारी राष्ट्रीय जनता दल के युवा नेता सह जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद यादव ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही है।

# विभिन्न कॉलेजों में एबीवीपी ने किया छात्र संवाद एवं समस्या संकलन

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में व्याप्त अराजकताओं को लेकर लगातार कैंपस कर छात्र छात्राओं को जागरूक करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसी क्रम में अभाविप द्वारा टीएनबी,मारवाड़ी, बीएलएस, जीबी कॉलेज सहित जिले भर के अन्य कॉलेज कैंपस और छात्रावास में जाकर छात्र संवाद किया और समस्या संग्लन किया है।

छात्रों ने विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी समस्या कुलपति की अनुपस्थिति को बताया है। मारवाड़ी कॉलेज में महिला छात्रावास बनने के बावजूद काफी दिनों से बंद पड़ा है। टीएनबी कॉलेज छात्रावास की स्थिति दयनीय हो चुकी है, तो वहीं बीएन कॉलेज में छात्र छात्राओं को पेय जल तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वही दूसरी ओर नौगछिया के कॉलेजों में छात्रों ने शिक्षकों की कमी को गिनाया एवं कक्षा नियमित नहीं होने की भी जानकारी देते हुए समस्या विश्व विद्यालय समस्या को लेकर राज्य व केंद्रीय सरकार को की उदासीन बताया है। छात्र संवाद में आदित्य राज,गौतम साहु,सुंदरम सिंह,कपिस शर्मा,सत्यम झा,शिवम झा, सत्या शर्मा,रोहित राज सहित अन्य छात्र उपस्थित थे।

# महंगाई के विरुद्ध विपक्ष के विरोध यात्रा का कोई औचित्य नहीं : उमेश कुशवाहा

- प्रदेश में खुदरा महंगाई दर आरबीआई की गाईड लाईन से भी रही है काफी कम

पटना, प्रात : किरण

जनता दल यूनाईटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने विपक्ष द्वारा महंगाई के विरुद्ध निकाले जाने वाले विरोध यात्रा पर तंज कसा है। श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व एवं आर्थिक सुव्यवस्था के फलस्वरूप बिहार में खुदरा महंगाई दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम है,वैसी स्थिति में बिहार में इस विरोध यात्रा का कोई औचित्य ही नहीं है। श्री कुशवाहा ने कहा कि आरबीआई ने खुदरा महंगाई दर की अधिकतम सीमा 6 प्रतिशत तय की थी जिसका पालन करने में बिहार पूरे तौर पर कामयाब रहा है। जून 2022 में बिहार में खुदरा महंगाई दर मात्र 4.68 प्रतिशत रहीस जबकि इसी कालावधि में देश के अन्य विकसित प्रदेशों में खुदरा महंगाई दर 7 से 10 प्रतिशत तक थीस लैंड लाक्ड और भूगर्भीय



संपदा रहित प्रदेश होने के बावजूद बिहार का यह प्रदर्शन काबिले तारीफ है परन्तु दुर्भाग्य से विपक्ष विरोध करने के क्रम में बिहारी अस्मिता और यहाँ के किसानों, कामगारों, युवाओं एवं व्यवसायिओं के मेहनत और उनकी ईमानदारी पर भी भरोसा नही रखते। उनसे सरकार के प्रयासों को सराहने की उम्मीद रखना ही अपने आप में बेमानी है। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि जब देश में खुदरा महंगाई दर 7.01 प्रतिशत रही तो वहीं बिहार में मात्र 4.68 प्रतिशत एक बड़ी उपलब्धी हैस दूसरी ओर दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भी खुदरा महंगाई दर बिहार से ज्यादा रही है। तेलंगाना में यह 10ः से अधिक, आंध्रप्रदेश व हरियाणा में 8ः से अधिक जबकि महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और बंगाल में खुदरा महंगाई दर 7ः से ज्यादा रही है। विभिन्न कारणों से महंगाई वर्तमान समय में एक वैश्विक समस्या बन चुकी है फिर भी बिहार का प्रदर्शन शानदार रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री के लिए बिहार के लोगों की खुशहाली शुरू से ही सर्वोपरि रही है।

# राज्य सरकार आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का करा रही इलाज

- मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से इलाज कराने को दी जा रही आर्थिक सहायता
- न्यूनतम 20 हजार और अधिकतम 5 लाख रुपये देने का प्रावधान
- प्रदेश के समेत दूसरे प्रदेशों में भी इलाज कराने पर मिलता है सरकारी अनुदान

पटना, प्रात : किरण

राज्य सरकार गंभीर रोगों से पीड़ित गरीब मरीजों को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष के माध्यम से इलाज करा रही है। इस कोष से 14 असाध्य बीमारियों के इलाज में सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। प्रदेश के अलावा प्रदेश के बाहर इलाज कराने पर भी कोष से सहायत दी जाती है। गरीब मरीजों को इलाज कराने के लिए 20 हजार रुपये से लेकर 5 लाख रुपये तक की सहायता दी जाती है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष कमेटी की अनुशंसा पर सूची में शामिल 14 बीमारियों के अलावा भी अन्य दूसरी बीमारियों के इलाज के लिये सरकार की तरफ से एक लाख रुपये की सहायता देने का प्रावधान है। सालाना 2.5 लाख से कम आय वाले तथा प्रदेश के सरकारी और सीजीएचएस से मान्यता प्राप्त अस्पताल में इलाज कराने वाले रोगी को ही सहायता दी जाती है। इन अस्पताल से इलाज के दूसरे प्रदेश में रेफर करने वाले रोगी को भी सहायता दी जाती है। हृदय रोग, कैंसर, कुल्हा रिप्लेसमेंट, घुटना रिप्लेसमेंट, नस रोग, एसिड अटैक से जख्मी, बोन मेरौ ट्रांसप्लान्ट, एड्स, हेपेटाइटिस, कोकिलेर इम्प्लांट, ट्रांस जेंडर सर्जरी नेत्र रोग समेत चौदह तरह की बीमारियों के इलाज के लिए सरकारी सहायता दी जाती है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में आर्थिक सहायता के लिए 13155 आवेदन आये, जिसमें से 11180 आवेदन स्वीकृत किये गए। इसके लिए सरकार की तरफ से 93 करोड़ 63 लाख 2500 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। पिछले वित्तीय वर्ष में अप्रैल से लेकर सितम्बर तक 8583 आवेदन आये, जिसमें से स्वीकृत 7342 मरीजों के इलाज मद में 65 करोड़ 30 लाख 38 हजार रुपये की मंजूरी प्रदान की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### अरुणाचल प्रदेश में बिहारी मजदूरों की मौत पर तारकिशोर प्रसाद ने जताया शोक

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने अरुणाचल प्रदेश के करदाबी के पालन में चट्टान गिरने से हुई बिहारी मजदूरों की मृत्यु पर दुःख जताते हुए गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत हृदय विदारक है। बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपया अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। बिहार के स्थानिक आयुक्त अरुणाचल प्रदेश प्रशासन से निरंतर संपर्क में है। दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज के निर्देश दिए गए हैं। सरकार हर संभव मदद करेगी। उपमुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने तथा घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

### रालोजपा ने समस्तीपुर जिला कमिटी को भंग किया

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि पार्टी के प्रधान महासचिव केशव सिंह के निदेशार्नुसार राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी समस्तीपुर जिला कमिटी को गुरुवार से तत्काल प्रभाव से पूरी कमिटी को भंग किया जाता है। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि जल्द ही पुनः समस्तीपुर जिला कमिटी का गठन कर लिया जायेगा।

### विपक्ष का काम सरकार के खिलाफ प्रोपेगैंडा करना है : निखिल आनंद

पटना। भाजपा प्रवक्ता भाजपा प्रवक्ता निखिल आनंद ने विपक्ष पर तंज कसा है। कहा कि विपक्ष ने सार्थक संवाद के लिए सदन का वक्त हमेशा बर्बाद किया है और अब सड़क पर उतर रहे हैं तो जाहिर है इनका मकसद सिर्फ हंगामा खड़ा करना है सरकार के खिलाफ प्रोपेगैंडा करना है। निखिल आनंद ने कहा कि विपक्ष देशहित- समाजहित के मसलों पर सार्थक भूमिका निभाने में असफल रही है। इनका मकसद हकीकत में जनता के बीच भ्रम फैलाकर राजनीति करना है।

### बीपीएससी में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को केन्द्रीय मंत्री श्री पारस ने दी बधाई

पटना। बिहार पब्लिक कमीशन के 66वां टॉप टेन से लेकर सभी 685 उत्तीर्ण छात्रों के मिली नई जिम्मेवारी को लेकर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, भारत सरकार पशुपति कुमार पारस के अलावे पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री पारस ने कहा कि आपसभी उतीर्ण छात्र-छात्राओं को नई जिम्मेवारी मिली है इसे ईमानदारीपूर्वक गरीबों और जरूरतमंद लोगों की निस्वार्थ भावना से सेवा करते रहे और भविष्य में प्रदेश के अलावे देश की सेवा करें हमसबों की शुभकामना आपलोग के साथ है।

# सूबे में एनएच की पांच सड़कों पर 114 हॉट स्पॉट



- सभी पुलिस जिलों में बनेंगे ट्रैफिक थाना

पटना, प्रात : किरण

बिहार के सभी पुलिस जिलों में यातायात थाना होगा। वर्तमान में पटना समेत 12 जिलों में 15 यातायात थाना कार्यरत हैं। बाकी के 28 पुलिस जिलों में थाना के लिए भवन निर्माण का कार्य कराया जाना है। थाना सृजन को लेकर सरकार के स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। बिहार में एनएच की पांच सड़कों पर कुल सड़क दुर्घटना की पचास फीसदी घटनायें होती हैं। राष्ट्रीय राजमार्ज की बिहार से गुजरने वाली 1400 किमी में कुल 114 हॉट स्पॉट चिन्हित किये गये हैं। यातायात थाना की भूमि की उपलब्धता के लिए पुलिस महानिरीक्षक यातायात को प्रस्ताव तैयार करने का जिम्मा दिया गया है। गृह -परिवहन विभाग के अधिकारियों के बीच 25-26 जुलाई को हुई बैठक में सड़क जाम की समस्या एवं सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में परिवहन आयुक्त, पथ निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में यातायात थाना निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिलों के डीएम एवं पुलिस अधीक्षक को भूमि उपलब्ध कराने में मदद करने को कहा गया है।पटना जिला में जब्त लावारिस वाहनों के रखरखाव के लिए 20 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। पुलिस महा निरीक्षक ट्रैफिक को प्रस्ताव तैयार करना है कि उस भूमि का सर्वाधिक उपयोग कैसे हो। पटना सिविल कोर्ट में पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो रही है। ऐसे में पटना नगर निगम से कहा गया है कि वह पटना व्यवहार न्यायालय के समीप गंगा नदी के किनारे उपलब्ध भूमि पर पार्किंग की व्यवस्थाको लेकर योजना तैयार करे

### 100 किमी एनएच पर 114 हॉट स्पॉट

सड़क सुरक्षा की मीटिंग में यह बात सामने आई है कि बिहार में जितनी सड़क दुर्घटनाएं होती हैं उनमें पचास फीसदी घटनाएं बिहार से गुजरने वाली पांच राष्ट्रीय राजमार्गों पर होती है। ये राजमार्ग हैं- एनएच-2,28,30,31 और 57. इन सड़कों की बिहार में कुल लंबाई 1400 किमी है। इनमें 114 हॉट स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। यानी 1400 जगहों पर सर्वाधिक सड़क दुर्घटनायें होती हैं। 25-26 जुलाई को आयोजित सड़क सुरक्षा की बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन की गति नियंत्रित करने एवं सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से कई निर्णय लिए गए हैं। जिसे अमलीजामा पहनाने का जिम्मा ट्रैफिक पुलिस,पथ निर्माण और परिवहन विभाग को दिया गया है।

# लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

- डीएम ने जिला प्रोग्राम कार्यालय का किया निरीक्षण
- लक्षित वर्गों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का डीएम ने दिया निदेश

पटना, प्रात : किरण

पटना के जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने गुरुवार को जिला प्रोग्राम कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति की जांच की तथा उनके दायित्वों एवं कार्यों की जानकारी ली।

डीएम डॉ. सिंह ने पटना जिला अन्तर्गत बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों की स्थापना की समीक्षा की। जिला अंतर्गत कुल 23 बाल विकास परियोजना संचालित है। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि बख्तियारपुर-बेलछी महत्वपूर्ण परियोजना है।विभागीय पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं रहने के कारण अतिरिक्त प्रभार देकर कार्यों का संचालन किया जा रहा है। इतने महत्वपूर्ण परियोजना के कार्यों के सुचारू रूप से संचालन हेतु बाल विकास



पदाधिकारी का नियमित पदस्थापन आवश्यक है। उन्होंने शीघ्र पदस्थापन हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र उपस्थापित करने का निदेश दिया ताकि विभाग से अनुरोध किया जा सके। जिला अंतर्गत कुल 23 परियोजनाओं में स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या 5261 है एवं कार्यरत आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या 5121 है। स्वीकृत आंगनबाड़ी सेविकाओं की संख्या 5261 है एवं कार्यरत आंगनबाड़ी सेविका की संख्या 5012 है। रिक्ति 249 है। स्वीकृत आंगनबाड़ी सहायिका की संख्या 5023 है एवं कार्यरत सहायिका की संख्या 4667 है। रिक्ति 356 है। डीएम डॉ. सिंह ने नयी मार्गदर्शिका आने के बाद विशेष अभियान चलाकर सेविका-सहायिका के रिक्त पदों पर बहाली प्रक्रिया शुरू करने का निदेश दिया। पटना जिला में महिला पर्यवेक्षिकाओं के स्वीकृत पदों की संख्या 198 है। डीएम डॉ. सिंह ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को रिक्तियों के विरूद्ध नियोजन हेतु सरकार द्वारा निर्धारित दिशा निदेशों के अनुरूप प्रक्रिया शुरू करने का निदेश दिया। उन्होंने महिला पर्यवेक्षिका के रिक्त पदों पर प्रोन्नति से बहाली होने वाले पदों की संख्या के अनुरूप रोस्टर अनुमोदित कराकर आवेदन प्राप्त करने का निदेश दिया। डीएम डॉ. सिंह ने निदेश दिया कि जो भी कर्मी तीन साल से अधिक समय से एक ही जगह पदस्थापित हैं उनका सरकार की स्थानांतरण नीति के आलोक में स्थानांतरण हेतु प्रस्ताव उपस्थापित करें। डीएम डॉ. सिंह ने सभी नियमित कर्मियों का सेवापुस्त अद्यतन सत्यापित करने का निदेश दिया। उन्होंने अवकाश लेखा को अद्यतन करने का निदेश दिया। कार्यालय में सभी संविदा कर्मियों का सेवा अभिलेख संधारित नहीं था। डीएम डॉ. सिंह द्वारा इसपर अप्रसन्नता एवं नाराजगी व्यक्त करते हुए दो सप्ताह के अंदर सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र के आलोक में सभी संविदा कर्मियों का सेवा अभिलेख खोलने का निदेश दिया गया। डीएम डॉ. सिंह ने आगत निर्गत पंजी का समुचित ढंग से रख-रखाव करने का निदेश दिया। उन्होंने कर्म पुस्तिका में मासिक लेखा संधारित करने का निदेश दिया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जिला प्रोग्राम कार्यालय, पटना में सेवान्त लाभ से संबंधित कोई मामला लंबित नहीं है। इस कार्यालय में अनुक्रमणी पंजी, स्थायी भंडार पंजी, अस्थायी भंडार पंजी, रेमिटांस पंजी, आकस्मिकता पंजी, अग्रिम पंजी, विपत्र पंजी, अभिश्रव पंजी, आवंटन पंजी वेतन भुगतान पंजीस वपत्र पंजी, बैंक पंजी सहित सभी पंजी संधारित है।

# प्रदेश के डेढ़ करोड़ घरों में फहराया जाएगा तिरंगा

## आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर झंडा कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय झंडा फहराया जाएगा

पटना, प्रात : किरण

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर झंडा कार्यक्रम के तहत राज्य में डेढ़ करोड़ घरों में राष्ट्रीय झंडा फहराया जाएगा। इसे लेकर कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में मुख्य सचिव के साथ राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ बुधवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि डेढ़ करोड़ परिवारों में राष्ट्रीय झंडा फहराने का लक्ष्य है। जिलों में जीविका दीदियां तिरंगा तैयार करने की तैयारी है। सहकारिता विभाग की ओर से बताया गया कि झंडा निर्माण कार्य बुनकर सहकारी समितियों के माध्यम से आरंभ किया जा चुका है, जिसे जिलों में खरीदा जा सकता है, जबकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा और एएनएम के माध्यम से झंडा फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि पुलिस विभाग सभी थानों, ओपी चेक प्वाइंट पर बैनर पोस्टर लगाकर झंडा फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया



गया है। साथ ही पुलिसकर्मी अपने अपने घरों में झंडा फहराने के कार्य को सफल करेंगे। शिक्षा विभाग की तरफ से सरकारी स्कूलों, कॉलेज, प्राइवेट स्कूलों कॉलेज में झंडा फहराने का कार्य सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। वहीं समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों पर झंडा फहराया जाएगा और प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता झंडा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करने का कार्य करेंगे। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से डीएफओ कार्यालय, रेंज कार्यालय एवं उनके अधीनस्थ सभी कार्यालयों में और कर्मी अपने अपने घरों में झंडा फहराने को कहा गया है। जबकि पर्यटन विभाग की ओर से सभी पर्यटन स्थलों पर झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके लिए प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक सोशल मीडिया पर अभियान भी चलाया जाएगा। पंचायती राज विभाग की ओर से सभी पंचायतों में झंडोत्तोलन का कार्य कराया जाएगा। साथियों पंचायत स्तर पर क्रय विक्रय केंद्र के रूप में स्थापित कर ग्रामीणों को झंडा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वहीं कृषि विभाग किसान सलाहकार समिति के माध्यम से ग्रामीणों को झंडा करके अपने-अपने घरों में झंडा फहराने के लिए जागरूक किया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ' हर घर तिरंगा कार्यक्रम को ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार का कार्य करेगा। एनएसएस के वालंटियर 10-10 घरों में जाकर झंडा खरीद कर फहराने लिए प्रेरित करेंगे। जबकि खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग द्वारा भी 10- 10 घरों में जाकर झंडा खरीद कर फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह भी जानकारी दी गई कि हर एक विभाग में कार्यरत कर्मी 10-10 घरों में झंडा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक एक राष्ट्रीय पर्व की तरह मनाएंगे। बैठक में गृह विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पर्यटन विभाग, पंचायती राज विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, परियोजना निदेशक मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, निदेशक जीविका और आयुष्मान भारत के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# तिरंगा अभियान से भारत को बल देने का काम कर रहे प्रधानमंत्री : अरविन्द

पटना, प्रात : किरण

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर घर तिरंगा अभियान के जरिए अपने राष्ट्र के प्रति लोगों को एक साथ एकजुट होकर देश के प्रति अपनी भावना एवं समर्पण को प्रकट करने का ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व मौका देकर एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने का काम कर रहे हैं।

जब सभी लोग एक साथ एकजुट होकर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएंगे एवं अपने सोशल मीडिया अकाउंट की प्रोफाइल तस्वीर के रूप में तिरंगे को लगाएंगे तो इससे पूरे विश्व में अपने देश की एकता अखंडता एवं मजबूती को पेश करेंगे साथ ही इससे हम अपने सैनिकों का देश के प्रति किए गए त्याग को आदर देने का काम करेंगे। साथ ही हर घर तिरंगा अभियान से हम आतंकवादियों एवं भारत का अहित चाहने वालों को भी अपने ताकत का एहसास करा सकेंगे कि भारत एकजुट है और एकजुटता के साथ देश का अहित चाहने वालों को



मुंहतोड़ जवाब देना जानता है।

श्री अरविन्द ने कहा है कि इसलिए हम आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता सेनानियों की शौर्यगाथा का यशोगान करते हुए 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराने के लिए मोदी जी ने हर घर तिरंगा ह्य अभियान शुरू किया है।

तिरंगा देश को जोड़ने के साथ हमें राष्ट्र सेवा के लिए खुद को समर्पित करने हेतु प्रेरित करता है। आजादी का अमृत महोत्सव को जनआंदोलन बना कर दो से 15 अगस्त के बीच अपने सोशल मीडिया अकाउंट की ह्य प्रोफाइल ह्य तस्वीर के रूप में तिरंगा को लगाने का काम करें।

सभी राजनैतिक दल और हर एक भारतीय को चाहिए कि पक्ष विपक्ष, अपना पराया, और जाति मजहब के भेदभाव को भूलकर राष्ट्रभक्ति के अलखं जगाने के साथ हम तिरंगा को राष्ट्र एकता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक के रूप में अपने घरों पर लहराए और दुनिया को दिखाएं की हर भारतीय एक है, अनेकता में एकता और स्वालंबन हमारा मंत्र है।

वहीं दूसरी ओर केंद्र की संस्कृति मंत्रालय ने अपने फैसले में कहा है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन संचालित देश की सभी संरक्षित स्मारकों पर 5 से 15 अगस्त के बीच मुफ्त प्रवेश रहेगा। अपने आप में यह बड़ा फैसला है। यह उन पर्यटकों को आकर्षित करेगा जो भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन संचालित-संरक्षित स्मारकों का दीदार करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री अपनी दूरदर्शी सोच से देश को आत्मनिर्भर एवं हर घर तिरंगा अभियान से एक भारत श्रेष्ठ भारत को बल देते हुए राष्ट्रभक्ति जगाने के साथ भारत को विश्व गुरु बनाने का काम कर रहे हैं।

# अग्निपथ योजना : अक्टूबर महीने से दानापुर में शुरू होने जा रही बहाली

पटना। बिहार में अग्निपथ योजना के तहत सेना की भर्ती होने जा रही है। ये बहाली अक्टूबर महीने से दानापुर में शुरू होगी। 07 से 23 अक्टूबर तक होने वाली भर्ती कार्यालय दानापुर स्थित चांदमारी मैदान में की जायेगी। इस भर्ती रैली में महिला उम्मीदवारों को शामिल नहीं किया जाएगा। बता दें, बिहार के 7 जिले में ये भर्ती होगी। इन जिलों में पटना, बक्सर, भोजपुर, सीवान, सारण, गोपालगंज और वैशाली शामिल है। इस रैली में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन अप्लाई करना पड़ेगा। अक्टूबर के बाद उम्मीदवार पंजीकरण नहीं कर सकेंगे। बता दें,18 सितम्बर से अभ्यर्थियों के ईमेल पर एडमिट कार्ड भेजे जायेंगे। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड पर दी गई तिथि और बताये गये जगह पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। अगर आप इससे जुड़ी ज्यादा जानकारी चाहते हैं तो ऑफिसियल वेबसाइट पर कांटेक्ट कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय दानापुर के भर्ती निदेशक के मुताबिक बिहार के 7 जिले में ये भर्ती होने जा रही है।

# शराबबंदी कानून : 7 महीनों में 40 हजार से ज्यादा गिरफ्तारी

**पटना, प्रातः किरण।** राज्य में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद आए दिन शराब की बरामदगी होती है। इसको लेकर पुलिस की एंटी लिकर टास्क फोर्स ने आकड़े जारी किये हैं। जिसके मुताबिक, पिछले सात महीने में 40 हजार से ज्यादा शराब के धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। जनवरी से जुलाई तक शराबबंदी कानून के तहत पुलिस ने 52770 प्राथमिकी दर्ज की और 73413 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक, शराब के धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला स्तर पर एंटी लिकर टास्क फोर्स की 233 टीमों का गठन किया गया है। पुलिस की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 7 महीने में कुल 73413 गिरफ्तरियां की गई, जिसमें एएलटीएफ ने आधे से अधिक गिरफ्तारी की। एएलटीएफ द्वारा 7 महीनों में 40074 गिरफ्तारियां की गई। आंकड़े के अनुसार, एएलटीएफ के गठन से पहले वर्ष 2018, 2019, 2020 और 2021 में क्रमशः 4012, 4313, 3802 और 5522 एफआईआर दर्ज की गई थी. वहीं एएलटीएफ के गठन के बाद पिछले सात महीनों में 52770 मामले शराबबंदी कानून के उल्लंघन से जुड़े दर्ज किए गए।

**समाधान** जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ताओं के दरबार में परिवहन मंत्री शीला मंडल हुयीं शामिल

# सीएनजी एवं इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढाने पर सरकार का खास ध्यान : शिला मंडल

- पर्यावरण सुरक्षा के लिए पुराने वाहनों में सीएनजी किट लगाने के लिए आर्थिक सहायता भी दी जा रही है
- डीजल से चलने वाले वाहनों की संख्या में लगातार हो रही है कमी

पटना, प्रात : किरण

प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को कार्यकताओं के दरबार कार्यक्रम में परिवहन मंत्री शीला मंडल सम्मिलित हुयीं। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों की समस्याओं को सुन उनका समाधान किया। कार्यकर्ताओं के दरबार में मंत्री कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर सरकार का पूरा ध्यान सीएनजी एवं इलेक्ट्रिक बसों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी करने पर है। हमलोग पुराने वाहनों में सीएनजी किट लगाने के लिए आर्थिक सहायता भी दे रहे हैं। सरकार के प्रयासों से पटना में डीजल से चलने वाले वाहनों की संख्या में लगातार कमी भी आ रही है। श्रीमती मंडल ने जदयू में किसी गुट के सवाल पर कहा कि जदयू में एक नेता हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सभी उनके मार्गदर्शन में काम करते हैं उनके विरुद्ध बोलने वाला व्यक्ति जदयू का हो ही नहीं सकता। मुख्यमंत्री के काम से प्रभावित होकर रोज नए-नए लोग विशेषकर महिलायें पार्टी से जुड़ रही हैं। वीआईपी प्रमुख पूर्व मंत्री मुकेश सहनी द्वारा लगातार भाजपा पर हमला करने और मुख्यमंत्री की तारीफ करने के पीछे की राजनीति के संदर्भ में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कौन क्या



बोलते हैं यह उनका व्यक्तिगत मामला है। जनता क्या सोचती और बोलती है यही महत्वपूर्ण है। परिवहन मंत्री ने कहा कि हमलोग कई नए रूटों पर बहुत जल्द ही अंतरराज्यीय बस सेवा प्रारंभ करने जा रहे हैं। पर्यटकों एवं यात्रिओं की सुविधा के लिए जहाँ भी आवश्यकता होगी उन स्थानों पर बसें जरुर दी जायेंगी। जुगाड़ टेक्नोलॉजी से चल रही गाड़ियों को सड़क से हटाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस मामले को विभाग देखेगा और वैसी गाड़ियों के विरुद्ध न्यायसम्मत कारवायी भी होगी। उक्त अवसर पर मुख्यालय प्रभारी उपाध्यक्ष डॉ नवीन आर्य चन्द्रवंशी, महासचिव लोक प्रकाश सिंह, अरुण कुमार सिंह एवं सचिव वासुदेव कुशवाहा भी मौजूद रहे।

# पटना नगर निगम द्वारा स्वच्छ नाला रहने पर पदाधिकारियों को मिलेगा सम्मान

- शहर के स्वच्छ नालों के लिए साल में 3 बार आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता

पटना, प्रात : किरण

पटना नगर निगम द्वारा सभी अंचलों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सम्पूर्ण निगम क्षेत्र को वर्षा जल के जमाव से मुक्त रखने एवं नागरिकों को स्वच्छ परिवेश उपलब्ध कराने के लिए पटना नगर निगम द्वारा कई कार्य किए जा रहे है। शहर को स्वच्छ रखने में निगम क्षेत्रान्तर्गत नालों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि बड़े, मध्यम एवं छोटे नालों की सफाई एवं रख-रखाव उत्तम दर्जे का हो। इस उद्देश्य से पटना नगर निगम के सभी 06 अंचलों को नाले के सफाई कार्य वर्ष में 03 बार सफाई कराई जाती है। इन सफाई के आधार पर अब सभी अंचलों के बीच प्रतियोगिता भी आयोजित कि जाएगी। कर्मियों को प्रोत्साहन हेतु अब प्री मॉनसून, मॉनसून एवं पोस्ट मॉनसून सफाई के साथ वर्ष में 3 बार स्वच्छ नाला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्री मॉनसून स्वच्छ नाला प्रतियोगिता के लिए सर्वेक्षण की अवधि 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक होगी वहीं अंतिम प्रतिवेदन समर्पित करने की तिथि 28 अप्रैल होगी। मॉनसून स्वच्छ नाला प्रतियोगिता की सर्वेक्षण की अवधि 04 अगस्त से 09 अगस्त तक है, अंतिम प्रतिवेदन समर्पित करने की तिथि 12 अगस्त है। पोस्ट मॉनसून स्वच्छ नाला प्रतियोगिता के लिए सर्वेक्षण की अवधि 15 जनवरी से 20 जनवरी तक और अंतिम प्रतिवेदन 23 जनवरी तक जमा करना होगा। स्वच्छ नाला प्रतियोगिता के दो वर्ग होंगे, प्रथम वर्ग बड़ा नाला एवं द्वितीय वर्ग मध्यम एवं छोटे नाले। सभी अंचलों के बड़े नालों को एक वर्ग में एवं सभी अंचलों के मध्यम एवं छोटे नालों को दूसरे वर्ग में सर्वेक्षित किया जायेगा। गौरतलब है कि अंचलवार सर्वेक्षित नालों को प्राप्त अंक के योगफल के औसत अंक के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले अंचलों का चयन किया जायेगा। गौरतलब है कि 15 अगस्त के लिए सभी अंचलों में तैयारियां अंतिम चरण पर है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

**ई—निविदा सूचना सं. पूमरे—मुप्रअनि—उत्तर— ईटीएन—26—22—23.**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई—निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं: (1). कार्य का नाम :** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि०/उत्तर, पूर्व मध्य रेल के अधीन जयनगर—दरभंगा—नरकटियागंज—भिखनाथोरी अमान परिवर्तन परियोजना के रक्सौल—नरकटियागंज खण्ड में ब्लैंकेटिंग की आपूर्ति एवं फैलाने का कार्य तथा ब्लास्ट, पुल सं. 45, 54 एवं 62 के डायवर्जन पर बी.जी. ट्रैक की लिकिंग, पी. वे. मैटेरियल की ढुलाई, ट्रैक को तोड़ना एवं रिलिज मैटेरियल का चट्टा लगाना। **(2) कार्य का आकलित मूल्य:** रू. **9,75,45,167.42** **(3) कार्य का बिड सिक्यूरिटी :** रू. 6,37,700/— **(4) निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 24.08.2022, चौदह तीस बजे। **(5) वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि :** उपरोक्त ई—निविदा के ई—निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण/ उत्तर/ पूमरे/ महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। **द्रष्टव्य :** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई—निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / उत्तर / महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/0780/सीओएनएन/ईएनजीजी/टी/22-22/44

# समस्तीपुर जिला के प्रभारी सचिव ने की जिला स्तरीय विभिन्न विभागों की समीक्षा

## 266.50 रुपए में यूरिया किसानों को उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता**



समस्तीपुर समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में गुरुवार को समस्तीपुर जिला के प्रभारी सचिव जितेंद्र श्रीवास्तव (भाप्रसे) की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, लघु सिंचाई एवं वन प्रमंडल विभाग की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि धान आच्छादन 19 प्रतिशत जिले का प्राप्तांक रहा है।

डीएपी, एमओपी, एसएसपी, यूरिया उर्वरक किसानों के बीच वितरण कर दिया गया है। गन्ने की खेती की पैदावार इस बार कम हुई है। दलहन एवं तेलहन पैदावार के बारे में भी समीक्षा की गई। सारे बिंदुओं को समीक्षा उपरांत सचिव द्वारा जिला के कृषि के ग्राफ हेतु नाराजगी व्यक्त की गई एवं इस ओर विशेष रुप से ध्यान देने हेतु जिला अधिकारी को निर्देशित किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि आपके इस जिला और इस विभाग में आने से पहले की तुलना में विभाग को कितने प्रतिशत की प्रगति आपके द्वारा प्रदान की गई है, यह आपकी उपलब्धि व प्रोन्नति को प्रदर्शित करेगा। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा वितरण किए गए 6000 एमटी मिट्रिक टन उर्वरक का भौतिक सत्यापन प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी की सहायता से करवाने का निर्देश जिलाधिकारी को दिया गया एवं इसका अनुपालन करने हेतु जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। उर्वरक सरकारी रेट से किसानों को उपलब्ध हो जाए इसके लिए कठोर कदम उठाने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी की मदद व जिला कृषि पदाधिकारी की मदद से कार्य करने का निर्देश जिलाधिकारी को दिया गया। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि 266.50 रुपए में यूरिया किसानों को उपलब्ध कराने हेतु सभी सरकारी उर्वरक दुकानों पर अपने स्तर के सरकारी कर्मी, या चौकीदारों की उपस्थिति में खाद्य वितरण व बिक्री करवाया जाए।

इस हेतु जिलाधिकारी अपने स्तर से इसका मॉनिटरिंग करेंगे। जिला कृषि पदाधिकारी इसका शत-प्रतिशत अनुपालन करेंगे। लघु सिंचाई के कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि जिले में 309 नलकूप खराब होने के कारण बंद है, एवं 128 नलकूप चालू स्थिति में है।

नलकूपों के खराब स्थिति के मध्य नजर सचिव महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं कार्यपालक अभियंता को बंद नलकूप की सूची विद्युत के कार्यपालक अभियंता को उपलब्ध करा कर 10 दिनों के अंदर मरम्मत व रिपेयर कराने हेतु संयुक्त रूप से कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को दिया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत द्वारा बताया गया कि अभी हाल में लघु सिंचाई विभाग द्वारा खराब 24 नलकूपों की सूची विद्युत विभाग को दी गई थी। जिसे 2 दिनों के अंदर ही 23 नलकूप को मरम्मती कर चालू करवा दिया गया है। लघु सिंचाई विभाग अंतर्गत पाए गए 11 विद्युत दोष व 155 संयुक्त दोष को कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई एवं कार्यपालक अभियंता विद्युत संयुक्त रुप से आपसी सामंजस्य कर खत्म करने हेतु (5 दिनों के अंदर) निर्देशित किया गया। खेत की चौहद्दी के कम से कम 2 बाउंड्री रैयतों का निशान या हस्ताक्षर लेकर ही डीजल अनुदान हेतु आवेदन स्वीकृत करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। वन रक्षी या फॉरेस्ट गार्ड की सहायता से अनुमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर जिले में नीलगाय की संख्या काउंट करवाने का निर्देश जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, अपर समाहर्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी समस्तीपुर, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य प्रशाखा, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व प्रशाखा, विशेष कार्य पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल समस्तीपुर, रोसड़ा एवं दलसिंहसराय उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पिस्तौल के बल पर छात्र से लूटपाट की कोशिश

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत आरएनएआर कॉलेज स्थित कृष्णापुरी मोहल्ले में बुधवार की देर रात अपराधियों के द्वारा पिस्टल के बल पर एक छात्र से लूटपाट करने की कोशिश की गई। इस दौरान छात्र के हल्ला करने पर आसपास के लोगों के द्वारा एक अपराधी को दबोच लिया गया और अन्य अपराधी वहां से भाग निकलने में सफल रहे। मामले की सूचना मुफस्सिल थाने की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। इस दौरान लोगों के द्वारा पकड़े गए एक अपराधी को पुलिस पकड़कर थाने ले गई। बताया जाता है कि छात्र लाइब्रेरी से पढ़कर अपने डेरा जा रहा था, तभी दो बाइक से चार की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने एक देसी पिस्टल दिखा लड़के के साथ लूटपाट करना शुरू कर दिया। हो-हल्ला करने पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और एक अपराधी को दबोच लिया। वहीं अन्य अपराधी फरार हो गया। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### एसडीओ ने की मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्द व शांतिपूर्ण मनाने की अपील

रोसड़ा। सिंघिया थाना परिसर में बुधवार को एसडीओ ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें जनप्रतिनिधियों व सम्बन्धित समुदाय के अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। एसडीओ ने उपस्थित लोगों से मुहर्रम पर्व सादगी, शांति व सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाने की अपील किया। इससे पूर्व उन्होंने मुहर्रम जुलूस व उसके रूट चार्ट आदि की भी जानकारी स्थानीय लोगों व प्रशासन से ली। इस पर थानाध्यक्ष कृष्ण कांत मंडल से गंभीरतापूर्वक बातचीत की और पुलिस को पर्व के दौरान शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से भी शांति भंग करने वाले लोगों को चिन्हित करने में पुलिस को मदद करने की अपील किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख बिरजू साह, माहे पंचायत के मुखिया दिलीप सिंह, लिलहौल मुखिया राम प्रवेश साहू, मो अलीमुद्दीन, मो शौकत, लड्डू सिंह, शंभू साह, मो निजाम, मनोज झा, रामचंद्र प्रधान समेत कई लोग मौजूद थे।

### 10 लीटर देशी शराब जप्त एक नामजद

विभूतिपुर। विभूतिपुर थाना की पुलिस ने आलमपुर कोदरिया के रोहित कुमार उर्फ 56 महतो के घर से 10 लीटर देसी शराब जब्त किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सीके गौरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आलमपुर कोदरिया में पुलिस अपने दल-बल के साथ ठिकाने पर छापा देकर रोहित कुमार के घर से 2 गैलन में 10 लीटर देसी शराब बरामद किया है तथा रोहित कुमार को शराब कारोबार करने के आरोप में नामजद किया है।

# रंगकर्मी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता**



विभूतिपुर प्रखंड के साख मोहन में जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा द्वारा हमारी सांस्कृतिक मोर्चा के संस्थापक नेता मशहूर रंगकर्मी श्री नारायण सिंह बाबा के निधन के उपरांत उनके श्राद्ध कर्म पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन अमृत महेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम वहां उपस्थित लोगों द्वारा उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा के बिहार राज्य अध्यक्ष कॉ अशोक मिश्रा ने कहां बाबा एक उच्च स्तर के रंगकर्मी थे जो एक शिक्षक रहते हुए भी जिस गांव में कार्यरत रहे वहां ही नाटक का एक टीम तैयार कर लेते थे और समसामयिक राजनीतिक सामाजिक घटनाक्रम पर अपने गीत एवं सामायिक नाटक का मंचन करते हुए जनता को संघर्ष के रास्ते आगे बढ़ने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करते रहे उन्होंने अपने जीवन काल में अपने प्रखंड के अलावा जिले के अन्य प्रखंडों में एवं समस्तीपुर जिला के अलावा बिहार के दर्जनों जिले में नाटकों का मंचन उनके निर्देशन में किया गया जिससे हजारों की भीड़ आकर्षित होकर के देखने के लिए जमा होती थी।

बाबा के कृतित्व को और उनके व्यवहार कुशलता तथा संगठन तैयार करने की अपार क्षमता को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता वह एक महान रंगकर्मी थे उन्होंने सैकड़ों लोगों को मार्क्सवादी विचारों से लेंस करते हुए उनके जीवन शैली में भारी बदलाव किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम का सीपीआईएम जिला मंत्री रामाश्रय महतो, जनवादी लेखक संघ के राज्य कमेटी के संयुक्त सचिव मुजफ्फर इमाम, रामदयाल भारती, मनोज कुमार गुप्ता, उपेंद्र राय, रघुनाथ राय, सत्य नारायण सिंह, रामचंद्र राय, प्रकाश यादव, रामदेव राय, आदि ने संबोधित करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करते हुए संघर्षों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# गैस वेंडर की गोली मारकर हत्या मामले का खुलासा, देसी कट्टा के साथ तीन गिरफ्तार

**समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता**



पुलिस ने बीते 30 जुलाई को मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में हुई गैस वेंडर की गोली मारकर हुई हत्या मामले का गुरुवार को उद्भेदन कर दिया। इसकी जानकारी समस्तीपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सदर डीएसपी मो० एसएच फकरी ने दी। उन्होंने बताया कि बीते दिनों सरायरंजन और ताजपुर थाना क्षेत्र में हुई लूट और रंगदारी की घटना एवं मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में बीते 30 जुलाई को को हुई गैस वेंडर की गोली मारकर हत्या के उद्भेदन तथा इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी समस्तीपुर एसपी के निर्देश पर सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में 3 अगस्त को एसआईटी को गुप्त सूचना मिली कि हत्या, लूट एवं रंगदारी के कई कांड में संलिप्त अपराध कर्मी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मोरवा से गंगापुर की ओर आ रहे हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर एसआईटी के द्वारा गंगापुर चौक पर सघन वाहन चेकिंग अभियान किया जा रहा था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध पुलिस को वाहन चेकिंग अभियान चलाते देख भागने का प्रयास करने लगे। जिसे एसआईटी के द्वारा तत्परता के साथ दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और एक गोली तथा 7 मोबाइल, दो लैपटॉप एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। बताया गया कि बरामद किए गए मोबाइलों में दो मोबाइल लूटा हुआ था और दो मोबाइल रंगदारी की मांग में प्रयोग किया जाता था। पुलिस के अनुसार विस्तृत पूछताछ में गिरफ्तार अपराध कर्मियों ने मुसरीघरारी, सरायरंजन और ताजपुर थाने में दर्ज कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। गिरफ्तार अपराध कर्मियों की पहचान सरायरंजन थाना क्षेत्र के जितवारपुर कुम्हिरा निवासी छोटेलाल शर्मा के पुत्र देवेंद्र कुमार शर्मा उर्फ ननकी और नरघोघी टोला खरबन निवासी सुदिष्ट चौरसिया के पुत्र आलोक कुमार एवं मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के मोरवा रायटोली निवासी राम शकल राय के पुत्र अजीत कुमार उर्फ सन्नी के रूप में हुई है। एसआईटी में सदर डीएसपी मो० एसएच फकरी, मुसरीघरारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार, सरायरंजन थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल, ताजपुर थानाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह, बंगरा एनएच थानाध्यक्ष संजीव कुमार तथा सरायरंजन और मुसरीघरारी एवं डीईआईयू समस्तीपुर पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# सिंचाई के लिए डीजल अनुदान को ऑनलाइन आवेदन शुरू

**रोसड़ा, प्रात : किरण संवाददाता**

खरीफ मौसम के फसलों में अल्पवृष्टि के कारण सुखाड़ जैसी स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने किसानों को फसल सिंचाई के लिए डीजल अनुदान दे रही है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है। उक्त जानकारी बुधवार को बीडीओ पंकज कुमार शक्तिधर ने दी। उन्होंने बताया कि सिंचाई के लिए क्रय किये गए डीजल पर 60 रुपए प्रति लीटर की दर से 600रुपए प्रति एकड़ धान का बिचड़ा के लिए अधिकतम 2 सिंचाई के लिए यानि 1200 रुपए प्रति एकड़ व खड़ी फसल में धान, मक्का एवं अन्य खरीफ फसल जैसे दलहनी, तेलहनी, सब्जी आदि के अधिकतम 3 सिंचाई के लिए 1800 रुपए प्रति एकड़ दिया जाएगा। यह लाभ डीबीटी पोर्टल में ऑनलाइन पंजीकृत किसानों को ही दिया जाएगा। प्रति किसान अधिकतम 8 एकड़ के लिए अनुदान देय होगा। डीजल अनुदान प्राप्ति के आवेदन करने के लिए डीबीटी एग्रीकल्चर बिहार गवर्नमेंट के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

इस वेबसाइट पर आवेदन मेनू पर क्लिक कर डीजल अनुदान का चयन करेंगे। डीजल अनुदान के लिए किसान 13 अंकों का पंजीयन संख्या भरना होगा। किसानों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय डीजल खरीद संबंधी कम्प्यूटराइज्ड वाउचर अपलोड करना होगा, जिसपर किसान के पंजीयन संख्या का अंतिम 10 अंक पेट्रोल पंप द्वारा अंकित व वाउचर पर किसान का नाम व हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इसके बाद किसान स्वयं की स्थिति में थाना नम्बर, खेसरा संख्या, डीजल से सिंचित कुल रकबा और अगल-बगल के दो किसानों के नाम प्रविष्ट करेंगे। वहीं बटाईदार किसान उपरोक्त निर्धारित विहित प्रपत्र में संबंधित वार्ड सदस्य एवं कृषि समन्वयक के द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित दस्तावेज अपलोड करेंगे। डीजल अनुदान योजना खरीफ 2022 का लाभ के लिए 29 जुलाई से सिंचाई के लिए क्रय किए गए डीजल के लिए ही मान्य होगा। इसी तरह इस योजना का लाभ 31अक्टूबर तक सिंचाई के लिए क्रय किए गए डीजल के लिए मान्य होगा।

### अप्राकृतिक यौनाचार मामले में प्राथमिकी दर्ज

**विभूतिपुर।** विभूतिपुर थाना क्षेत्र के कोरबाधा गांव में 9 वर्षीय नाबालिग युवक के साथ अप्राकृतिक यौनाचार के मामले में पीड़ित नाबालिग बालक के पिता महेश राम ने विभूतिपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए गांव के ही राजीव कुमार पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए। आरोप लगाया है कि मेरे चाचा के यहां शादी समारोह था। उसी में अन्य बच्चों के साथ मेरा पुत्र सौरव कुमार 9 वर्ष अन्य बच्चों के साथ काम कर रहा था। इसी दौरान वहां पहुंचकर मेरे पुत्र को बहला-फुसलाकर राजीव कुमार ने उसे बैंती नदी सहनी टोल के बगल में खेत में बुलाकर ले गया। वहां अप्राकृतिक यौनाचार के घटना का अंजाम दिया। जिससे उसका गुर्दा फट गया था। पुत्र ने रोते हुए आकर मुझे जानकारी दी। उसे लेकर अपने परिजनों के साथ के साथ सीएससी में भर्ती कराया जहां से डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया।

# मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में संत तुलसीदास जयंती समारोह मनाई गई

**समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता**



समस्तीपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार की अध्यक्षता में संत तुलसीदास जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्र कुणाल कुमार ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए वरीय शिक्षक सहिन्द्र राम ने कहा की तुलसीदास ने कई अभूतपूर्व रचना की। उन्होंने संस्कृत से हटकर खड़ी बोली में रचना करने का साहस किया। उनकी सबसे महत्वपूर्ण ग्रन्थ रामचरितमानस के रूप में पूरे देश में प्रत्येक हिंदू के घर में आदर पूर्वक वाचन किया जाता है। प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने कहा की तुलसीदास महान क्रांतिकारी युगद्रष्टा एवं जन नायक थे। उन्होंने जन भाषा, खड़ी बोली में सबसे पहले महाकाव्य लिखने का का दुस्साहस किया। जिसकी स्वीकृति तत्कालीन पंडित समाज के द्वारा नहीं दी जा रही थी, लेकिन जनमानस ने इसे अपने सर पर रखा। रामचरितमानस लोगों के जन जन की आशाओं का दीप बनकर समाज में भाईचारा, शांति एवं सौहार्द का संदेश देने में कारगर साबित हो रहा है। मौके पर छात्रा पूजा कुमारी, परिधि, स्वाति, निहारिका, सिद्धार्थ, सौरव, शिवम, तनीषा, अंजनी आदि ने तुलसीदास के जीवन चरित्र पर अपना विचार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक विमल कुमार साह ने किया। प्रधानाध्यपक ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर हर घर तिरंगा के राष्ट्र व्यापी अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया एवं राष्ट्र के सभी सन्त, मनीषी, स्वतन्त्रता सेनानी को याद करते हुए राष्ट्रीय एकता पर बल दिया।

# 7 अगस्त के प्रतिरोध मार्च को लेकर महागठबंधन की बैठक संपन्न

## बढ़ती महंगाई और संवैधानिक संस्थाओं के गलत इस्तेमाल के विरोध में धरना प्रदर्शन भी करेंगे महागठबंधन कार्यकर्ता

**समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता**




आगामी 7 अगस्त को महागठबंधन के कार्यकताओं द्वारा शहर में प्रतिरोध मार्च निकाला जाएगा। प्रतिरोध मार्च की तैयारी को लेकर कपूर्री आश्रम समस्तीपुर स्थित जिला राजद कार्यालय में महागठबंधन में शामिल सभी दलों के कार्यकताओं की एक अहम बैठक संपन्न हुई। जिसमें राजद, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआईएम, माले सहित अन्य कई दलों के कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रतिरोध मार्च को सफल बनाने को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी ने की। बैठक में शामिल भाकपा के प्रांतीय नेता रामचन्द्र महतो ने कहा कि 7 अगस्त क्रांति दिवस पर महागठबंधन के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, रोजमर्रा की वस्तुओं आटा, चावल, तेल, दूध, दही पर जीएसटी लगाने तथा केंद्रीय एजेंसी सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स जैसे संवैधानिक संस्थाओं का गलत इस्तेमाल को लेकर धरना प्रदर्शन आहूत किया जायेगा। जिसकी सफलता को लेकर आज गुरुवार को महागठबंधन की बैठक किया गया। जिसमें उपरोक्त जनसमस्याओं को लेकर महागठबंधन के बैनर तले 7 अगस्त को होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति पर विचार किया गया। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और बिहार में गिरती शैक्षणिक व्यवस्था के विरोध में आगामी 7 अगस्त को महागठबंधन में शामिल सभी दलों के कार्यकर्ता सड़क पर उतरेंगे। राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी तथा माकपा जिला मंत्री रामाश्रय महतो ने कहा कि आज बिहार में शैक्षणिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ रखी है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। जिस तरह गांधीजी ने अंग्रेजों को खदेड़ने का कार्य किया था। उसी तरह से अगस्त क्रांति के माध्यम से हम लोग इस सरकार को चेतावनी देने का कार्य करेंगे। राजद के जिला प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि 07 अगस्त को दिन के 12 बजे में महागठबंधन के सभी दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने कार्यालय से प्रतिरोध मार्च निकालेंगे जो मगरदही घाट स्थित शहीद भगत सिंह स्मारक परिसर में दोपहर 01 बजे पहुंचेगी। शहीद भगत सिंह के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रतिरोध सभा भी आयोजित की जाएगी। बैठक को राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी, भाकपा के वरीय नेता रामचन्द्र महतो, सुधीर कुमार देव, माकपा के जिला मंत्री रामाश्रय महतो, राजद पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार राय, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष डोमन राय, भाकपा माले नेता जीवछ पासवान, उपेन्द्र राय, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, राजद अनु० जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सत्यविन्द पासवान, राजद मजदूर सेल के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह चंदेल, प्रांतीय नेता पीपीशर्मा, प्रोफेसर राजेन्द्र भगत, रामविनोद पासवान, प्रोफेसर विजय यादव, युवा राजद जिलाध्यक्ष राजू यादव, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शत्रुधन यादव, राजद किसान सेल के जिलाध्यक्ष राजेश्वर महतो, कार्यालय सचिव रोशन यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष गंगा यादव, मो० याहया उर्फ बरसाती, प्रमोद कुमार राय, रामस्वार्थ यादव, डॉ० इशहाख, राजेन्द्र राम, मो० रूहुल्लाह खान गुड्ड, मनोज पटेल, धर्मेन्द्र पटेल, देवेन्द्र रजक, मो० शाहिद हुसैन, संजीत पासवान, प्रदीप कुमार पासवान, श्याम कुमार राय, राजीव कुमार शर्मा तथा रंजीत कुमार रम्भू भी मौजूद थे।

# शव को सड़क पर रखकर मृतकों के परिजनों ने किया सड़क जाम

**कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता**

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के लदौरा चौक के समीप गुरुवार की अहले सुबह कल्याणपुर पूसा मुख्य पथ के लदोरा के समीप जाम कर दिया। कल्याणपुर चौक के एक निजी क्लीनिक सेवा सदन चाइल्ड केयर में 6 महीने की गर्भवती महिला की इलाज के दौरान मौत होने का मामला प्रकाश में आया है।

जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव गुरुवार को लदौरा चौक हनुमान मंदिर के समीप बीच सड़क पर शव को रख कर सड़क जाम कर आर्थिक सहायता राशि व निजी नर्सिंग होम संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग कर रहे थे।

वहीं मृतक के पति घुवगामा गांव निवासी राजेश कुमार सहनी ने बताया कि मंगलवार को अपने मायके में थी। एक आशा के द्वारा इलाज के लिए कल्याणपुर निजी नर्सिंग होम में लें गया। जहां खून शरीर में कम रहने की झांसा देकर एक नीजी किलनीक में मंगलवार को भर्ती करा दिया। जिस में इलाज के दौरान खुन चढ़ा दिया गया। जिससे महिला की गंभीर स्थिति देखते हुए निजी क्लीनिक संचालक के द्वारा समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। जहां परिजनों के द्वारा बताया गया कि रेफर के दौरान ही निजी क्लीनिक में ही महिला की मौत हो गई थी।

जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने बीच सड़क पर शव को रख कर जाम कर प्रदर्शन करने लगे। धटना की सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाना के एस आई राघा मोहन सिंह एएसआई धीरज कुमार पुलिस दल बल के साथ पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने बुझाने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि के प्रयास के बाद जाम समाप्त कराया गया। जाम लगभग 2 घंटा तक जाम लगी रही। जाम होने के कारण सड़क पर लंबी कतारें लगी रही। जिससे यात्री को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति के द्वारा आवेदन देने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घोंघा चुनने गए युवक की पोखर में डूबने से मौत

**मोरवा।** मोरवा प्रखंड क्षेत्र के ताजपुर थाना अंतर्गत सोंगर पंचायत में घोंघा चुनने गए युवक की पोखर में डूबने से मौत हो गई। उसकी पहचान स्थानीय सोंगर पंचायत के वार्ड संख्या छह निवासी भगवत सहनी के रूप में की गई है। वहीं स्थानीय वार्ड सदस्य अशोक सहनी ने बताया कि उक्त युवक घोंघा चुनने के लिए पोखर में गया था इसी दरमियान पैर फिसलने से पोखर में डूबने से उसकी मौत हो गई। वहीं स्थानीय लोगों के द्वारा ताजपुर थाने की पुलिस को इसकी सूचना दी गई है। वहीं ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया है। सूचना पर पहुंची ताजपुर थाने की पुलिस कागजी प्रक्रिया पूरा करके पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर भेजा दिया है। वहीं इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर स्थानीय मुखिया रंजीत पासवान एवं उप मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सहनी, स्थानीय वार्ड संख्या 6 के वार्ड सदस्य अशोक सहनी सहित अन्य लोग पहुंचकर घटना का जायजा लेते हुए शोक संवेदना प्रकट किया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### अनिल सिंह,रंजीत साह, इस्लाम खान हुए विजेयी

पीरपैंती (भागलपुर) ।प्रखंड में शांतिपूर्ण तरीके से व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं सदस्य का मतदान किया गया । वही वीडियो चंदन कुमार चक्रवर्ती की अध्यक्षता में मतगणना की गई। जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रथम विजेता त्रिलोकी ठाकुर को 56 मतदान प्राप्त किये, दूसरे स्थान पर रविशंकर पण्डेय को 44मतदान प्राप्त हुए तो वही तीसरे स्थान पर रंजीत साह को 28 मतदान प्राप्त हुआ है। वही सदस्य के पद पर अनिल सिंह,रंजीत साह, इस्लाम खान विजेयी हुए है। वही समर्थको में काफी खुशियां देखी गई । चुनाव सम्पन्न होने के बाद वीडियो चंदन कुमार के द्वारा अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित हुए प्रत्याशी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। इस दौरान मौके पर मौजूद कार्यकर्ता के द्वारा फूल माला पहनाकर अविर गुलाल लगाते हुए अपनी खुशी को जाहिर करते दिखे।

### भारत माता का प्रतिमा को किसी अज्ञात लोगों द्वारा किया क्षतिग्रस्त,पुलिस जुटी जांच में

सुलतानगंज (भागलपुर) ।थाना अंतर्गत ग्राम गंगापुर में सरकारी स्कूल के अंदर दुर्गा मंदिर के छत पर निर्मित भारत माता का प्रतिमा को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है ।उक्त मामले की जानकारी के तहत दोषियों की गिरफ्तारी व मामले कि जांच के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के जारी निर्देश पर सुल्तानगंज थानाध्यक्ष लाल बहादुर को दूरभाष पर मिलने के साथ ही उनकी पुलिस टीम त्वरित घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई।इस दौरान पुलिस के द्वारा घटना स्थल के आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करने के साथ दोषियों की निशानदेही पर पहचान करने में जुट गई है ।इस दौरान पुलिस को सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हड़कत के तहत पुटेज में मौजूद व्यक्ति की पहचान हेतू वहां के ग्रामीण से पता किया गया तो पता चला कि वह व्यक्ति का नाम जगवा पिता स्वर्गीय नेपाली मंडल साकिन गंगापुर है।

### मोबाईल छिनतई कांड के दो अभियुक्त गिरफ्तार

हाजीपुर लालगंज ।लालगंज थाना क्षेत्र के परमानंदपुर में बीते 27 जुलाई को बाईक छीनने के क्रम में सफलता न मिलने पर फायरिंग करते हुए मोबाईल छीनकर मलंग की तरफ भागने वाले कांड के दो आरोपी को लालगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।इस मामले में थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि उक्त कांड में प्रयोग किये गये बाईक के रंग और नंबर के हिसाब से अनुसंधान करते हुए दो अपराधी को गिरफ्तार किया गया है ।जिसमें एक नाम अभिनंदन कुमार उर्फ बंसवरिया पिता अशोक राय मानपुर एवं दूसरा राकेश कुमार पिता योगेंद्र सिंह पुरखौली है ।दोनों गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ के दौरान अपराधिक गतिविधि में संलिप्तता स्वीकारी ।जिसके बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### बिस्फी पुलिस ने तीन शराबी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बिस्फी,मधुबनी ।मधुबनी जिले के बिस्फी थाना पुलिस ने अलग अलग जगहों से तीन शराबी को शराब के नशे में हो हंगामा करते गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है ।बिस्फी थानाध्यक्ष राज कुमार राय ने बताया कि परसौनी गांव निवासी सुभाष कुमार और कमलु शर्मा दोनों मिल्लत चौंक पर शराब के नशे में हो-हंगामा कर रहा था ।उसी दौरान रात्रि गश्ती पुलिस उसे गिरफ्तार कर पीएचसी ले जाया गया, जहाँ जांच उपरांत डॉ० ने शराब पीने की पुष्टि की ।वही कमतौल थाना क्षेत्र के मधपुर गांव निवासी रौशन कुमार पूर्व में शराब कारोबार के मामले में पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धर दबोच लिया ।बिस्फी थानाध्यक्ष राज कुमार राय ने बताया कि उक्त तीनों नशेड़ी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।इस मौके पर एएसआई सुरेश चौधरी, उदय सिंह सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### लूट कांड का उद्भेदन मात्र 24 घंटे के अंदर हुआ, धरे गए आरोपी

खुटौना,मधुबनी ।मधुबनी जिले के लौकहा पुलिस ने थाना क्षेत्र के 16 आरडी के पास हुए लूट कांड का उद्भेदन महज 24 घंटे के अंदर ही कर लिया। बता दें कि बुधवार के दोपहर 12:30 में सिरसिया परसाहि स्थित राजा एचपी गैस का स्टाफ गौतम कुमार ने 5 लाख 64 हजार लेकर लौकही स्थित एक बैंक में जमा करने जा रहा था ।दी गई जानकारी के मुताबिक 16 आरडी से पश्चिम अज्ञात अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर सारा पैसा लूट कर भाग गया।

# मुहर्रम और विषहरी पूजा को ले डीएम ने शांति समिति सदस्यों के साथ की बैठक

## 'साफ-सफाई, जर्जर सड़क, बिजली की व्यवस्था सहित अन्य समस्यओं पर हुई चर्चा'

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। मुहर्रम और विषहरी पूजा को लेकर जिलाधिकारी ने शांति समिति सदस्यों के साथ बैठक की। सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के सदस्यों ने पेपर के माध्यम से साफ-सफाई ,व जर्जर सड़क आदि विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। सदस्यों ने कहा कि मुहर्रम तारीख का पांचवा दिन है। सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के कार्यकारिणी संयोजक वर्दी खान ने कहा कि पिछलें दिनों नगर निगम में आयोजित बैठक में कमेटी ने विभिन्न समस्याओं से नगर आयुक्त को अवगत कराया था, लेकिन अभी तक इमामबाड़े की साफ-सफाई नहीं हुई है और न ही रोशनी की स्थिति में सुधार हो सका है। सह संयोजक महबूब आलम ने साफ-सफाई एवं बिजली को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। प्रो. सलाउद्दीन अहसन ने कमेटी की उठाए गए सभी मुद्दों को शीघ्र पूरा किए जाने का आग्रह किया। सह संयोजक तकी जावेद ने कहा कि पर्व त्योहार का सिलसिला शुरू हो चुका है। ऐसे में लोगों को परेशानी न हो इसके लिए समुचित पहल किए जाने की जरूरत है। उन्होंने शहरी क्षेत्र में बिजली के तार को अंडर ग्राउंड करने की मांग जिलाधिकारी से की। मौके पर मिंटू कलाकार, निजाहत अंसारी, जुम्मन अंसारी, मुकर्रम खान, शहजादा खान, भोला मंडल, देवाशीष बनजम, कमल जयसवाल, विनय सिन्हा, अभय घोष सोनू, भगवान यादव सहित काफी संख्या में शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

# प्रतिपक्ष भाजपा नेता धर्मलाल कोशिक अपने सहयोगियों के साथ गंगा जल लेकर देवघर हुए रवाना



प्रात : किरण संवाददाता

सुलतानगंज। अजगैबीनाथ धाम से छत्तीसगढ़ के प्रतिपक्ष भाजपा नेता धर्मलाल कोशिक अपने 18 सहयोगियों के साथ अजगैबीनाथ धाम के नमामि गंगे घाट पहुचकर बाबा भोलेनाथ कि पुजा अर्चना करते हुये बोल बम के नारे लगाते हुये वाहन से देवघर बैधनाथ के लिये रवाना हुये है।

इस दौरान छत्तीसगढ़ के प्रतिपक्ष भाजपा नेता धर्मलाल कोशिक ने मिडिया को बताया कि प्रधानमंत्री के द्वारा नमामि गंगे घाट बनने पर खुशी जाहिर करते हुये कहा कि श्रावणी मेला को राष्ट्रीय मेला घोषित करने के लिये केन्द्र सरकार से बातचीत करेगें। साथ ही गंगा घाटों पर सालों भर गंगा महाअरती हो इसके लिये बिहार सरकार से बातचीत भी करेंगे।

जिससे गंगा सालों भर स्वच्छ एंव सुन्दर हो सके। इस दौरान छत्तीसगढ़ के प्रतिपक्ष भाजपा नेता सहयोगी विधायक रजनीश सिंह,प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सहनी सहित इत्यादि लोग मौजुद थे।

# तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। महनार संवाददाता। महनार प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में त्रिस्तरीय पंचायती राज के नवनिर्वाचित मुखिया और उप मुखिया की तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। महनार प्रखंड सभागार में 4 अगस्त से शुरू होकर 6 अगस्त तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख सविता देवी,जिला पंचायत संसाधन केंद्र के पदाधिकारी सह प्रशिक्षक कुमार सानू,जिला पंचायत संसाधन केंद्र के पदाधिकारी सह प्रशिक्षक उमा कुमारी,उप-प्रमुख कल्याणी देवी,बीडीओ बसंत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।प्रशिक्षण की शुरूआत प्रमुख सविता देवी,डीपीआरसी के प्रशिक्षक कुमार सानू,प्रशिक्षक उमा कुमारी,उप-प्रमुख कल्याणी देवी,बीडीओ बसंत कुमार सिंह,मुखिया और उप-मुखिया गण ने प्रार्थना के साथ किया ।इसके बाद मुखिया और उप-मुखिया गण ने प्रशिक्षक कुमार सानू और प्रशिक्षक उमा कुमारी का स्वागत फूलों का गुलदस्ता दे कर किया ।प्रशिक्षक कुमार सानू ने पंचायती राज का उदभव एवं विकास की जानकारी दी गई ।प्रशिक्षक उमा कुमारी ने बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 की संक्षिप्त जानकारी दी गई ।प्रशिक्षक कुमार सानू ने ग्राम सभा की धारा 03 से 10 और ग्राम पंचायत की धारा 11 से 33 तक कि विस्तृत जानकारी दिया ।मुखिया और उप-मुखिया के कर्तव्य,शक्ति के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया ।इस प्रशिक्षण में मुखिया अनिल कुमार साह,सुधा कुमारी,संगीता सिंह,अशोक कुमार सिंह,मधु कुमारी,मालती देवी,प्रियंका कुमारी,राम शंकर चौधरी,सावित्री देवी,अखिलेश राय,साधना कुमारी,सनोवर निशात,सविता कुमारी,प्रीति कुमारी,उप-मुखिया धनवंती देवी,वेदमिया देवी,प्रियंका देवी,रंजु कुमारी,रामेन्द्र कुमार सहनी,अनिल पासवान,रिंकु कुमारी,वीणा देवी,रागनी देवी,गुड्डु देवी,मिथलेश कुमार सिंह,जुली सिंह,रघुवंश महतो आदि शामिल हुय।

# इलाज के दौरान 29 वर्षीय युवक की मौत , परिजनों ने जमकर किया अस्पताल में हंगामा

हाजीपुर संवाददाता। जिले के नगर थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई ।घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर बवाल किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद नगर थाने की पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर आक्रोशित परिजनों को समझाने का अथक प्रयास किया । प्राप्त जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के जहानाबाद गांव निवासी भुनेश्वर राय का 29 वर्षीय पुत्र विकास कुमार सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था जिससे विकास का पैर टुट गया था। जिसके बाद इलाज के लिए उन्हें यादव चौक स्थित इंद्रा मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार की देर रात 29 वर्षीय विकास की मौत हो गई।

# जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। अनियमित मॉनसून को लेकर जिला प्रशासन प्रतिदिन की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। प्रतिदिन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हो रही है। जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज भी समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई, जिसमे वषार्पात की स्थिति, धान रोपनी का आच्छादन, डीजल अनुदान, नहरों से पटवन की स्थिति, खाद की उपलब्धता एवम कालाबाजारी को रोकने हेतु किये जा रहे प्रयास, कृषि फीडर से बिजली की उपलब्धता आदि को लेकर व्यापक समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि अब तक जिले में लगभग 80 प्रतिशत धान की रोपनी हो चुकी है।

अगस्त माह में अभी तक 60एमएम वर्षा हो चुकी है। डीजल अनुदान के लिए आवेदन प्राप्त हो रहे है। खाद की दुकानों पर औचक छापेमारी जारी है ।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शतप्रतिशत रोपनी का आच्छादन सुनिश्चित करवाये। पात्र किसानों को सहजता के साथ डीजल अनुदान उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे। उर्वरक की बिक्री पर लगातार नजर बनाए रखे ।गड़बड़ी करने वाले खाद विक्रेताओं पर प्राथमिकी दर्ज करें।

कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि जिले के किसानो को हर हाल में कृषि फीडर से कम से कम प्रतिदिन 16 घण्टे विधुत आपूर्ति सुनिश्चित करे। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिया की प्रत्येक नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुँचे, इसे सुनिश्चित करे ।जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई को निर्देश दिया कि जिले के बंद पड़े नलकूपों को चालू करवाये।

उन्होंने नलकूप एवं विधुत अभियंता को निर्देश दिया कि आपस में समन्वय कर विधुत दोष से बंद पड़े नलकुपो को शीघ्र चालू करवाये।

# मिथिला वाहिनी की हुई बैठक, लिए गए कई निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता



झंझारपुर, मधुबनी। मधुबनी जिले के झंझारपुर प्रखंड कार्यालय स्थित बजरंगबली हनुमान मंदिर पर मिथिला वाहिनी झंझारपुर इकाई की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता झंझारपुर जिला प्रमुख राजकुमार मंडल ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मिथिला वाहिनी के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक मिहिर कुमार झा महादेव ने संगठन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु प्रशंसा की, साथ ही आगे आने वाले समय में मिथिला वाहिनी के कार्यकताओं को और अधिक मेहनत कर संगठनात्मक रुप से तय जिला झंझारपुर के प्रत्येक गांव में जाकर मिथिला वाहिनी के कार्यो तथा उद्देश्य को प्रचार प्रसार हेतु प्रवास करने का आग्रह किया।

संस्थापक सह मुख्य संरक्षक मिहिर झा ने झंझारपुर शहर में जल जमाव और उससे हो रही आम जनता की परेशानी के प्रति काफी दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जहां से बिहार सरकार के कद्दावर नेता, सांसद, विधायक मंत्री आते हैं, वहां इस तरह की जल जमाव की समस्या निश्चित रूप से उनकी कर्तव्यहीनता और लाचारी को दशार्ता है। उन्होंने जिला प्रमुख राजकुमार मंडल से आग्रह किया कि अविलंब चार सदस्यीय समिति बनाकर इस गंभीर समस्या का स्थल पर जा कर निरिक्षण कर इससे होने वाली समस्या और इसका किस तरह समाधान हो सकता है, इस पर संगठन के प्रधान कार्यालय को लिखकर दे, ताकि मिथिला वाहिनी इस समस्या के समाधान हेतु जिलाधिकारी, मधुबनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से मिलकर इसके स्थायी निदान हेतु प्रयास कर सके।

बैठक को संबोधित करते जिला प्रमुख राजकुमार मंडल ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर इसकी रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर नगर परिषद क्षेत्र में मच्छरों के आतंक को देखते और उनसे होने वाले बीमारी से बचाव हेतु फाग मशीन के माध्यम से छिड़काव करने हेतु मांग किया जायेगा। साथ ही नगर परिषद क्षेत्र में आवासीय योजना के अंतर्गत आने वाले लाभुकों को अतिशीघ्र भुगतान हेतु भी मांग की जाएगी और अगर नगर परिषद प्रशासन से इस दिशा में सहयोग नहीं मिला, तो पुतला दहन कर आंदोलन की शुरूआत की जाएगी, साथ ही इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारी से की जाएगी। उक्त बैठक को जिला सह प्रमुख राम लाल तांती, रुद्रनाथ राउत ने भी संबोधित किया।

# राजद के प्रखंड स्तरीय बैठक में जिला मुख्यांलय पर मार्च सभा करने का लिया गया निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता

खुटौना, मधुबनी। गुरुवार को मधुबनी जिले के खुटौना बाजार के आईबी में राजद के प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। बैठक में सरकार के खिलाफ आगामी 7 अगस्त को जिला मुख्यालय पर मार्च सभा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में क्षेत्रीय विधायक भारत भूषण मंडल ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार तथा राज्य की नीतीश सरकार सभी मोर्चो पर फेल है। महंगाई चरम पर है, अपराधी बेलगाम है, किसान बेहाल है तथा व्यापारी तंगहाली की हालत से गुजर रहा है। बढ़त गैस की कीमत, बिहार को सूखाग्रस्त घोषित करने, अग्निपथ योजना वापस लेने तथा मनरेगा में मची लूट को बंद करने का जिक्र करते हुए कहा इसके लिए बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में विधायक भारत भूषण मंडल, विधायक प्रतिनिधि भरत मंडल, नसीम अहमद, रामानंद बनैता, शंभू संलहैता, कृत नारायण यादव, नजीब अहमद, कुशेश्वर यादव, अजहर खुर्शीद, प्रोफेसर धनवीर यादव, शमशाद आलम, सफीक तथा उस्मान समेत दर्जनों राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आर.के. कॉलेज के प्रधानाचार्य द्वारा छात्र संघ को आतंकी संगठन से तुलना करना उनके विवादित मानसिकता को दशार्ता है : सचिन कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। आर.के. कॉलेज,मधुबनी के प्रधानाचार्य डॉ० फूलों पासवान एक विवादित बयान को लेकर विवाद के घेरे में चल रहे है। आपको बता दे की प्रधानाचार्य द्वारा एक मीडिया के माध्यम से छात्र संघ की तुलना पाकिस्तान की एक आतंकी संघठन (टीटीपी) से किया था, जिसको लेकर छात्र संघ ने खूब बबाल किया। यहां प्रधानाचार्य का पिछले दिनों कॉलेज गेट पर पुतला दहन भी किया गया। यह मामला इतना तूल पकड़ लिया है कि अब रुकने का नाम ही नही ले रहा है। वही इस मामला को लेकर छात्र संघर्ष समिति के शोशल मीडिया प्रभारी सचिन कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि छात्र संघ की तुलना किसी आतंकी संघठन से तुलना करना कहा तक ठीक है। जिस तरह प्रधानाचार्य द्वारा आर.के. कॉलेज के जीते हुए छात्र संघ के पदाधिकारी को असामाजिक तत्व एवं आतंकी कह के संबोधन किए हैं। मैं ऐसे शब्द का पुरजोर तरीके से निंदा करता हूं। कॉलेज के छात्रसंघ पदाधिकारी को कॉलेज के 25000 छात्र-छात्राओं ने मिलकर निर्वाचित किए हैं, जो संवैधानिक तरीके से अपना मताधिकार के माध्यम से प्रधानाचार्य सिर्फ छात्रसंघ पदाधिकारी को असामाजिक तत्व एवं आतंकी नहीं कहे हैं, बल्कि महाविद्यालय के 25000 छात्रों को आतंकी एवं असामाजिक तत्व कहे हैं। इसके लिए प्रधानाचार्य को कॉलेज के तमाम छात्र छात्राओं से माफी मांगने की जरूरत है।

# भारत विकास परिषद् जहानाबाद शाखा पुनर्गठन हेतु बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

जहानाबाद ।पूर्व अध्यक्ष अंबिका शर्मा की अध्यक्षता में जहानाबाद के प्रबुद्धजनों की बैठक विवाह मंडप में संपन्न हुई जिसमें शाखा पुनर्गठन पर विस्तार से चर्चा हुई। भारत विकास परिषद के पुनर्गठन में जहां अम्बिका शर्मा , मानस स्कूल दक्षिणी के डायरेक्टर अरुण कुमार , लोजपा नेत्री इन्दु कश्यप, विश्वनाथ शर्मा का मार्गदर्शन मिलेगा वहीं एडवोकेट सुधीर कुमार शर्मा, कृष्ण मुरारी, संतोष कुमार ,अवधेश कुमार, संजीव कुमार एवं भाजपा नेत्री पुनम सिन्हा का साथ मिलेगा। बैठक में डा. बाल्मीकि कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ग्रामीण विकास का मार्गदर्शन मिला। संयोजक के रूप में कार्य कर रहे अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि न्युनतम 25 सदस्य बनाने की प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न होगा और शाखा क्रियाशील हो जाएगी।

# पीएनबी ने 169 समूहों के दीदियों के बीच किया 12 करोड़ 87 लाख के ऋण स्वीकृत एवं वितरित

प्रात : किरण संवाददाता

जहानाबाद। जिला स्थापना सप्ताह के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए पीएनबी की शाखाओं ने जीविका गठित स्वयं सहायता समूह की 169 समूहों के दीदियों के साथ-साथ अन्य लाभुकों के बीच कुल 12 करोड़ 87 लाख के ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया।

स्वयं सहायता समूह ऋण स्वीकृति सह वितरण एवं वित्तीय समावेशन शिविर का विधिवत उद्घाटन, प्रखंड कार्यालय अवस्थित सभागार में जिलाधिकारी रिची पाण्डेय, पीएनबी गया के मंडल प्रमुख विवेक कुमार सिंह, बीडीओ, सहायक महाप्रबंधक सत्येंद्र कुमार मिश्रा, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका रागिनी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर शिविर में जिले में कार्यरत सभी पीएनबी की शाखाओं ने जीविका द्वारा गठित 169 स्वयं सहायता समूहों की दीदीयों को 8 करोड़ 78 लाख एवं जिले के अन्य 30 लाभुकों के बीच पीएनबी ने विभिन्न योजनाओं मे 4 करोड़ 9 लाख के ऋण समेत कुल 12 करोड़ 87 लाख रुपये के ऋण स्वीकृत व वितरित किये। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने जीविका दीदीयों का आभार प्रकट करते हुए आग्रह किया कि जीविका दीदियां बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल जीवन हरियाली तथा स्वच्छता अभियान कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए घर-घर जायें और जन-जन को जागरूक करें। साथ ही बैंक के द्वारा लिए गए ऋण को समय से चुकाएं। जिलाधिकारी ने बैंक के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए आगे भी ऐसे शिविर का आयोजन करते रहने का निदेश दिया ताकि जिले का सीडी रेशियो बढ़ सके।

# एसएसबी एवं एनसीसी ने संयुक्त रूप से मना रहे अमृत महोत्सव

प्रात : किरण संवाददाता

जयनगर, मधुबनी। 48वी वाहिनी सस्त्र सीमा बल मुख्यालय बाजार समिति जयनगर के अंतर्गत कमला बीओपी के द्वारा कार्यवाहक कमांडेन्ट चंद्रशेखर के निदेर्शानुसार सहायक कमांडेन्ट स्वेता थापा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 34बिहार एनसीसी एवं सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने मिलकर प्रभात फेरी निकाले। यह प्रभात फेरी कमला बीओपी से लेकर स्तम्भ संख्या 270 तक, पुनः कमला बीओपी में समाप्त किया गया। इस प्रभात फेरी में कुल 37 कैडेट ने भाग लिया, जिसमे डी.बी. कॉलेज के 7, उच्च विद्यालय जयनगर के 20, उच्च विद्यालय बासोपट्टी के 10 शामिल हुए।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 48वी वाहिनी सस्त्र सीमा बल के उप कमांडेन्ट आर. विशाल ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के के आह्वान पर इस वर्ष पूरे देश आजादी के 75वे वर्ष के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाने जा रहा है। इस अवसर पर भारत सरकार हर घर को हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के गौरव से जोड़ रही हैं। इस बार 15 अगस्त 2022 से हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया जा रहा है। आपको बता दें कि हम सभी के लिए हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा बहुत महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण हैं। इस बार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए देश मे कई तरह के तैयारी चल रही हैं। भारत का राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश के लिए बड़े गौरव सम्मान का प्रतीक हैं। अब तक यह केवल संस्थागत और औपचारिक कार्यो तक ही सीमित था।

# दीक्षांत समारोह शिक्षा का अंत नहीं है, बल्कि यह एक नई शुरूआत है : राज्यपाल

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा। दीक्षांत समारोह शिक्षा का अंत नहीं है, बल्कि यह एक नई शुरूआत है। इस समारोह में उपाधि प्राप्त करके विद्यार्थियों के जीवन का एक सोपान पूर्ण हुआ है। जहाँ से विद्यार्थियों को क्रमशः आगे बढ़ते जाना है। यह बात बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति फागू चौहान ने कह। वे बुधवार को भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा मुख्य अतिथि सह अध्यक्ष के रूप में बोल रहे थे।

कुलाधिपति ने स्वर्ण पदक, उपाधि एवं प्रमाण पत्र पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उम्मीद की कि सभी विद्यार्थी अपने अर्जित ज्ञान को और अधिक विस्तृत करेंगे और दूसरों के साथ बाँटेंगे। आप अपने क्षेत्र में सर्वोच्च मुकाम हासिल करेंगे और समाज एवं राष्ट्र के विकास तथा मानवता के कल्याण में अपना सर्वोत्तम योगदान देंगे। छात्र-छात्राएं विद्वता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को धारण करेंगे और उनमें उच्चादर्शों पर चलने की भरपूर इच्छा शक्ति एवं क्षमता विकसित होगी।

कुलाधिपति ने बताया कि भारत में दीक्षांत समारोह की परंपरा सदियों पुरानी है। प्राचीन ग्रंथ उपनिषद् में भी इसका उल्लेख मिलता है। इस अवसर पर गुरू अपने शिष्यों को सत्य बोलने, कर्तव्य का पालन करने और स्वाध्याय में आलस्य नहीं करने की दीक्षा देते थे। यह दीक्षा आज भी प्रासंगिक है और हम सब को इसे मन वचन एवं कर्म से अपनाने की जरूरत है।

उन्होंने बताया कि भारत की प्राचीन गौरवशाली शिक्षा- व्यवस्था में बिहार का बहुमूल्य योगदान रहा है। यहाँ के नालन्दा एवं विक्रमशिला विश्वविद्यालय की पूरी दुनिया में ख्याति रही है। हमें अपने इस गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य की नई राह बनानी है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बिहार सरकार के ऊर्जा और योजना एवं विकास विभाग के मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि भूपेंद्र नारायण मंडल का नाम देश के समाजवादी विचारकों में अग्रगण्य है। उन्होंने अपने ज्ञान एवं आचार से एक नई मिशाल कायम की है।

**ज्ञान एवं कर्म के बीच समन्वय जरूरी:** उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा-व्यवस्था में ज्ञान एवं कर्म के बीच समन्वय पर जोर दिया गया है। आचरण के बिना कोरा ज्ञान भार स्वरूप है। अतः ज्ञान को समाज के हित में लगाने की जरूरत है।

शिक्षा और संसदीय कार्य विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि शिक्षा वह स्तभ है जिस पर समाज एवं राष्ट्र का भविष्य निर्भर करता है। यह लोगों को राष्ट्र के जिम्मेदार और सक्रिय नागरिक बनाने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान, मूल्य और दृष्टिकोण हासिल करने में सक्षम बनाती है। यह वह प्रकाश है, जिसके माध्यम से हम सभी अपने सपनों एवं कल्पनाओं को साकार कर सकते हैं।

**शिक्षा के विकास हेतु चलाई जा रही हैं कई योजनाएं:** उन्होंने बताया कि शिक्षा के समग्र विकास हेतु सर्व शिक्षा अभियान, मुख्यमंत्री बालक एवं बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना आदि का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। साथ ही सभी वर्ग की छात्राओं और एससी एवं एसटी वर्ग के छात्रों के लिए स्नातकोत्तर स्तर तक निःशुल्क शिक्षा का प्रावधवान किया गया है। मुख्यमंत्री बालिका स्नातक प्रोत्साहन योजना के तहत स्नातक उत्तीर्ण करने वाली सभी छात्राओं को पचास हजार रू. प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है और बिहार स्टूडेंट कार्ड योजना का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो रहा है।

**प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में हुआ है काफी सुधार:** उन्होंने बताया कि बिहार सरकार के सतत प्रयास और सभी बिहारवासियों की सक्रिय भागीदारी से बिहार में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में काफी सुधार हुआ है। बिहार की उच्च शिक्षा में नामांकन अनुपात एक वर्ष में 14.5 प्रतिशत से बढ़कर 19.3 प्रतिशत हो गया है जिसे बढ़ाकर राष्ट्रीय औसत के बराबर अर्थात 25 प्रतिशत करने का लक्ष्य है।

**सभी प्रखंडों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई की व्यवस्था:** उन्होंने बताया कि बिहार सरकार द्वारा सभी प्रखंडों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई की व्यवस्था कर दी गई है और विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। इससे इंटर पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ने या दूसरे राज्यों में पलायन करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या में कमी आई है। हम अपनी प्रतिभाओं को अपने प्रदेश में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

सम्पादकीय

# अलकायदा सरगना ढेर

पहले ओसामा बिन लादेन और अब उसके उत्तराधिकारी अयमान अल जवाहिरी को ढेर कर दिया गया। आतंकवाद पर यह बहुत बड़ी खबर और घटना है। लादेन और जवाहिरी 9/11 आतंकी हमले के साजिशकारों, सूत्रधारों और उसे अंजाम देने वालों के सरगना थे। अमरीका के न्यूयॉर्क में किए गए उस आतंकी हमले में 2799 मासूम और बेकसूर लोग मारे गए थे। बहरहाल अमरीका की सैन्य, खुफिया और आक्रमण की रणनीति एक बार फिर सटीक साबित हुई। जवाहिरी अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के शेरपुरा इलाके में था, जहां से राष्ट्रपति महल, प्रधानमंत्री आवास, कुछ महत्त्वपूर्ण दूतावास बेहद करीब हैं। अमरीका ने रीपर ड्रोन के जरिए मिसाइल का ऐसा हमला किया कि जवाहिरी पलक तक झपका नहीं पाया और निंजा मिसाइल के हमले ने उसकी खोपड़ी को चीर डाला। उसे गाजर-मूली की तरह काट दिया गया। शायद नरसंहार करने वालों की नियति यही होती है! इसी साल की शुरूआत में जवाहिरी और उसके परिवार ने काबुल में शिफ्ट किया था। अफगानिस्तान में तालिबानी हुकूमत आने के बाद यह सुरक्षित ठिकाना समझा गया।

अफगान सरकार में गृहमंत्री हक्कानी पर शक है कि उसी के संगठन हक्कानी नेटवर्क ने आतंकी सरगना के लिए पनाह तय की और पूरा बंदोबस्त किया था। अमरीका की खुफिया एजेंसी को जब जवाहिरी के होने की लीड मिली, तो तभी से सक्रियता बढ़ाई गई। सभी सूचनाएं पेंटागन को दी जाती रहीं। काबुल में जवाहिरी की गतिविधियों पर निगाहें रखी गईं। जिस बिल्डिंग में वह रहता था, उसकी रेकी की गई। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के स्पष्ट निर्देश थे कि कोई और हताहत नहीं होना चाहिए। शायद इसीलिए आर9एक्स हेलफायर मिसाइल का इस्तेमाल किया गया, जिसमें बारूद नगण्य होता है, लेकिन बेहद तेज धार वाले ब्लेड होते हैं। बहरहाल रविवार, 31 जुलाई को सुबह 6.18 बजे जवाहिरी टहलने के लिए बॉलकनी में दिखा और हमला कर दिया गया। कल तक जो खूंखार आतंकी था, जिस पर अमरीका ने 2.5 करोड़ डॉलर का इनाम घोषित किया था, जो प्रतिबंधित आतंकवादी था, उसके पल भर में ही टुकड़े हो गए। आतंकवाद का एक और अहं खेल खल्लास कर दिया गया। अमरीकी राष्ट्रपति ने दो दिन बाद, यानी 2 अगस्त को, अपने देश और दुनिया को पुष्टि की कि अलकायदा के सरगना अल जवाहिरी को मार दिया गया है। अमरीका का प्रतिशोध पूरा हुआ और सभी को न्याय मिला। दूसरे मायनों में अमरीका की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अब भी जारी है। बहरहाल जवाहिरी के खात्मे से कुछ तथ्य और सवाल सामने आए हैं। कतर की राजधानी दोहा में जो समझौता किया गया था, तालिबानी हुकूमत उसका उल्लंघन कर रही है, क्योंकि आतंकियों को छिपाने के लिए अफगानिस्तान की सरजमीं का इस्तेमाल किया जा रहा है।

तालिबान का कट्टरवादी कंधारी धड़ा और हक्कानी, खासकर पाकिस्तान में सक्रिय हक्कानी गुट, दोहा करार के पक्ष में कभी नहीं रहे। जवाहिरी के जरिए साबित हो गया है कि अफगान जमीन पर कुछ और आतंकवादी छिपे और संरक्षण में पल रहे होंगे। दूसरे, अब अलकायदा उतना असरदार और प्रासंगिक आतंकी समूह नहीं रहा, क्योंकि वह टुकड़ों में बंट चुका है। उसकी इराक, सीरिया, उत्तरी अफ्रीका और भारतीय उपमहाद्वीप में शाखाएं, अलग नाम से स्वतंत्र रूप से, काम कर रही हैं। वे खुद को इस्लामिक आंदोलन की अगुआ मानती हैं, लिहाजा आज दुनिया में कई और अलकायदा सक्रिय हैं और जेहादी आतंक फैलाने में जुटे हैं। सवाल यह भी स्वाभाविक है कि भारत के दुश्मन जवाहिरी का खात्मा कब होगा? कई मुखौटे पहन कर ये जवाहिरी पाकिस्तान में सक्रिय हैं। क्या अमरीका की तरह भारत भी ड्रोन स्ट्राइक करने और अपने जवाहिरियों को मारने में सक्षम नहीं है? जवाहिरी जिन्दा था, तो भारत के खासकर जम्मू-कश्मीर में कट्टरवाद फैलाता था।

भोले-भाले लोगों को जेहाद के नाम पर आतंकवाद में झोंक रहा था। आतंकियों को हथियारों की सप्लाई भी करता था। जवाहिरी बीते दिनों पाकिस्तान भी गया था। संदेह जताया जा रहा है कि पाकिस्तान ने अमरीका से पैसे लेकर जवाहिरी के बारे में तमाम खुलासे किए और उसे मरवाने में भूमिका निभाई। बहरहाल यह महज आरोप है, साबित नहीं हुआ है। अमरीका की सेनाएं अब अफगानिस्तान छोड़ कर जा चुकी हैं, फिर भी विश्व समुदाय को तालिबान की हुकूमत को आगाह करना चाहिए कि अंततः आतंकवाद का हश्र बहुत बुरा होता है। अफगानिस्तान आतंकियों को पनाह देना छोड़ दे, वरना किसी भी दिन, किसी और जवाहिरी का नंबर आ सकता है।

# प्रगति के पैमाने

भारत डोगरा

इसमें कोई संदेह नहीं कि पिछली एक-दो शताब्दियों में विज्ञान व तकनीकी ने बहुत उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं, पर इसके बावजूद यह सवाल बना रहा है कि मनुष्य की प्रगति कितनी वास्तविक है और कितनी भ्रामक। हवा, पानी, मिट्टी, जो जीवन की सबसे बुनियादी जरूरतें हैं, उन सभी की स्थिति बेहद चिंताजनक है। युद्ध व उसके हथियार इतने विनाशक हो चुके हैं कि कई हंसते-खेलते देश चंद वर्षों में इनसे तबाह हो चुके हैं। इन बड़े मुद्दों को रहने दें तो भी दैनिक जीवन में, आसपास के जीवन में नाहक, बेवजह इतनी हिंसा व तबाही बिखरी हुई है व उसके विश्व स्तर के आंकड़े डरावने हैं और निरंतर चल रहे युद्ध की तरह लगते हैं।

बेशक भोग-विलास के साधन बहुत बढ़ गए हैं, पर दुनिया की एक बड़ी आबादी किसी तरह मूल आवश्यकताओं को जुटाने के लिए संघर्षरत है या असमर्थ है। जिस तरह मिट्टी, पानी, हवा आदि जीवन के आधार की क्षति हो रही है, उस स्थिति में भविष्य में जीवन का यह संघर्ष विश्व की आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए और भी अधिक दुर्गम व जटिल हो सकता है। तिस पर जलवायु बदलाव व इससे जुड़ी गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं तथा महाविनाशक हथियारों के भंडार, अंतरिक्ष युद्ध की संभावना के कारण धरती की जीवनदायिनी क्षमताएं भी खतरे में पड़ती जा रही हैं। इस आशय की अनेक चेतावनियां विश्व के जाने-माने वैज्ञानिक दे चुके हैं।

यह समकालीन दुनिया की सबसे बड़ी समस्या है। जाहिर है, यह कहना उचित नहीं होगा कि हाल की शताब्दियों या हाल के दशकों का इतिहास वास्तविक प्रगति का इतिहास रहा है। हां, इतना जरूर हो सकता है कि कुछ देशों का कुछ वर्षों का इतिहास प्रगति का इतिहास रहा हो। उदाहरण के लिए भारत का 1950-1960 के दशक का इतिहास कुल मिलाकर प्रगति का इतिहास रहा है। इसी तरह अशोक के राज्य काल के इतिहास को देखें तो कलिंग युद्ध के बाद का दौर प्रगति का रहा, पर यह कलिंग युद्ध के पूर्व के दौर के बारे में नहीं कहा जा सकता। इतिहास को इस तरह से देखना उचित नहीं है कि समय बीतने के साथ निरंतर प्रगति ही होती है।

किसी भी समयावधि की हमें जांच करनी होगी कि कुल मिलाकर इस समय में वास्तविक प्रगति हुई या नहीं। इस जांच का पैमाना क्या होगा? मूलतः यह जांच पांच-स्तरीय हो सकती है। पहला सवाल तो यह है कि यह समय समता व न्याय बढ़ाने वाला रहा कि नहीं। दूसरा सवाल यह है कि लोकतंत्र व पारदर्शिता की स्थितियां मजबूत हुई हैं या नहीं। तीसरा सवाल यह है कि अहिंसा और अमन-शांति के लिए लोगों की प्रतिबद्धता बढ़ी है या नहीं। युद्ध के विरोध और अहिंसा की प्रतिष्ठा में लोग कहां तक आगे बढ़ रहे हैं, हथियारों की दौड़ से उन्होंने अपने को दूर रखा है या नहीं।

अगला सवाल है कि क्या इस समयावधि के दौरान पर्यावरण व जैव-विविधता की रक्षा की गई है? क्या अन्य सभी जीव-जंतुओं के प्रति करुणा भाव अपनाया गया? एक महत्त्वपूर्ण पैमाना यह भी है कि नजदीकी सामाजिक रिश्तों में, सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाने में सफलता मिल रही है कि नहीं? इन पांच पैमानों के आधार पर हम किसी समाज का, किसी समयावधि के दौरान अध्ययन करें तो हम निष्पक्षता से बता सकते हैं कि इस दौर में इस समाज ने प्रगति की या अवनति।

# यादें बंटवारे की-शरणार्थी कैसे उठे राख के ढेर से

**भारत को आजादी की बड़ी कीमत देश के बंटवारे के रूप में अदा करनी पड़ी थी। यह भी एक कटु सत्य है। हजारों निदोर्षों ने अपनी जानें गंवाई कलाखों लोगों को अपने घरों से दूर जा कर अपनी नई दुनिया बसानी पड़ी थी। आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तो हमें उन पंजाबी और बंगाली शरणार्थियों को अवश्य याद रखना होगा, जिन्होंने कठिन और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने हिस्से का आसमान छूआ। पंजाब से आये शणार्थियों ने कारोबारी दुनिया में अपनी कड़ी मेहनत और जीवटता से अभूतपूर्व सफलता हासिल की। अगर आप राजधानी दिल्ली में रहते हैं या फिर वहां पर आते-जाते रहते हैं तो आपने वहां लोकप्रिय बंगाली मार्केट के पास तानसेन मार्ग के कोने पर स्थित फेडरेशन ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) का भवन देखा होगा। फिक्की की बिल्डिंग में उसके तमाम पूर्व अध्यक्षों की फोटो लगी हैं।**





**आर.के. सिन्हा**
**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तभकार और पूर्व सांसद हैं**

भारत अपनी स्वाधीनता के 75 साल पूरे कर रहा है। सारे देश में उत्साह और उल्लास का वातावरण बन गया है। लेकिन, भारत को आजादी की बड़ी कीमत देश के बंटवारे के रूप में अदा करनी पड़ी थी। यह भी एक कटु सत्य है। हजारों निदोर्षों ने अपनी जानें गंवाई कलाखों लोगों को अपने घरों से दूर जा कर अपनी नई दुनिया बसानी पड़ी थी। आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तो हमें उन पंजाबी और बंगाली शरणार्थियों को अवश्य याद रखना होगा, जिन्होंने कठिन और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने हिस्से का आसमान छूआ। पंजाब से आये शणार्थियों ने कारोबारी दुनिया में अपनी कड़ी मेहनत और जीवटता से अभूतपूर्व सफलता हासिल की।

अगर आप राजधानी दिल्ली में रहते हैं या फिर वहां पर आते-जाते रहते हैं तो आपने वहां लोकप्रिय बंगाली मार्केट के पास तानसेन मार्ग के कोने पर स्थित फेडरेशन ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) का भवन देखा होगा। फिक्की की बिल्डिंग में उसके तमाम पूर्व अध्यक्षों की फोटो लगी हैं। उनमें अपोलो टायर्स के चेयरमेन रौनक सिंह की भी फोटो है। वे सन 1989 में फिक्की के अध्यक्ष थे। वे देश के बंटवारे के वक्त लाहौर से दिल्ली आये थे। वे लाहौर में एक दूकान में काम करते थे। रौनक सिंह ने 85 नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज के दफ्तर से बिजनेस के संसार में दस्तक दी थी। उन्होंने अजमेरी गेट की एक स्टील पाइप की दूकान में भी काम किया। आज भले ही वे संसार में नहीं हैं, पर उनका अपोलो टायर्स संसार की सबसे बड़ी टायर निमार्ता कंपनियों में से एक है। फिक्की में ही डॉ. ज्योत्सना सूरी का भी चित्र लगा है। वो ललित सूरी की पत्न ी हैं। वो ललित होटल की चेयरपर्सन हैं। उनके ससुर खाली हाथ सन 1947 में रावलपिंडी से भारत आये थे। भारत आकर सूरी परिवार ने कसकर मेहनत की और आज इनके देशभर में कई लक्जरी होटल चल रहे हैं, जिनमें हजारों मुलाजिम काम करते हैं।

हम सबने एमडीएच मसाले वाले वयोवृद्ध महाशय धर्मपाल गुलाटी को अपनी कंपनी के ब्रांड एंबेसेडर के रूप में सालों विज्ञापनों में देखा है। वो जम्मू के पास स्योलकोट शहर से सपरिवार दिल्ली आये थे। पक्के आर्य समाजी महाशयजी ने दिल्ली में टांगा भी चलाया था और पिता की मसाले की दूकान में बैठकर काम भी किया। वे जब राजधानी के करोल बाग में होते थे तो जूते-चप्पल पहनकर नहीं घूमते थे। वे कहते थे, इसी करोलबाग में खाली हाथ आया था। यहां पर रहते हुये ही मेरा कारोबार में सफल हुआ। इसलिये ये सारा क्षेत्र मेरे लिये मंदिर के समान है।

दरअसल देश के विभाजन ने पंजाब के सैकड़ों नौजवानों को उद्यमी बनाया। उनके पास कुछ अपना कारोबार करने के अलावा कोई चारा भी तो नहीं था। बेशक, महाशय धर्मपाल गुलाटी का जीवन मिसाल है, उन सभी के लिए जो जीवन में अपने लिए नई इबारत लिखना चाहते हैं। एक शरणार्थी किस तरह से जीवन में अपने लिये जगह बनाता है, उसकी बेहतरीन मिसाल थे, महाशय जी।

बेशक, कोई भी समाज जो कठिन दौर से गुजरता है, संघर्ष करता है, वह आगे चलकर तरक्की करता ही है। मारवाड़ियों को ही लें। ये राजस्थान-गुजरात की ड्राई धरती और मरुस्थल में पैदा हुए। अब देश के अधिकांश बड़े उद्योगपति मारवाड़ी समाज से ही आते हैं। पारसियों को देखिए जो ईरान से आए, सिंधी जो सिंध से आए। इन सब ने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष किया और संपन्न बने। देश विभाजन ने हजारों नौजवानों को आंत्रप्योनर बनाया था। पाकिस्तान से सन 1947 में भारत आ गए अनेक नौजवानों ने नए-नए कारोबार चालू करके अपने लिए जगह बनाई थी। विपरीत हालातों में इन्होंने हिम्मत नहीं हारी थी। इनमें से ही कई आगे चलकर ब्रजमोहन मुंजाल (हीरो ग्रुप) और एच.सी नंदा (एस्कोर्ट्स) सरीखे उद्योगपति बने। इन्होंने साबित किया कि वे विपरीत हालातों में भी लड़ेंगे। अब दलितों का समय है, दलित व्यापार में अपनी क्षमताओं से भरपूर ढंग से आगे बढ़ रहे हैं।

बंटवारे के वक्त खुखरायण पंजाबियों को भी भारत आना पड़ा था। इनके सरनेम होते हैं आनंद, कोहली, सूरी, सब्बरवाल, साहनी वगैरह। खुशवंत सिंह कहते थे कि खुखरायण पंजाबी खत्रियों का एक जाति समूह है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और उनकी पत्नी गुरशरण कौर भी कोहली ही हैं। इनके अलावा इसमें घई, चंडोक, चड्ढा, भसीन, खन्ना व भाटिया ऐसी अन्य जातियां व उपजातियां शामिल हैं, जो एक-दूसरे से वैवाहिक रिश्ते कायम करने को प्राथमिकता देती हैं। खुखरायण समाज में हिन्दू और सिख दोनों हैं। खुखरायण मुख्य रूप से पाकिस्तान के रावलपिंडी, झेलम और कैमलपुर जैसे स्थानों से भारत आये थे। ये लगभग सभी बिजनेस ही करते हैं। इनमें नौकरी करने वाले मात्र गिनती के ही होंगे। आपको खुखरायण धर्मशालाएं हरिद्वार, बनारस दिल्ली में भरपूर मिलेंगी।


बेशक, बंटवारे का एक सकारात्मक्क पक्ष यह रहा था कि इसने भारत के विभिन्न शहरों की आबादी को समावेशी बना दिया। बंटवारे के चलते पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से नामधरी सिख भी भारत आये। इन्हें आप तुरंत पहचान लेते है इनकी एक खास तरह की वेषभूषा के कारण। ये सफेद कुर्ता, चूड़ीदार पायजामा और सफेद ही पगड़ी पहनते हैं। इनकी पगड़ी को कहते हैं सीधी पगड़ी। देश के विभाजन से पहले ये सभी पंजाब में ही थे।

ये बंटवारे के बाद बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र वगैरह में चले गये। इनके भी खून में कारोबार करना ही है। ये शुरू में टेंट का बिजनेस खूब करते थे। इनके संरक्षक सरदार सेवासिंह चावला रहे हैं। वे दशकों राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और विश्व हिन्दू परिषद से भी जुड़े रहे थे। नामधारी बिरादरी के बारे में कहा जाता है कि ये नौकरी करने से बचते हैं। शायद ही कोई हो जो कहीं नौकरी कर रहा हो। ये अपना बिजनेस ही करना पसंद करते हैं। हां, पहले बिहार और फिर झारखंड के शिखर नेता इन्दर सिंह नामधारी ने अपने लिये बिजनेस के अलावा समाज सेवा का रास्ता भी चुना।

नामधारी सिख आटो पार्ट्स, होटल, से लेकर कपड़े के कारोबार में एक्टिव हैं। आप इन्हें थाईलैंड में भी खूब देखेंगे। ये वहां पर भी खूब बसे हुए हैं। ये शराब और मांस से परहेज करते हैं। थाईलैंड के नामधारियों ने नेताजी के आजाद हिन्द फौज को दिल खोलकर भरपूर मदद की थी। तो जब देश अपनी आजादी का जश्न मना रहा है, तब उनको याद करना जरूरी है जिनको बंटवारे के कारण अपने घरों को छोड़ना पड़ा था। उन शरणार्थियों ने बिजनेस की दुनिया में अपना कमाल का सिक्का जमाया।

# संसद न चलने से आखिर किसको है नुकसान?

**आज मुद्दा संसद की कार्यवाही और आर्थिक नुकसान का है। मुद्दा सदन की गरिमा और उपयोगिता का है। इस बार संसद के दो सप्ताह के मानसून सत्र को बार-बार बाधित होने के कारण स्थगित करना पड़ा। देश का खर्च व्यर्थ जा रहा है, चर्चा का स्तर घटिया होने से संसद की गरिमा को चोट पहुँच रही है आर्थिक नुकसान के साथ वैधानिक नुकसान की कीमत का हम आकलन ही नहीं कर सकते। अगर कानून ही नहीं बनेंगे तो देश कैसे चलेगा। क्या देश इस जाया समय की भरपाई कर पायेगा कभी? देश की जनता सांसद चुनकर इसलिए नहीं भेजती कि वो दिल्ली में जाकर आराम फरमाए और देश के पैसे को जाया होने दे। लोग सांसद इसलिए चुनते है कि वो उनकी आवाज बने, उनकी समस्याओं का समाधान लेकर आये। अगर ऐसे ही संसद ठप्प रही तो जनता और उनकी समस्याओं का क्या होगा। संसद समाज के लिए जरुरी चीजों के लिए बात करने और उनको वास्तविक रूप देने के लिए बनाई गयी है।**





**प्रियंका सौरभ**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

जब संसद चलती है तो बात समाज की होती है राष्ट्र की होती है। विरोध या गतिरोध के कारण जब संसद नहीं चलती है तो नुकसान किसका होता है। सदन न चलने की बड़ी कीमत देश चुकाता है, उसके नागरिक चुकाते है। आज मुद्दा संसद की कार्यवाही और आर्थिक नुकसान का है। मुद्दा सदन की गरिमा और उपयोगिता का है। इस बार संसद के दो सप्ताह के मानसून सत्र को बार-बार बाधित होने के कारण स्थगित करना पड़ा। देश का खर्च व्यर्थ जा रहा है, चर्चा का स्तर घटिया होने से संसद की गरिमा को चोट पहुँच रही है आर्थिक नुकसान के साथ वैधानिक नुकसान की कीमत का हम आकलन ही नहीं कर सकते। अगर कानून ही नहीं बनेंगे तो देश कैसे चलेगा। क्या देश इस जाया समय की भरपाई कर पायेगा कभी? देश की जनता सांसद चुनकर इसलिए नहीं भेजती कि वो दिल्ली में जाकर आराम फरमाए और देश के पैसे को जाया होने दे। लोग सांसद इसलिए चुनते है कि वो उनकी आवाज बने, उनकी समस्याओं का समाधान लेकर आये। अगर ऐसे ही संसद ठप्प रही तो जनता और उनकी समस्याओं का क्या होगा। संसद समाज के लिए जरुरी चीजों के लिए बात करने और उनको वास्तविक रूप देने के लिए बनाई गयी है। अगर ऐसे ही चलता रहा तो देश की बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य आम मुद्दों का क्या होगा? कौन समाधान ढूंढेगा? आखिर क्यों प्रश्नकाल और शून्य काल को गर्त में धकेल दिया गया है? देश को समय पर जरूरत के बिल नहीं मिलेंगे तो क्या होगा समाज का, देश का, लोगों का? समाज को जिसकी आज जरूरत है वो कल तक भी नहीं मिले तो क्या रहेगा? समय के साथ नहीं चले तो देश का पिछड़ना तय है। देश का दुर्भाग्य है कि सरकार भी विपक्ष के साथ-साथ इसमें शामिल नजर आती है। संसद के मानसून सत्र में बार-बार व्यवधानों के कारण, स्थगन के कारण, इस सत्र के दौरान अब तक बहुत ही नगण्य कार्य हुआ है। विभिन्न विपक्षी दलों के लगभग दो दर्जन सांसदों को अभद्र व्यवहार और कदाचार के कारण निलंबित भी किया गया। यह, निश्चित रूप से, सरकार और विपक्ष के बीच एक नया फ्लैशपॉइंट बन गया, जिससे आगे हंगामे और व्यवधान पैदा हुए। देश के लिए अनुत्पादक संसद सत्रों, समय और धन के संदर्भ में क्या निहितार्थ हैं? और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब संसद के कामकाज में व्यवधान सामान्य हो गया है, तो यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए कितना चिंताजनक है?

आज सवाल देश के लोकतंत्र का है। संसद की गरिमा का है। ऐसा क्यों है कि देश के अहम मुद्दों पर चर्चा को निकालकर भारत के राष्ट्रपति और भारत के उपराष्ट्रपति के चुनावों को सर्वोच्च प्राथमिकता सरकार द्वारा दी जाती है। विपक्षी दल जीएसटी और मुद्रास्फीति जैसे विभिन्न मुद्दों पर सरकार से स्पष्टता और जवाबदेही प्राप्त करने का अवसर खो रहे हैं। दोनों सदनों में विभिन्न दलों के बीच सहयोग और समन्वय की कमी के कारण व्यवधान हैं और पैसे और समय की बबार्दी हैं। संसद में पर्याप्त चर्चा के बिना पारित विधेयकों की गुणवत्ता पर चिंता भी देश को पीछे धकेल रही है। मूल्य वृद्धि पर बहस के लिए विपक्षी दलों के अनुरोध और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर नई जीएसटी दरों पर बहस को लोकसभा अध्यक्ष द्वारा अनुमति नहीं देना, सरकार का अनुत्तरदायी रवैया और ट्रेजरी बेंचों की प्रतिशोधी मुद्रा, विपक्षी दलों का संसदीय मानदंडों का पालन नहीं कर ना मिलकर पूरी संसद को अनुशासन हीन कर रहे हैं।

बार-बार व्यवधानों के कारण, स्थगन के लिए बाध्य होने के कारण, सत्र के दौरान आज तक बहुत कम कामकाज हुआ है। 2012 में, सत्र के दौरान संसद चलाने के लिए हर मिनट 2.5 लाख रुपये खर्च किए गए थे। यह संख्या अब काफी अधिक होगी। राज्यसभा और लोकसभा साल भर में औसतन 80 दिनों तक चलती है, और प्रत्येक दिन में लगभग छह घंटे का कार्य होता है। प्रश्नकाल और शून्यकाल में कटौती कार्यपालिका पर संसदीय निरीक्षण के सिद्धांत को कमजोर करती है। इन व्यवधानों के परिणामस्वरूप गुणात्मक बहस और विचार-विमर्श के बिना विधेयकों को पारित किया जाता है। यदि ये व्यवधान जारी रहते हैं, तो इसके परिणामस्वरूप न्यायपालिका का हस्तक्षेप हो सकता है जो शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के विरुद्ध है।

संसद को बाधित करने वाले सदस्यों के खिलाफ अवमानना प्रक्रिया शुरू करने का विशेषाधिकार है। इनका प्रभावशाली प्रयोग करके व्यवस्था के भीतर से समाधान निकालना होगा। संसद अपने नियम और विनियम बनाती है, विधायी निकायों के प्रभावी कामकाज के लिए उन नियमों और विनियमों का पालन करना सदस्यों पर निर्भर है। ऐसा कब तक होगा? संसद को व्यक्तिगत स्तर और पार्टी स्तर दोनों पर आंतरिक जांच और संतुलन के साथ आना होगा। बार-बार व्यवधान डालने पर आनुपातिक दंड लगाया जा सकता है। एक संसद व्यवधान सूचकांक तैयार किया जा सकता है जिस पर व्यवधानों का स्वतः निलंबन लागू किया जा सकता है। साथ ही संसद के कार्य दिवसों में वृद्धि की जानी चाहिए। संसदीय कार्यवाही में लगातार व्यवधान एक नया मानदंड बनता जा रहा है जो पार्टियों के बीच विश्वास की कमी को बढ़ाता है। यह प्रवृत्ति एक स्वस्थ लोकतंत्र और संसदीय प्रणाली की निष्पक्षता में सेंध के लिए खराब है।

संसद में निरंतर हंगामे के परिणामस्वरूप दोनों सदनों में लंबे समय तक स्थगन होता है जो अंततः सदन में सार्वजनिक नीति के निर्माण को प्रभावित करता है। भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में से एक है, जहां नीति पर अपनी राय के साथ हर किसी की अपनी आवाज है, लेकिन ये लंबे समय तक व्यवधान संसद की क्षमता को कम कर रहा है। दिन के अंत में हमें क्या परिणाम मिलता है, और चर्चा से हमें कितना लाभ होता है? हमें जो जवाब मिलते हैं, वे कुछ भी प्रभावी परिणाम नहीं हैं, हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने शब्दों में कहा कि कानून का निर्माण विधायिका द्वारा सही लक्ष्य तक नहीं किया गया है और कुछ खामियां अभी भी कायम हैं। सरकार को लोगों की जरूरत के हिसाब से उचित कानून बनाने की जरूरत है। इस तरह का हंगामा कोई नई बात नहीं है, हमारे लोकतंत्र में यह एक नया सामान्य हो गया है। अब समय आ गया है कि हम अपनी संसदीय प्रक्रिया को बेहतर दक्षता के साथ सही दिशा में ले जाएं।

एक और बात हम सार्वजनिक रूप से उपलब्ध व्यक्ति के ट्रैक रिकॉर्ड और कार्यवाही में व्यक्ति कैसे कार्य कर रहे हैं, के साथ भविष्य के चुनावों के लिए प्रतिनिधियों को निलंबित कर सकते हैं। भारत में सहभागी लोकतंत्र है, यहां हर कोई अपनी राय सरकार के सामने रख सकता है, यहां विपक्ष और सत्ताधारी दल को कानून बनाने के लिए उचित तालमेल की जरूरत है।

# पंचायती राज का सशक्तिकरण कैसे हो?

कुलभूषण उपमन्यु

एक लंबे इंतजार के बाद पंचायती राज ने नाम मात्र की स्थानीय स्वशासन की इकाई से एक संवैधानिक वास्तविक शक्ति संपन्न स्वशासन की इकाई होने तक का सफर तय किया है। शुरू में पंचायती राज कानूनों में यह लिखा रहता था कि पंचायतें राज्य सरकार के एजेंट के रूप में कार्य करेंगी। पंचायतें राज्य सरकारों के रहम पर निर्भर थीं। अपनी इच्छा से पंचायतों का चुनाव होता था। कोई निश्चित अवधि नहीं थी। बजट का भी निश्चित प्रावधान नहीं था। हालांकि महात्मा गांधी पंचायतों को शासन की रीढ़ बनाना चाहते थे, किन्तु संविधान में पंचायती राज को राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों में स्थान देकर भविष्य में स्थापित करने के संकल्प के रूप में स्थापित किया गया। 73वें संविधान संशोधन के बाद पंचायतों को संवैधानिक दर्जा मिला। हर पांच साल में चुनाव होने लगे, राज्य वित्तायोग के माध्यम से निश्चित बजट मिलने लगा। पंचायत की विकास योजना बनाने की जिम्मेदारी पंचायत की ग्रामसभा के हवाले की गई। पंचायतों का वास्तविक स्वतंत्रता से कार्य करने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस बड़ी उपलब्धि के बावजूद पंचायती राज की मूल भावना के अनुरूप ग्रामसभा को वास्तविक रूप से असली शक्ति हस्तांतरित करने का मूल कार्य अभी होना बाकी है।

पंचायतों को प्रत्यक्ष प्रजातंत्र की इकाई के रूप में देखा गया है। इसी उद्देश्य से पंचायतों में बड़ी आबादी को देखते हुए यह सोचा गया था कि पंचायत में अनेक गांव होने के चलते उनकी समस्याएं विविध होती हैं जहां प्रत्यक्ष निर्णय कई बार कठिन होता है। इसलिए कई राज्यों ने वार्ड स्तर पर पल्ली सभा या उप ग्रामसभा का प्रावधान किया गया है। हिमाचल प्रदेश में भी उप ग्रामसभा का प्रावधान किया गया है। इसके पीछे अपेक्षा यह थी कि गांव के लोग सामूहिक चर्चा के द्वारा गांव की सामूहिक समस्याओं और एक-दूसरे की निजी समस्याओं को नजदीकी रिश्तों के कारण बेहतर समझते हैं, इसलिए उनके निराकरण की बेहतर योजना भी बना सकेंगे। इस व्यवस्था में सहज ही पारदर्शिता भी बनाई जा सकेगी और इससे भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। किन्तु तमाम अच्छी बातों के बावजूद पंचायती राज संस्थाएं निहित स्वार्थों की भेंट चढ़ती दिख रही हैं। हालांकि बहुत सी अपेक्षाएं पूरी भी हो रही हैं, बजट काफी मात्रा में मिल रहा है, किन्तु ग्रामसभा को सशक्त करने और पारदर्शिता को सुनिश्चित करने का कार्य पिछड़ता लग रहा है।

इसके साथ ही प्रशासनिक स्तर पर पंचायतों को सशक्त करने के बजाय नियंत्रित करने के प्रयास अधिक हो रहे हैं। पुरानी समझ, जिसमें पंचायतों को सरकार की एजेंट के रूप में देख कर प्रशासनिक नियंत्रण में रखा जाता था, लगभग उसी दिशा को मजबूत करने के प्रयास होते रहते हैं। योजना निर्माण के बदले इच्छित सूची बनाने का कार्य होता है जो चुने हुए प्रतिनिधियों की इच्छाओं पर ज्यादा निर्भर होता है। पंचायत प्रतिनिधि भी अंदरखाते यह कोशिश करते रहते हैं कि ग्रामसभा का कोरम कम से कम रहे तो मनमाना फैसला करने का अवसर चुनी हुई कार्यकारिणी को मिल जाए। आम लोग भी समझ और जानकारी के अभाव में इस स्थिति से समझौता कर बैठे हैं। पंचायत प्रतिनिधि ग्राम पंचायत की ग्रामसभा को सशक्त करके एक निर्णय-सक्षम इकाई के रूप में विकसित करने के बजाय निर्माण कार्यों को क्रियान्वित करने तक सीमित होते जा रहे हैं। इसमें कई जगह प्रशासन और पंचायत कार्यकारिणी की मिलीभगत भी दिखाई देती है, जिसके द्वारा निर्माण कार्यों का पैसा बचा कर आपस में बंटवारा करने की प्रवृत्ति झलकती है। कोशिश की जाती है कि मनरेगा जैसे कार्यों में भी उन्हीं कार्यों को प्राथमिकता दी जाए जिनमें कुछ सामग्री खरीद की जरूरत हो। प्राकृतिक संसाधन विकास करने की दिशा में तो न ग्रामसभाओं में चर्चा होती है न ही प्रशासनिक दबाव बनाया जाता है। इसके चलते गांव के चरागाह, जंगल और जलस्त्रोतों का संरक्षण हाशिए पर ही रहते हैं। एक समय का उत्पादक पशु धन सडकों पर बेसहारा घूम रहा है। कचरा प्रबंधन की अत्यंत आवश्यकता है।

किन्तु स्वच्छता अभियान के दबावों के बावजूद गांव प्लास्टिक कचरे से पटते जा रहे हैं। तमाम खर्चों के बावजूद ग्रामीण सिंचाई व्यवस्था चौपट होती जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला का चेन झपटा

पटना सिटी। अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड में महिला मालवी कपूर के गले से सोने का चेन बाइक सवार दो उच्चकों ने झपट लिया। पीड़ित महिला ने बताया कि वह भूतनाथ मोड़ पर बच्चे को स्कूल बस में बैठा कर घर लौट रही थी। इसी दौरान दो बाइक सवार अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। महिला ने शोर मचाया, तब आसपास के लोग जुटे, तब तक अपराधी दूर भाग चुके थे। इसी बीच गश्त पर रही पुलिस दल भी मौके पर पहुंच कर मामले में जांच पड़ताल की।

### प्रतिरोध मार्च की सफलता को राजद की बैठक

पटना सिटी। राजद नेताओं की सात अगस्त को प्रस्तावित महंगाई, सुखाड़, बेरोजगारी, जीएसटी व भ्रष्टाचार के मुद्दों पर प्रतिरोध मार्च को लेकर शाह की इमली में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता वार्ड अध्यक्ष नाथू राय और संचालन प्रवक्ता मो साबिर अली ने किया। इसमें प्रतिरोध मार्च में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का संकल्प लिया गया। बैठक में कमाल अशरफ, मो पिंकू, मो शमशाद, शमीम अहमद, नैयर अंजुम, सैयद फैसल, आफताब आलम, रिजवान अहमद, जैनुल आबेदीन, राकेश यादव, मो फिरोज आदि शामिल थे।

### नशापान पर हंगामा करने का आरोपी गिरफ्तार

बाढ़। अनुमण्डल अंतर्गत अथमलगोला थाना पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे करजान निवासी अनूप कुमार उर्फ टमटम को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक काफी हो हल्ला मचा रहा था।जिसे ग्रामीणों द्वारा मिली शिकायत के आधार पर तत्काल पहुंची थाना पुलिस हिरासत में लेकर थाना लाई।जहां ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद नशापान की पुष्टि होने पर विधिवत सुसंगत धारा के तहत गिरफ्तार कर आगे की करवाई में पुलिस जुटी हुई है।

### नेत्र जांच शिविर के लाभुकों के बीच चश्मा वितरण

फतुहा। नगर परिषद फतुहा के वार्ड नं 7 में बीते दिनों मुख्य पार्षद रूपा कुमारी एवं प्रतिनिधि टुनटुन यादव, पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, समाजसेवी सुधीर कुमार यादव के नेतृत्व में नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें लोगों को जांच के बाद जरुरतमंद लोगों चश्मा देने की बात कही गई थी। उसी को लेकर वार्ड नं 7 में पार्षद संजू देवी के नेतृत्व में लाभुको के बीच चश्मा वितरण किया गया। चश्मा मिलने पर लाभुकों में हर्ष का माहौल है। मौके पर वार्ड पार्षद संजू देवी, ज्ञान प्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जड़ी बूटी वितरण तथा पौधारोपण का कार्यक्रम हुआ आयोजित

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता



पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में परम पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में जड़ी-बूटी दिवस के अवसर पर योगाचार्य हरिनारायण प्रधान के संयोजन मे एसडीएम बाढ़ श्री कुंदन कुमार के सानिध्य में प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सिंह राजू, जदयू पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी ,भारत विकास परिषद के ग्रामीण शाखा के सचिव सुधीर कुमार गुलशन, योग शिक्षक देवेंद्र कुमार, अमित कुमार ,अजीत कुमार ,संजीत कुमार, जयप्रकाश, आकाश कुमार, राजीव कुमार एवं सुजीत कुमार के साथ अनेक गणमान्य लोगों के साथ जड़ी बूटी वितरण तथा पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। अपने उद्बोधन में एसडीएम बाढ़ कुंदन कुमार ने कहा कि यदि हम अपना आहार-विहार ठीक रखें और हमारे अगल-बगल में ही अनेक प्रकार के जड़ी बूटी उपलब्ध है जिसके बारे में सही जानकारी हो तो हमें अंग्रेजी दवाई लेने की कोई आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि अंग्रेजी दवाई के अनेक दुष्प्रभाव पाए जाते हैं इसलिए अपना आहार-विहार को ठीक रखते हुए प्रतिदिन योग करें और शरीर में किसी प्रकार का समस्या होने पर आयुर्वेद में जड़ी बूटी का सही सदुपयोग करें तो हम लोग बिल्कुल स्वस्थ जीवन जी सकते हैं । योगाचार्य हरिनारायण प्रधान के द्वारा अनेक प्रकार के जड़ी बूटी जैसे अश्वगंधा ,तुलसी, गिलोय एलोवेरा, लेमन ग्रास ,कड़ी पत्ता, पुनर्नवा, भूमि आंवला के बारे में बताया। हमारे शरीर में जो भी तत्व की आवश्यकता है परमात्मा के द्वारा सृष्टि में जड़ी बूटी, पेड़ पौधे के रूप में सभी तत्व उपलब्ध है। हम उसके सही जानकारी लेकर और लोगों को जागरूक बनाकर हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने में सहायक हो सकते हैं। हमारा सौभाग्य है की हमारे सामने श्रद्धा आचार्य बालकृष्ण जी के द्वारा वर्ल्ड हर्बल इनसाइक्लोपीडिया के द्वारा लाखों प्रकार के जड़ी बूटी के बारे में बताया गया है। डॉ अशोक कुमार सिंह तथा राजेश सिंह राजू भी अपने उद्बोधन में जड़ी-बूटी के क्षेत्र में श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी के अनुपम योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में सबको गिलोय तुलसी का काढ़ा पिलाया गया।

## शेरपुर की जगह दानापुर पीपापुल घाट से दिघवारा प्रस्तावित सिक्स लेन पुल बनाने की मांग

दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर नगर के अखिल भारतीय बाढ़, सुखाड़ और कटाव पीड़ित संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ,जन संघर्ष मोर्चा ,बिहार के मुख्य संरक्षक और जवान किसान मजदूर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राम भजन सिंह यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री ,पथ निर्माण मंत्री ,मुख्य सचिव ,विकास आयुक्त, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव, पटना के आयुक्त, पटना के जिलाधिकारी, दानापुर के अनुमंडल अधिकारी, दानापुर प्रखंड के अंचलाधिकारी ,प्रखंड विकास पदाधिकारी को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर मांग किया गया कि दानापुर दियारा की जनता की व्यापक हित में शेरपुर से बनने वाले प्रस्तावित सिक्स लेन पुल को दानापुर पीपा पुल घाट से दिघवारा के बीच बनाया जाए और पुल का एप्रोच रोड दानापुर दियारा के हर शाम चक, माधोपुर,पतलापुर या अकिलपुर में उतारा जाए। यादव ने तर्क दिया है कि दानापुर दियारा करीब 25 किलोमीटर के रेडियस में फैला हुआ है ।जिसमें 11 पंचायतें और छोटे-बड़े 80 से अधिक गांव हैं जिसमें दानापुर ,पटनासदर ,दिघवारा ,सोनपुर आदि प्रखंडों के अंतर्गत सभी पंचायत और गांव आते है । पीपा पुल बनने के समय भी दियारा का सर्वे करके दियारा के बीचो बीच पीपा पुल को बनवाया गया था। शेरपुर से पश्चिम रामपुर दियारा से पुल बनाने से दानापुर दियारा की 5,00000 जनता विकास से मरहूम हो जाएगी । यादव ने कहा कि लगातार 20 सालों से दानापुर दियारा में पीपा पुल घाट से पक्का पुल बनाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय बाढ़ ,सुखाड़ ,और कटाव पीड़ित संघर्ष मोर्चा द्वारा आंदोलन किया जाता रहा है ।मोर्चा ने बार-बार सरकार को इस आशय का ज्ञापन भी सौंपा है ।लेकिन सरकार किसी खास व्यक्ति के प्रभाव में आकर दियारा की जनता की आकांक्षाओं को बुलडोज करते हुए प्रस्तावित सिक्स लेन पुल को दानापुर पीपा पुल घाट को जगह शेरपुर से बनाने की बात कह रही है जो कभी भी संभव नहीं होने दिया जाएगा ।यादव ने सरकार को आगाह किया है कि अगर मोर्चा के मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए एक सप्ताह के अंदर शेरपुर से बनने वाले प्रस्तावित पुल को दानापुर पीपा पुल घाट से बनाने का समुचित आदेश नहीं पारित किया गया तो मोर्चा द्वारा दियारा में पुनः पदयात्रा कर दियारा की जनता को जागरूक किया जाएगा और शेरपुर से बनने वाले प्रस्तावित पुल का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

## तख्तश्री कमेटी के आज बैठक में बजट व सर्विस रूल होगा पास

### देर रात तक रणनीति बनाने में जुटा रहा पक्ष-विपक्ष

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी की बैठक शुक्रवार को पूर्वाह्न में होनी है। इसे लेकर पक्ष और विपक्ष दोनों रणनीति बनाने और एक-दूसरे को शह-मात देने के प्रयास में लगे हैं। बैठक में मुख्य रूप से बजट को पास कराना, यहां कार्यरत कर्मियों और सेवादारों के लिए सर्विस रूल को पेश कर उसे पास कराना, स्कूल की बनी कमेटी पर सहमति जताना और अन्य भी मुद्दे शामिल हैं। इस बैठक में अनेक निर्णय भी लिए जा सकते हैं। इस संबंध में अवतार सिंह हित ने बताया कि बैठक को लेकर उनकी पूरी तैयारी है। कोरम भी पूरा रहेगा। बैठक में भाग लेने के लिए पांच पदाधिकारी के अलावा सदस्य गुरुबिंदर सिंह यहां मौजूद हैं। श्री लोगोंवाल कल सुबह पटना आ जाएंगे। वही दो सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन एवं राजा सिंह को बैठक की सूचना नहीं दिए जाने के बारे में कहा गया कि दोनों पर श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा बैठक में भाग लेने पर रोक लगाई गई है। इस कारण से उन्हें बैठक की सूचना नहीं दी गई है। हरपाल सिंह जौहल के बारे में बताया गया कि कमेटी पूर्व में ही सर्वसम्मति के साथ उनकी सदस्यता समाप्त कर चुकी है और उनकी जगह तख्तश्री कमेटी के पूर्व महासचिव चरणजीत सिंह को सदस्य चुन लिया गया है और वे अपना काम भी बखूबी कर रहे हैं। वही हरपाल सिंह जौहल को चौक थाना में जाकर थानाध्यक्ष से बात की। संभवतः वह अपनी बात वहां रखने के लिए गए थे। सरदार राजा सिंह ने कहा कि सदस्य डॉ गुरमीत सिंह बैठक में भाग लेने के लिए पटना आ चुके हैं। वहीं दूसरी ओर अचानक से तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी इकबाल सिंह सुबह पटना साहिब पहुंचे। उनके पहुंचने के साथ ही अचानक सत्ता पक्ष के खेमे में खलबली मच गई। वहीं दूसरी ओर जालंधर के करतारपुर के रहने वाले डॉक्टर गुरुबिंदर सिंह सामरा ने तख्तश्री पटना साहिब में करोड़ों रुपए के सोना, चांदी और कीमती नग आदि का सामान यहां दान किया था। इसे लेकर भी विवाद पैदा हो गया है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर छह अगस्त को पटना साहिब आकर अपनी बात मीडिया के माध्यम से देश-विदेश के लोगों के समक्ष रखने की बात कही थी। हालांकि वे गुरुवार को ही पटना पहुंच चुके हैं, मगर पटना साहिब नहीं आए हैं। उनकी बात अध्यक्ष अवतार सिंह हित से मोबाइल पर हुई है। वहीं सत्ता पक्ष के लोग डॉ गुरुबिंदर सिंह सामरा को घेरने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। इन सबों का कहना है कि उनके खिलाफ पंजाब के थाना और कोर्ट में अनेक मामले रहे हैं, जिसमें अधिकांश में 420 का मामला रहा है। इस संबंध में श्री सामरा का पक्ष जानने की कोशिश की गई, मगर सुबह से ही लगातार उनका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था। अब देखना है कि कल की बैठक में क्या निर्णय हो पाता है और विपक्ष कितना हावी होता है।

## अखाड़ों को लाइसेंस लेना जरूरी 3 अस्थायी थाना खुलेगा

### मुहर्रम को ले शांति समिति की की हुई मीटिंग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



अनुमंडलीय शांति समिति की बैठक गुरुवार को गुलजारबाग स्टेडियम में एसडीओ मुकेश रंजन की अध्यक्षता में हुई। इसमें उन्होंने लोगों को प्रशासनिक तैयारियों से अवगत कराते हुए कहा कि स्थापित होने वाले सिपहर व ताजियों को लाइसेंस लेना होगा। निर्धारित मार्ग से ही पहलाम के लिए जाना होगा। तीन अस्थायी थाना दरगाह कर्बला, तिराहे की मसजिद एवं पत्थर की मस्जिद में खुलेगा। डीजे, तलबारबाजी व भड़काऊ नारा पर लुरी तरह से रोक होगा। नगर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने कहा कि जुलूस की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। सीसीटीवी लगेगा, ताकि सब कुछ पारदर्शिता रहे। बैठक में डीएसपी अमित शरण ने भी थानाध्यक्षों को कड़ी चौकसी बरतने का निर्देश देते हुए संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती व आसूचना को सक्रिय करने को कहा। इसमें सदस्यों को सहयोग करने को कहा गया। बैठक में थानाध्यक्ष, निगम, विद्युत विभाग व फायर विभाग के पदाधिकारियों, अस्पताल अधीक्षक डॉ आरआर चौधरी, कुंबर जी के साथ शांति समिति के सदस्यों में पूर्व पार्षद धर्मेंद्र प्रसाद मुन्ना, अभिषेक रिंकू, रामजी योगेश, अंजू सिंह, गणेश कुमार, फिरोज हसन, पूर्व पार्षद गुलफिजां जबीं उर्फ सुग्गन, मो कलीम आदि उपस्थित थे।

## मुहर्रम पर नौचंदी की मजलिस, आज निकलेगा अलम का जुलूस

### एडीजी नैयर हसनैन को इराक की कर्बला से मिले परचम की जियारत कराया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



चमडोरिया स्थित दरगाह ए बाबुल हवाएज हजरत अब्बास, चमडोरिया इमामबाड़ा में नौचंदी की मजलिस का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसमें लखनऊ से पहुंचे मौलाना रहमत हुसैन नकवी ने तकरीर करते हुए कहा कि मुहर्रम सच के लिए कुरबान होने के शहादत की दास्तां है। इससे पहले एडीजी नैयर हसनैन खान को इराक की कर्बला से मिले परचम की जियारत भी जायरीनों को करायी गयी। इस दौरान जीनत ए अजा,दस्त ए सज्जदिया लोगों ने नौहाखानी किया। आयोजन में एडीजी नैयर हसनैन खान, दरगाह के सचिव शाह जौहर इमाम जौनी, तनवीरूल हसन तन्नू, दरगाह के अध्यक्ष सलमान हुसैन, सैयद सरबर अली, डॉ सिकंदर अली खां आदि शामिल हुए। दूसरे अंजूमन से जुड़े लोग भी मौजूद थे। सचिव ने बताया कि छठे मुहर्रम पर शुक्रवार को नौजर कटरा से अलम का जुलूस निकाला जायेगा। सातवीं से दशमी मुहर्रम तक अलम व ताबूत के साथ जंजीरी मातम का जुलूस अलम के साथ निकाल जायेगा।

## सांगीतिक विरासत हैं गायक किशोर दा

### युवा पीढ़ी इसे संजोये : नेक आलम



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

स्वर सम्राट व अभिनेता किशोर दा की आवाज की दीवानी लोग आज भी हैं। वह सिर्फ जनमानस के गायक ही नहीं थे, जिंदगी कैसे जिया जाए, उनके अंदाज निराले थे। इसीलिये वे सदाबहार गायकों में शुमार थे। ये बातें स्वरांजलि द्वारा आयोजित जंगली प्रसाद लेन स्थित स्वरांजलि सभागार में गायक किशोर कुमार के जन्मदिन पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद व संगीत मर्मज्ञ डॉ ध्रुव कुमार ने कही। उद्घाटन करते शिक्षाविद नेक आलम ने कहा कि किशोर दा जैसा गायक सदियों में सिर्फ एक बार पैदा होते हैं, वो सांगीतिक विरासत हैं। इस दौरान प्रभात कुमार धवन, नितिन कुमार वर्मा ने भी विचार रखे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनिल रश्मि, आरपी लाल, सुबोध अजनबी, सतराज पनवार, नीतिन कुमार वर्मा, विपिन मंडल, रोहन कुमार, प्रिंस ने भी किशोर दा की गीत को आवाज दे जन्मदिन की बधाई दी। शुरू में किशोर दा के तैल चित्र पर कलाकारों व अतिथियों ने पुष्प अर्पित की। संचालन जितेन्द्र कुमार पाल व धन्यवाद ज्ञापन दुधेश्वर प्रसाद गुप्ता ने किया। मौके पर संजय यादव, राजा पुद्ध, साहिल कुमार मेहता, सौरभ राज, दीपक कुमार, राजवीर कुमार, सुनीता रानी, बबली कुमारी मौजूद थीं।

## बीपीएससी में 29वां रैंक लाकर ऋषिता स्नेह बनी डीएसपी

### फतुहा का नाम रौशन करने पर बधाई देने वालों का लगा तांता



फतुहा, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के सम्मसपुर निवासी राजेश उर्फ राजू जायसवाल की पुत्री बनी डीएसपी। 66वां बीपीएससी परीक्षा में ऋषिता स्नेह को मिला 29वां रैंक। इस संबंध में ऋषिता स्नेह ने बताया कि किताबों का सही चयन और सोशल मीडिया का सही प्रयोग किया है। तैयारी में सेल्फ स्टडी महत्वपूर्ण है। वहीं हर्ष व्यक्त करते हुए ऋषिता स्नेह की मां बेबी जायसवाल ने कहा कि बेटी को पढ़ने में हरसंभव कोशिश किया। वहीं पिता राजेश उर्फ राजू जायसवाल ने कहा कि फतुहा की हर बेटी कामयाब हो मेरी यह इच्छा है।

ऋषिता स्नेह के छोटे भाई निखिल जायसवाल ने कहा कि दीदी का सपना पूरा होने से हम सभी बहुत खुश हैं। ऋषिता स्नेह को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बधाई देने वालों में प्रवीण जायसवाल, दीपक जायसवाल, गौतम जायसवाल, पूर्व उपाध्यक्ष वसंत पासवान, राजन पासवान, मुख्य पार्षद रूपा कुमारी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव, पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, समाजसेवी सुधीर कुमार यादव, जयप्रकाश यादव उर्फ चंगरू जी सहित अन्य लोगों ने बधाई और शुभकामना दिया है।

## ट्रेन से कटने ने कारण 37 वर्षीय युवक की मौत

दानापुर खगौल, प्रात : किरण संवाददाता



गुरुवार की सुबह सदीसोपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक ट्रेन से कटने के कारण एक युवक की मौत हो गई युवक की पहचान नौबतपुर तिसखोरा निवासी शिव कुमार शाह का पुत्र 33 वर्षीय उमा शरण है। इस संबंध में दानापुर रेलवे स्टेशन जीआरपी प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करवाने के बाद मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया है। खगौल में फिर से विभिन्न कलाओं, खेलकूद को पुनर्जीवित किया जाएगा एसडीएम विक्रम विरकर दानापुर खगौल को अब जल्द अतिक्रमण मुक्ति के साथ ऑडिटोरियम, खेल मैदान, पार्क, लाईब्रेरी की सुविधा प्राप्त होने वाली है। इसको लेकर दानापुर अनुमंडलाधिकारी विक्रम वीरकर ने अपने स्तर पहल करने की बात कही है। बुधवार को खगौल थाना परिसर में हुए मुहर्रम को लेकर शांति समिति के बैठक में मौजूद स्थानीय लोगों ने इस महत्वपूर्ण बिन्दु पर उन्हे जानकारी दी तो वे संज्ञान लेते हुए लोगों को आस्वस्त किया कि बहुत जल्द नगर से अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने का काम पूर्ण किया जाएगा, पूर्वी रेल ओवर ब्रिज पर रौशनी की व्यवस्था एवं गाड़ीखाना रोड डिवाइडर पर रौशनी आदि जैसी समस्याओं को दूर करा दिया जाएगा। महान बैज्ञानिक आर्यभ्ट्ट और चाणक्य की कर्मभूमि रही सांस्कृतिक एतिहासिक नगरी खगौल में फिर से विभिन्न कलाओं, खेलकूद को पुनर्जिवित किया जाएगा। इस के यहाँ विभिन्न कलाओं, खेलकूद आदि के लिए एक संबन्धित जानकारों की कमिटी बनाया जाएगा। वहीं स्थानीय थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने स्थानीय दुकानदारों को सुरक्षा को ध्यान में रख कर अपने अपने दुकानों के सामने रौशनी के लिये बल्ब और सीसीटीवी लगाने की बात कही है।

## गोस्वामी तुलसीदास जी ने जनमानस में आस्था और विश्वास स्थापित किया: डॉ अंजेश कुमार

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता



राम भक्ति के माध्यम से गोस्वामी तुलसीदास ने भारतीय जनमानस में आस्था और विश्वास को फिर से स्थापित किया। उनकी भक्ति भावना लोकमंगल से ओतप्रोत है। उन्होंने मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के चरित्र में भक्ति ,शक्ति, शील और सौंदर्य को लोक भाषा में विकसित किया और लोक शक्ति को सनातन संस्कृति से जोड़ते हुए उन्हें सर्वाधिक रूप सेशक्ति संपन्न बनाया। तुलसी युग द्दष्टा और युग द्दष्टा दोनों ही हैं। उन्होंने समाज में समरसता लाने के लिए अपने संपूर्ण साहित्य में प्रेम पर अधिकाधिक जोर दिया। वैष्णव और शैव मत को एक साथ जोड़ा। भक्ति और ज्ञान का, निर्गुण और सगुण का, सन्यासी और गृहस्थ का आपसी मतभेद समाप्त किया। वास्तव में तुलसी एक लोक धर्मी और प्रयोग धर्मी संत के रूप में प्रतिष्ठित हुए। यह विचार आज संभावना चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजिततुलसी जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक सचिव तथा संभावना सुरभि राष्ट्रीय मासिक पत्रिका के संरक्षक डॉ अंजेश कुमार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जयंती समारोह का संचालन करते हुए संभावना सुरभि राष्ट्रीय मासिक पत्रिका के संपादक प्रोफेसर साधु शरण सिंह सुमन ने तुलसी के जीवन क्रम पर प्रकाश डाला तथा उनके संघर्ष को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में सझा बाती पत्रिका के संपादक हेमंत कुमार ने तुलसी के प्रति काव्य पाठ किया। इस अवसर पर बाढ़ शिक्षक संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद सिंह योगाचार्य हरिनारायण प्रधान ,अरुण कुमार सिंह ,गोपी कृष्णआश्रम के संचालक ब्यास सुधीर कुमार ,सुरेश चंद्र प्रसाद सिंह ,रोहित कुमार सिंहबालमुकुंद शर्मा ,मुख्य वक्ता शशिभूषण प्रसाद सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक ने अपनी विद्वता पूर्ण शैली में गोस्वामी जी के उपलब्ध साहित्य और मानस विषयक प्रसंगों पर सारगर्भित विचार व्यक्त किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ सियाराम सिंह ने अपने उद्बोधन में तुलसी के प्रयोग के लिए प्रयोग के स्वभाव और अध्यात्म के बल पर ऊंचाई को पाने के विधाओं को उल्लेखित किया। अध्यक्षीय भाषण करते हुए प्रोफेसर डॉक्टर बालेश्वर चौधरी ने युवा पीढ़ी से राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया तथा कहा कि आज राम को मानने से ज्यादा राम को जानने की जरूरत है ।नई पीढ़ी राम को जाने और सियाराम मय सब जग जानी। करो प्रणाम जोर जुग पानी के भाव का अनुपालन करें तो समाज का कल्याण और कुछ उत्तमआदर्श की सहज स्थापना हो सकती है। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व प्रधानाध्यापक भूपेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर अनेक वक्ताओं का भी सम्मान किया गया। जयंती समारोह में बाढ़ के दर्जनों महानुभाव तथा वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। अहिंसा प्रशिक्षण से जुड़े कार्यकर्ता सनी कुमार सुधीर कुमार गुलशन तथा अणुव्रत आंदोलन के बिहार प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिंह सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।

### हथियार के बल पर अपराधियों ने लूटी सोने की चैन

**बिहटा।** गुरुवार को बिहटा-आरा मुख्य मार्ग में थाना क्षेत्र के कालीस्थान के समीप हथियारबंद अपराधियो ने बैंक के मैनेजर से सोने के चेन छीन कर फरार हो गया ।दो बाइक पर सवार चार हथियारबंद अपराधियों ने घटना का अंजाम तब दिया जब बैंक मैनेजर बाइक से डियूटी जा रहे थे ।इस संबंध में पीड़ित भोजपुर के कोईलवर निवासी ने बिहटा थाना में लिखित शिकायत देकर गुहार लगाई है ।बताया जाता है कि राणा राजीव प्रताप बिहटा स्थित ऐक्सिस बैंक में डिप्टी मैनेजर के रूप में पदस्थापित है ।गुरुवार को सुबह करीब नौ बजे कोइलवर के पठन टोली से अपने बाइक पर सवार होकर डियूटी पर जा रहे थे ।बिहटा-आरा मुख्य मार्ग में कालीस्थान के समीप पंहुचने पर दो बाइक पर सवार चार अज्ञात अपराधयों ने बाइक को ओवरटेक कर उनके बाइक को रोक दिया ।बाइक को रुकते ही वे सभी कमर से हथियार निकाल कर दिमाग पर भिड़ाकर लूटपाट करने लगा।

## बीडी पाण्डेय स्कूल में संत तुलसीदास जयंती व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता



गुरुवार को प्रखण्ड के राघोपुर स्थित बीडी पाण्डेय स्कूल में संत तुलसीदास जयंती और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घटान पटना विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति रासबिहारी प्रसाद सिंह एवं एसडीआरएफ के द्वितीय कमान अधिकारी कृष्ण कुमार झा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं संत शिरोमणी गोस्वामी तुलसीदास के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि से किया ।इस मौके पर मुख्य वक्ता पटना विश्व विद्यालय के पूर्व कुलपति रासबिहारी प्रसाद सिंह एवं एसडीआरएफ के द्वितीय कमान अधिकारी कृष्ण कुमार झा ने कहा कि

तुलसीदासजी ने अपना पूरा जीवन राम नाम व्यतीत किया और समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज भी उठाई। उन्होंने अपनी रचनाओं द्वारा कुरीतियों को खत्म करने का प्रयास किया। तुलसीदासजी ने अपनी सभी रचनाएं अवधि और ब्रज भाषा में लिखी हैं। तुलसीदासजी को ही रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि का अवतार माना गया है।

इस मौके पर छात्र-छात्राओ ने बहुत ही मनमोहक सांकृतिक कार्यक्रम के माध्यम से रामचरितमानस का प्रसंग प्रस्तुत कर सभी को मुग्ध कर दिया।

### कबीर सर्किट के लिए जल्द होगा बिहार में कार्य

**फतुहा।** शहर में दरियापुर स्थित आचार्य गद्दी कबीरपंथी मठ न्यास समिति के संरक्षक महन्थ ब्रजेश मुनि ने आज दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मिलकर उन्हें 28 से 30 जुलाई तक आयोजित कबीर जयन्ती महोत्सव साम्प्रदायिक सौहार्द मेला में प्रकाशित स्मारिका भेंट की और गुरु नानक देव सहित मध्यकालीन संतों का समागम स्थल फतुहा कबीर मठ को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के कबीर सर्किट का प्रस्ताव दिया। केंद्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आश्वासन दिया और कहा कि वर्तमान में विश्व समुदाय के लिए प्रासंगिक है सद्गुरु कबीर का जीवन दर्शन। उन्होंने कहा कि बिहार के पर्यटन विभाग से इस आशय का प्रस्ताव केन्द्र को दें। कबीर सर्किट के लिए जल्द होगा बिहार में कार्य। मौके पर सोनबरसा के विधायक, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य रत्नेश सादा भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मैजिक वाहन की ठोकर से कांवरिया घायल

मुंगेर । संग्रामपुर थाना क्षेत्र नवगांई चौक के समीप अपनी वाहन रोककर चाय पीने उतरे एक कांवरिया को मैजिक वाहन ने धक्का मार दिया और चालक मैजिक वाहन लेकर फरार हो गया घायल कांवरिया के साथी एवं ग्रामीणों के सहयोग से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे विशेष चिकित्सा के लिए भागलपुर भेज दिया गया है घायल कांवरिया कमल देव राय ग्राम गौछा थाना महाराजगंज जिला सिवान का रहने वाला है वे अपने साथियों के साथ सुल्तानगंज से जल भरकर बोलेरो से देवघर पूजा करने जा रहे थे।

### चोरी का टोटो वाहन बरामद

मुंगेर ।असरगंज थाना पुलिस ने शाहकुंड प्रखंड के कहबल नगर के विशाल कुमार भगत को भागलपुर से चोरी गया टोटो वाहन के एक प्राथमिकी नामजद आरोपित होने पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार 2020 में भागलपुर जिले के बाबरगंज थाना के मानिकपुर से टोटो वाहन की चोरी हुई थी इस बावत टोटो मालिक अशोक मिश्रा द्वारा भागलपुर में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था।

### निकाय कर्मचारीयो के मांग पर करे जल्द करवाई: नगर आयुक



गया।नगर निगम अभिलाषा शर्मा, भा.प्र.से., नगर आयुक्त की अध्यक्षता में स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के शिष्टमंडल के साथ उनके विभिन्न मांगो पर विचार के लिए आज एक बैठक की गई है।, कर्मचारियों के साथ विचार विमर्श के बाद नियमानुसार कारवाई करने का आश्वासन दिया गया है।,जून माह का वेतन एव पारिश्रमिक भुगतान किया गया है।

### एसएसबी द्वारा आयोजित हुआ हर घर तिरंगा कार्यक्रम

रक्सौल।भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 47 वीं बटालियन के डी समवाय भेलाही के कार्यक्षेत्र में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत नथुनी दुर्गा राजकीय उच्च विद्यालय, पूरनदरा-भेलाही में निबंध प्रतियोगिता व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान डी समवाय भेलाही की ओर से निरिक्षक, सामान्य एन. तेजमनी, उप-निरीक्षक, सामान्य, दीपक कुमार डारा व 10 अन्य जवान मौजूद थे।कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापिका अश्मिता सोम, शिक्षक ओमप्रकाश तिवारी, शारीरिक शिक्षक राकेश कुमार, सहायक शिक्षक भूपेंद्र कुमार, शिक्षिका वीरांगना कुमारी, सहायक शिक्षक शिव शंकर पंडित व शिक्षक अशोक कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम में स्कुली छात्रों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर झंडा अभियान के तहत भारतीय ध्वज संहिता, 2002 की मुख्य विशेषताएं के बारे में स्कुली बच्चों को जागरूक किया गया।साथ ही भारतीय ध्वज संहिता के तहत सभी छात्रों को अपने घरों में भारतीय ध्वज फहराने को भी प्रोत्साहित किया गया ताकि सबके मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति प्रेम, सम्मान एवं निष्ठा उत्पन्न हो सके। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-प्रमाण पत्र प्रदान कर बच्चों का हौसला अफजाई किया गया।

### विधायक पुत्र के आकस्मिक निधन पर क्लियरिंग एजेंटों ने शोक सभा आयोजित कर कार्य किया बंद

रक्सौल।स्थानीय भाजपा विधायक प्रमोद प्रमोद कुमार सिन्हा के बड़े पुत्र शैलेश कुमार सिन्हा के निधन पर पूरे शहर में शोक की लहर है, हर तरफ शोक सभा का आयोजन किया जा रहा है।इस कड़ी में कस्टम क्लियरिंग एजेंटों के द्वारा भारतीय कस्टम कार्यालय के बाहर एक शोक सभा का आयोजन किया गया।इस शोक सभा कार्यक्रम का नेतृत्व सीसीए जितेंद्र कुमार दत्ता ने की।इस दौरान कस्टम क्लियरिंग एजेंटों ने शैलेश कुमार के तैल्य चित्र पर फुलमाला चढ़ाकर व दीप जलाकर श्रद्धांजली दी और दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किए। क्लियरिंग एजेंट श्री दत्ता ने बताया कि शैलेश सिन्हा बहुत ही मृधुभाषी व्यक्ति थे, जिनका जाना सबको व्यक्तिगत क्षति प्रतीत हो रहा है। शोक सभा के बाद सभी क्लियरिंग एजेंटों ने इस दिन के लिए कार्य को बंद कर दिया।मौके पर मनोज श्रीवास्तव, मनीष रंजन, अरूण सिन्हा, अरविंद श्रीवास्तव, रंजीत श्रीवास्तव, धीरज गिरी, सुधीर मिश्रा, सुधीर मित्तल, नवीन कुमार, नंदकिशोर मल, शिवेंद्र नारायण राय, सबल किशोर राय सहित अन्य शामिल थे।

# वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधान सचिव पिछड़ा, अतिपिछड़ा विभाग बिहार सरकार ने ली ज़िला के कार्यों की जानकारी

प्रातः किरण संवाददाता



सासाराम। आज दिनांक 04.08.2022 को 17.00 बजे प्रधान सचिव ,पिछड़ा एवम अतिपिछड़ा विभाग ,बिहार सरकार,झ सहझप्रभारी सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि,सिंचाई व्यवस्था,कृषि कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति,डीजल अनुदान स्कीम,इत्यादि से संबंधित समीक्षा की गई। श्उ में जिला पदाधिकारी रोहतास धर्मेन्द्र कुमार के साथ संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता,आपदा प्रबंधन प्रभारी श्री रामरंजन सिंह भी उपस्थित थे। 1. श्उ में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिलांतर्गत सोन नदी से पानी छोड़ने से सिंचाई व्यवस्था का लक्ष्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। 2. जिला में कृषि फसल आच्छादन लगभग 76% हो गया है जो कि काफी अच्छी प्रगति है तथा अगले 2.3 दिनों में इसका लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा। 3. अ फीडर में विद्युत आपूर्ति जुलाई के महीने में औसत लगभग 392 घंटे था ,जो की अगस्त में बिहार सरकार का 16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लक्ष्य के अनुरूप 16घंटे 13 मिनट प्रति दिन दिया जा रहा है। 4. डीजल अनुदान स्कीम में जिलांतर्गत अब तक 23 आवेदन प्राप्त हो गए है, अधिक से अधिक किसानों को लाभ देने हेतु जिलाधिकारी द्वारा सभी कृषि समन्वयक के साथ बैठक भी की गई है। 5. श्उ के उपरांत जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को सभी कार्यों में तत्परता तथा लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशानिदेश दिए गए।

# डीएसपी पद पर चयनित होकर सदानंद ने बढ़ाया चिरैया का मान


प्रातः किरण संवाददाता



चिरैया। 66 वीं बीपीएससी परीक्षा में आठवीं रैंक प्राप्त कर सदानंद कुमार ने पूर्वी चंपारण जिले के साथ-साथ चिरैया का भी नाम रौशन किया है। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा की परीक्षा में सदानंद का चयन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर हुआ है। प्रखंड क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी स्व. वासुदेव प्रसाद साह के पौत्र व स्व.कमल साह के पुत्र सदानंद कुमार ने अपने दूसरे ही प्रयास में शानदार सफलता प्राप्त की है। संवाददाता से दूरभाष पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि पहले प्रयास में वे बिना किसी तैयारी के परीक्षा में बैठे थे। जिसके कारण उनको सफलता नही मिली। उनकी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा गांव के ही सरकारी स्कूल राजकीय मध्य विद्यालय मीरपुर से हुई। इसके बाद इन्होंने माध्यमिक शिक्षा प्रखंड मुख्यालय स्थित महादेव साह उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी से 2010 में मैट्रिक व 2012 में इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की। इसके उपरांत आईआईटी गुवाहाटी से बायो टेक्नोलॉजी में स्नातक किया। सदानंद ने 2017 में इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बाद प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु दिल्ली चले गए। यहां उन्होंने छह महीने तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की, लेकिन आर्थिक तंगी की वजह से इनको वापस अपने घर आना पड़ा। इसके बाद इन्होंने 2018-20 तक आईआईटी की तैयारी करा रहें पूर्णिया स्थित एक कोचिंग संस्थान में बतौर शिक्षक की नौकरी की। इसी बीच 2019 मे इनका विवाह बैरगनिया थाना क्षेत्र के बेलगंज निवासी वर्षा कुमारी से हो गया। जो बीएचएमस अंतिम वर्ष की छात्रा है। सदानंद ने 2020 में बीपीएससी की तैयारी स्वाध्याय के बल पर शुरू किया। आश्चर्य की बात यह है कि बीपीएससी परीक्षा की तैयारी के लिए इन्होंने कभी किसी कोचिंग संस्थान में पढ़ाई नही की। जो आज के युवा पीढ़ी के लिए एक मिसाल है। मां सुमित्रा देवी बताती है कि मेरा बेटा बचपन से ही मेघावी छात्र रहा हैं। कर सदानंद ने अपने किसान पिता स्व. कमल साह व गृहणी मां के सपनों को साकार किया है। सदानंद तीन भाइयों में सबसे बड़ा है व एक बड़ी बहन है। इनका मंझला भाई राजकुमार वर्तमान में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है वही सबसे छोटा भाई बृजकिशोर नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा है।

# शेरपुर की जगह दानापुर पीपापुल घाट से दिघवारा के बीच प्रस्तावित सिक्स लेन पुल बनाने की मांग

प्रातः किरण संवाददाता



दानापुर नगर के अखिल भारतीय बाढ़, सुखाड़ और कटाव पीड़ित संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ,जन संघर्ष मोर्चा ,बिहार के मुख्य संरक्षक और जवान किसान मजदूर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राम भजन सिंह यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री ,पथ निर्माण मंत्री ,मुख्य सचिव ,विकास आयुक्त, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव, पटना के आयुक्त, पटना के जिलाधिकारी, दानापुर के अनुमंडल अधिकारी, दानापुर प्रखंड के अंचलाधिकारी ,प्रखंड विकास पदाधिकारी को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर मांग किया गया कि दानापुर दियारा की जनता की व्यापक हित में शेरपुर से बनने वाले प्रस्तावित सिक्स लेन पुल को दानापुर पीपा पुल घाट से दिघवारा के बीच बनाया जाए और पुल का एप्रोच रोड दानापुर दियारा के हर शाम चक, माधोपुर,पतलापुर या अकिलपुर में उतारा जाए। यादव ने तर्क दिया है कि दानापुर दियारा करीब 25 किलोमीटर के रेडियस में फैला हुआ है ।जिसमें 11 पंचायतें और छोटे-बड़े 80 से अधिक गांव हैं जिसमें दानापुर ,पटनासदर ,दिघवारा ,सोनपुर आदि प्रखंडों के अंतर्गत सभी पंचायत और गांव आते है ।

पीपा पुल बनने के समय भी दियारा का सर्वे करके दियारा के बीचो बीच पीपा पुल को बनवाया गया था। शेरपुर से पश्चिम रामपुर दियारा से पुल बनाने से दानापुर दियारा की 5,00000 जनता विकास से मरहूम हो जाएगी । यादव ने कहा कि लगातार 20 सालों से दानापुर दियारा में पीपा पुल घाट से पक्का पुल बनाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय बाढ़ ,सुखाड़ ,और कटाव पीड़ित संघर्ष मोर्चा द्वारा आंदोलन किया जाता रहा है ।मोर्चा ने बार-बार सरकार को इस आशय का ज्ञापन भी सौंपा है ।लेकिन सरकार किसी खास व्यक्ति के प्रभाव में आकर दियारा की जनता की आकांक्षाओं को बुलडोज करते हुए प्रस्तावित सिक्स लेन पुल को दानापुर पीपा पुल घाट को जगह शेरपुर से बनाने की बात कह रही है जो कभी भी संभव नहीं होने दिया जाएगा ।यादव ने सरकार को आगाह किया है कि अगर मोर्चा के मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए एक सप्ताह के अंदर शेरपुर से बनने वाले प्रस्तावित पुल को दानापुर पीपा पुल घाट से बनाने का समुचित आदेश नहीं पारित किया गया तो मोर्चा द्वारा दियारा में पुनः पदयात्रा कर दियारा की जनता को जागरूक किया जाएगा और शेरपुर से बनने वाले प्रस्तावित पुल का पुरजोर विरोध किया जाएगा ।

# प्राइवेट बैंक के कलेक्शन एजेंट से नकदी सहित मोबाइल छीने,केस दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

उदवंतनगर। थाना क्षेत्र के सेवगार गांव के समीप दिनदहाड़े सड़क छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। दोपहर में पूर्व से घात लगाए बैठे अपराधियों ने हथियार दिखाकर एक प्राइवेट बैंक के वसूली एजेंट से नकदी सहित अन्य सामग्री व कागजात छीन लिए व चलते बने घटना की जानकारी पीड़ित ने स्थानीय थाना को दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस तहकीकात में जुट गई।

अपराधियों की धर पकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद ने बताया कि सेवगार और कुसुम्हां गांव के बीच सड़क छिनतई किए जाने की लिखित शिकायत एक प्राइवेट बैंक के कलेक्शन एजेंट ने दर्ज कराई है।

बेलाऊर की ओर से आ रहा उ जीवन स्माल फाइनेंस बैंक का कलेक्शन एजेंट संदेश थाना क्षेत्र के जमुआंव गांव निवासी भीम शंकर का पुत्र कुमार गौरव बताया जाता है। इस संबंध में युवक के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पीड़ित ने लिखित शिकायत में कहा कि बेलाऊर की ओर से बैंक का पैसा कलेक्शन कर लौट रहा था।

# तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रभारी एव जिलाअध्यक्ष ने दिए निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



गया। भाजपा जिला पदाधिकारियों की बैठक नये भवनमे भाजपा जिला कार्यालय पं। दीनदयाल उपाध्याय नगर रसलपुर में भाजपा जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ है इस श नयी भाजपा कार्यालय में आज पहली बार जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी।

इस बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी मंडलों की बैठक रविवार तक करना है। मंडलों के द्वारा शक्ति केंद्र और बुथ स्तरीय बैठक कर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का काम किया जायेगा। यह भारत के इतिहास में पहली बार घर घर तिरंगा लहराने का काम किया जा रहा है आजादी के 75 साल पूरे होने पर भारत सरकार अमृत महोत्सव मना रही है।

आजादी की लड़ाई में यही तिरंगा उठाने में अनेकों लोग। मातृभूमि के लिए शहीद हो गये थे, हमलोग उन शहिदों को याद करते हुए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हर घर में फहराने का काम करें। प्रत्येक घर में तिरंगा फहराने का काम अपने घर के छोटे सदस्य से करायें। अपने देश की आजादी कैसे प्राप्त हुई इसकी जानकारी देते हुए राष्ट्रीय ध्वज की महता पर भी चर्चा करें ताकि आनेवाली पीढ़ि सही जानकारी प्राप्त कर सके।

भाजपा गया जिला प्रभारी कृष्ण मोहन शर्मा ने कहा कि हमलोगों के लिए गौरव की बात है आजादी के 75 वर्ष पूरा होने पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिल रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की राष्टवादी सोच के कारण यह सब संभव हो पा रहा है। कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कृष्ण मोहन शर्मा ने कहा कि अभी सभी लोग सोशल मीडिया की डीपी में तिरंगा लगायेंगे उसके बाद 14 अगस्त को मौन जूलूस निकालकर एक संगोष्ठी का आयोजन करें। संगोष्ठी का विषय भारत पाकिस्तान बंटवारा के कारणों और नुकसान की चर्चा करते हुए अखंड भारत की कल्पना करना है। 13 अगस्त से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज अपने घरों पर फहराये। 15 अगस्त के सूर्यास्त के पहले क्षंडे को उतार लेने चाहिए।

इस बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र राम, डॉ अनुज कुमार, राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला महामंत्री प्रशांत कुमार, जिला मिडिया प्रभारी युगेश कुमार, जिला मंत्री विनोद सिंह, संतोष ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक कुमार, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन विश्वकर्मा, विधि प्रकोष्ठ संयोजक सुनील कुमार सिन्हा, सह संयोजक राजेश आनंद, कुमार सत्यशील, रंजीत कुमार सिंह, रंजन कुमार सिंह, चंदन भदानी, विजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

# एसडीओ एवं एसडीपीओ ने मुहर्रम को लेकर किया टीपीसी भवन में समिति की बैठक

## ताजिया निकालने को लेकर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने एक बजे के बाद किया गया समय निर्धारित

प्रातः किरण संवाददाता



मधुबनी। जिले के बिस्फी प्रखंड मुख्यालय स्थित टीपीसी भवन में एसडीएम अशोक कुमार मंडल एवं डीएसपी अरुण कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में मुहर्रम त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक के दौरान एसडीएम श्री मंडल ने अपने संबोधन करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों से शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण माहौल में मुहर्रम त्यौहार मनाने और शान्ति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया उन्होंने कहा कि प्रशासन आप सभी के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी श्री सिंह ने जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी पुलिस का मित्र हैं और पुलिस आपका मित्र हैं। आपस में शांति व्यवस्था कायम रखते हुए मित्रता कायम रखनी है। अखाड़े को समय पर निकालिए और प्रशासन द्वारा चिन्हित जुलूस रूट चार्ट को ध्यान में रखते हुए निकाले। अखाड़े में खतरनाक खेल की नुमाइश ना करें। डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध जारी रहेगी। वही बिस्फी थानाध्यक्ष राज कुमार राय ने अपने संबोधन में कहा कि थाना क्षेत्र में किसी को भी कही किसी तरह की कोई उपद्रवी नजर आएं तो तुरंत सुचना दे। थाना क्षेत्र में मुहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। जुलुस और अखाड़ा में एक सौ से अधिक भीड़ जमा नही होना है पुलिस पदाधिकारी असामाजिक तत्वों के लोगो पर कड़ी नजर रखी जायेगी। वही प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के बीच ताजिया निकालने को लेकर एक बजे समय निर्धारित किया गया। इस मौके प्रखण्ड प्रमुख रीता देवी, बीडीओ मनोज कुमार सीओ श्रीकांत सिन्हा, औंसी ओपी प्रभारी हरिद्वार शर्मा, पतौना ओपी प्रभारी प्रह्लाद शर्मा, मुखिया वशिष्ट नरायन झा, पूर्व मुखिया शाली ग्राम राय, जाप के प्रदेश सचिव मदन यादव, मुखिया मो कपिल, मो सबोउद्दीन, मो कामिल सहित जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# जनप्रतिनिधियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

रामगढ़वा।रामगढ़वा प्रखंड कार्यालय स्थित संभावना मंडप भवन परिसर में रामगढ़वा व रक्सौल प्रखंड के सभी नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन गुरुवार को हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन रामगढ़वा बीडीओ मोहम्मद सज्जाद व उप प्रमुख अरविंद कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।इसमें जिला पंचायत संसाधन केंद्र मोतिहारी से आए प्रशिक्षकों राहुल कुमार व राघवेंद्र झा ने निर्वाचित समिति सदस्यों के अधिकार, कर्तव्य और कार्य की विस्तृत रूप में जानकारी दी।इसमें प्रशिक्षकों ने पंचायती राज व्यवस्था का इतिहास पंचायती के साथ पंचायती राज अधिनियम के बारे में बताया गया।वर्तमान पंचायती राज व्यवस्था की तुलनात्मक जानकारी 1943 और 1993 के पंचायती राज व्यवस्था से कर बताया गया।

# मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। सदर अस्पताल आरा स्थित दीदी की रसोई का औचक निरीक्षण राहुल सिंह आईएएस मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जीविका बिहार के द्वारा किया गया। विदित हो कि बिहार का इकलौता मानसिक आरोग्यशाला कोईलवर में भी जीविका दीदी की रसोई का शुरूआत करना है उसी संदर्भ में इनके द्वारा सदर अस्पताल आरा स्थित दीदी की रसोई का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विशेष वार्ता हुई एवं कैंटीन की अंदर साफ-सफाई खान-पान की विधि व्यवस्था को देखा गया। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त भोजपुर हरि नारायण, जिला प्रशासन के तरफ से मौजूद थे ।साथ ही डॉ अरुण कुमार उपाधीक्षक सदर अस्पताल आरा कौशल कुमार दुबे अस्पताल प्रबंधक सदर अस्पताल आरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जीविका तथा जीविका क्रांति दीदी की रसोई की सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रधान सचिव पंचायती राज ने प्रखण्ड कार्यालय का किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



उदवंतनगर। प्रधान सचिव पंचायती राज मिहिर सिंह ने उदवंतनगर प्रखण्ड मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का समीक्षा किया तथा बेहतर के लिए सुझाव मांगे। निरीक्षण के दौरान मौजूद भोजपुर के जिलाधिकारी राजकुमार से जानकारियां लीं तथा आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

लगभग डेढ़ घंटे तक उन्होंने फाइलों को खंगाला, बीडीओ और उनके अधिनस्थ कर्मियों के कार्यशैली और कार्य करने के दौरान आने वाली परेशानियों की जानकारी ली। प्रखण्ड मुख्यालय के लगभग सभी कक्षों का निरीक्षण किया ।प्रधान सचिव प्रखण्ड व पंचायती राज के तहत आने वाले विभिन्न पदों पर तैनात कर्मियों लेखपाल,टी ए, कार्यपालक सहायक, पंचायत सचिव आदि से उनके कार्य करने के तरीके,आने वाली परेशानियां तथा कार्य निष्पादन हेतु बेहतर सुझाव मांगे। उन्होंने योजनाओं का रजिस्टर, कैश बुक, पास बुक आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कबीर अंत्येष्टि, कन्या विवाह तथा आरटीपीएस की जानकारी ली। साथ ही पंचायतों में आरटीपीएस काउंटर चलाने को आदेशित किया। उन्होंने कहा कि पंचायतों में आरटीपीएस काउंटर खुलने से प्रखण्ड कार्यालय का अनावश्यक बोझ घटेगा तथा आम लोगों का पैसा व समय दोनों बचेगा। उन्होंने कबीर अंत्येष्टि के भुगतान की धीमी रफ्तार को लेकर चिंता जताई। उन्होंने बीडीओ द्वारा तत्काल किए गए पंचायत जांच का फार्मेट रिपोर्ट मांगा। प्रखण्ड कार्यालय के विभिन्न कक्षों के भ्रमण के समय कर्मियों से उनकी परेशानी पूछी। बीडीओ सहित सभी कर्मियों ने लिपिक की मांग की जिससे कार्य निष्पादन में तेजी लाया जा सके। बताते चलें इन दिनों सरकार के प्रधान सचिव व उपसचिव स्तर के पदाधिकारी पंचायतों तक जाकर कार्यो का मूल्यांकन कर रहे हैं। मौके पर उपसमाहर्ता मनोज कुमार झा, बीडीओ अरुण सिंह बीपीआरओ मुन्ना कुमार मौजूद थे।

## एमएलसी महेश्वर सिंह सुगौली पहुँच किया इलेक्ट्रिक बाइक का उद्धघाटन

प्रातः किरण संवाददाता,सुगौली। सुगौली स्टेशन चौक स्थित एनएच से सटे लक्ष्मी इंटरप्राइसेस में इलेक्टिक स्कूटी शोरूम का फीता काट कर उद्धघाटन किया। जहां बड़ी संख्या में मौजूद लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और शोरूम में रखे हुए स्कूटी विशेषतायें पूछी। उद्धघाटन करने के बाद बताया कि पॉल्यूशन मुक्त स्कूटी पर्यावरण के अनुकूल उपयोगी है। वही शोरूम के संचालक राजकुमार सर्राफ ने बताया कि एलेक्ट्रिक चार्ज से यह स्कुटी एक सौ चालीस किलोमीटर तक चल सकती है और इधन का कोई खर्चा नही होता। मेंटेनेंस का जीरो खर्च है। एक साल में जितना आप किसी बाइक में इधन में खर्च करते है उतने पैसे में आपका इलेक्टिक बाइक मिल जाएगा। वही उद्घाटन के मौके पर एमाएलसी प्रतिनिधि, मोहम्मद साबिर, संतोष कुमार, ज़िला प्रतिनिधि अरुण यादव, काशी प्रसाद सर्राफ, अरविंद कुमार सिंह मनोज सर्राफ, बिंदेश्वरी प्रसाद व मृत्युंजय कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# विभिन्न स्थानों पर पाइप बिछाने हेतु काटे गए सड़कों से तेजी से सड़को को रिस्टोर करवाये

## मेला क्षेत्र के विभिन्न विभागों के सड़कों एव गलियों को मरम्मत करवाने के निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



गया । आने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को विशेष ध्यान रखते हुएगया, जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में विष्णुपद अवस्थित संवास सदन समिति के सभा कक्ष में पितृपक्ष मेला 2022 के सफल आयोजन हेतु बनाये गए कोषांग यथा स्मारिका एव मेला व्यवस्था का प्रचार प्रसार, पहचान पत्र, वीवीआइपी पास, वाहन पास, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आमंत्रण कार्ड तथा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा की जा रही तैयारी को लेकर कोषांग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई है:इस वर्ष पितृपक्ष मेला का आयोजन 09 सितंबर से 25 सितंबर तक निर्धारित है। पितृपक्ष मेला के सफल आयोजन के लिए विभिन्न अलग अलग कार्य समिति का गठन किया गया है। सभी पदाधिकारियों को कहा कि अपने अपने कोषांग अंतर्गत दिए गए कार्य को अपने देख रेख में अनुपालन करावे।

विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को ध्यान में रखते हुए वुडको द्वारा जलापूर्ति योजना हेतु विष्णुपद क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर पाइप बिछाने हेतु काटे गए सड़कों को जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम के पहल से तेजी से सड़को को रिस्टोर करवाया गया ताकि पितृपक्ष मेला के पहले सभी सड़कें बिल्कुल फंक्शनल रहे। यात्रियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा हर तरह की मुकम्मल व्यवस्था करवाने हेतु अग्रसारित है।

जिला पदाधिकारी में कार्यपालक अभियंता बुडको को निर्देश दिया कि समीर तकिया से गवालबीघा वाली सड़क जो काटा गया है उसे 4 दिनों के अंदर रिस्टोर करते हुए सड़क निर्माण करवाएं। ,समीर तकिया से कालीबारी रोड जहां सड़क काटी गई है,उसमे ईट सोलिंग का कार्य 1 सप्ताह के अंदर पूर्ण कराएं।,अक्षय वट, माड़नपुर एव चांद चौरा की सड़कों में जहां भी पाइप लाइन में वाटर लीकेज आ रहे हैं, उसे 2 दिनों के अंदर मरम्मत करवाएं।,कालीबाड़ी से रामसागर एव नवागढ़ी से ब्राह्मणी घाट वाली सड़क को तेजी से रिस्टोर कराते हुए सड़क निर्माण करवाएं।,विष्णुपद थाना से नारायणी पुल तक काटी गई सड़कों को रिस्टोर करते हुए सड़क निर्माण 3 दिनों के अंदर करवाएं।,कोइरीबारी सड़क जो पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गई है उसे तेजी से रिस्टोर करें साथ ही उस रास्ते की आगे की बेस्ट बची सड़कों को अगले आदेश के बाद कांटे। निर्देश दिया कि9 अगस्त को मुहर्रम का जुलूस निकलने वाला है पूर्व के चिन्हित जुलूस का रूट निर्धारित है यदि उस चिन्हित रास्ते में कहीं कोई सड़क काटी गई है तो उसे 3 से 4 दिनों में रिस्टोर करते हुए सड़क निर्माण करवा दें जिससे आम जनों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो।,कर्बला के गेट के समीप एव पंचायती अखाड़ा के समीप पाइपलाइन के लीकेज को 2 दिनों के अंदर मरम्मत करवाएं। ,रामशिला से सिकरिया मोड़ वाली सड़कों को 15 अगस्त तक मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें।

नगर आयुक्त नगर निगम, कार्यपालक अभियंता बुडको तथा कार्यपालक अभियंता आरसीडी को निर्देश दिया कि पितृपक्ष मेला में कई यात्री पैदल ही मेला क्षेत्र में घूमते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए मेला क्षेत्र के विभिन्न विभागों के सड़कों.एव गलियों को मरम्मत करवा ले ताकि यात्रियों को पैदल चलने में भी किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। खावा नाला तथा खावा गली की सड़क आज की तिथि में गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। कई सारे स्लैब टूटे हुए हैं, जिससे तीर्थ यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा इसलिए अभी से ही खावा गली को प्राथमिकता देते हुए मरम्मत करवाएं। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया कि सूर्य कुंड में पानी की औसत लेवल बनाए रखने हेतु तेजी से बोरिंग कराते हुए सूर्य कुंड में पानी उपलब्ध करवाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### अभिषेक आनंद बने जन अधिकार छात्र परिषद पूर्णिया के विश्वविद्यालय अध्यक्ष

पूर्णिया/ रुपौली । जन अधिकार छात्र परिषद के पूर्णिया कार्यसमिति की घोषणा पार्टी कार्यालय पटना में जन अधिकार छात्र परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रौशन कुमार के द्वारा की गई। जिसमें पूर्णिया से अभिषेक आनंद को पूर्णिया विश्वविद्यालय अध्यक्ष बनाया गया। जन अधिकार छात्र परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रोशन कुमार ने अभिषेक आनंद को विश्वविद्यालय अध्यक्ष का लेटर पटना से जारी किया। अभिषेक आनंद को विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोनीत होने की खबर सुनकर पूर्णिया विश्वविद्यालय क्षेत्र के चारों जिले के जाप छात्र परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने बधाई दिया। अभिषेक आनंद ने अपने मनोभाव पर कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी है उसे मैं निष्ठापूर्वक निभाउंगा। अभिषेक आनंद को विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोनीत होने पर बधाई देने वालों में जाप प्रदेश प्रवक्ता सह प्रदेश महासचिव राजेश यादव, छात्र जिलाध्यक्ष-करण यादव, प्रदेश महासचिव सुमित यादव, सैयूब आलम, विशाल कुमार, कटिहार छात्र जिलाध्यक्ष चंदन कुमार, अररिया छात्र जिलाध्यक्ष-रमाकांत यादव, विनय यादव, जावेद आलम, रविश कुमार, कौशल कुमार, रोशन कुमार, तोहिद आलम, नितेश गुप्ता, मयंक ठाकुर, रिशव श्रीवास्तव, अंकित सिंह, रविशंकर कुमार, रिंटू राज, राधे वर्मा, सोनू सिंह, राहुल यादव, अंकुर आनंद, विजय कुमार, आलोक, रिजवान आलम, जीवन, अमित, राहुल सिंह और भी बहुत सारे लोग शामिल है।

### अरवल के लाल बीपीएससी में दूसरा स्थान हासिल कर जिला का नाम रौशन

प्रातः किरण संवादाता । कहां क्या है हौसला बुलंद हो तो मंजिले झुक के सलाम करती है जी हां प्रखंड क्षेत्र के कुर्था बाजार स्थित अमर्त्य कुमार आदर्श ने बीपीएससी में दूसरा स्थान प्राप्त कर इस कहावत को यथार्थ साबित किया बल्कि जिले में अपना नाम रोशन किया गरीब घर में जन्मे अमर्त्य कुमार ने बीपीएससी 66 में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके पिता उमेश ठाकुर एक निजी विद्यालय चला कर अपना जीवन यापन करते हुए बच्चों को सुदृढ़ शिक्षा देते थे जिसके परिणाम स्वरूप अमर्त्य कुमार आदर्श ने बीपीएससी में दूसरा स्थान प्राप्त किए प्रखंड क्षेत्र के रामरतन उच्च विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा पास करने के बाद इतिहास से स्नातक एवं समाजशास्त्र से स्नातकोत्तर पास की भारतीय एयरफोर्स में उनकी नियुक्ति हो गई व 9 वर्ष एयर फोर्स में अपना सेवा दिए तदोपरांत उनका युक्ति बैंक पीओ में हो गई परंतु उनकी इच्छा प्रशासनिक सेवा में जाने का था और वह प्रशासनिक सेवा की तैयारी में जुट गए हालांकि बीपीएससी 63 उत्तीर्ण होकर 156 बैंक हासिल की थी परंतु इनकी इच्छा और आगे कुछ करने की थी वे पुनः 66 वीं बीपीएससी परीक्षा में शामिल होने का निश्चय किया और उन्होंने दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने जिले एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया जैसे ही उनका दूसरा स्थान प्राप्त करने की खबर क्षेत्र वासियों को मिली वैसे ही उनके घर में उनको बधाई देने वालों की ताता लग गई।

### खड़गपुर के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की जांच शुरू की

हवेली खड़गपुर, ( मुंगेर ) । खड़गपुर के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की जांच शुरू कर दी गई है। अनियमितता के आरोप में दो दुकानदारों को स्पष्टीकरण की नोटिस दी गई है। स्पष्टीकरण से अनुमंडल के डीलरों में हड़कंप मच गया है। अनुमंडल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दिनों अनुमंडल पदाधिकारी आदित्यनाथ झा ने उपभोक्ताओं के शिकायत के आलोक में प्रखंड आपूर्ति निरीक्षक मोहम्मद बिलाल अहमद के नेतृत्व में 3 सदस्य टीम का गठन कर जन वितरण दुकान के जांच का आदेश दिया था। तीन सदस्यी टीम में एम ओ मोहम्मद बिलाल अहमद सहायक राजेश कुमार और विकाश कुमार ने कोरडिया पंचायत के खंड बिहारी गांव के महादलित टोला और दलित टोला के उपभोक्ताओं से पूछताछ किया जन वितरण विक्रेता प्रमोद पासवान के संबंध में उपभोक्ताओं ने शिकायत किया कि डीलर के द्वारा राशन 2 से 4 किलोग्राम कम दिया जाता है वही इंद्रजीत सिंह विक्रेता के संबंध में उपभोक्ताओं ने शिकायत किया है कि सरकारी मूल्य से प्रति किलो 1 अधिक लिए जाते हैं और पर्ची भी नहीं देता है। सभी उपभोक्ताओं ने अपना अपना बयान दर्ज कराकर हस्ताक्षर एवं अंगूठे का निशान लगाकर अपना बयान दर्ज कराया है आपूर्ति निरीक्षक मोहम्मद बेलाल अहमद ने बताया कि शिकायत के आलोक में इन दोनों डीलरों प्रमोद पासवान और इंद्रजीत सिंह से स्पष्टीकरण पूछा गया है और एक सप्ताह में जवाब देने को कहा गया है।

# डीएम ने बैसा एवं डगरुआ का किया दौरा, कटाव सहित विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण

## नदी कटाव में विलीन हुए घरों का जिओ टैगिंग कराने का डीएम द्वारा दिया गया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



पूर्णिया । जिला पदाधिकारी सुहर्ष भगत द्वारा लगातार सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को त्वरित एवं प्रभावी ढंग से लागू करने तथा प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवं संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही साथ जिला पदाधिकारी के दिशा निर्देश में सभी जिला स्तरीय एवं वरीय पदाधिकारी तथा संबंधित पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में संचालित एवं क्रियान्वित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पदाधिकारी द्वारा बैसा एवं डगरुआ प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा पहले डगरुआ प्रखंड अंतर्गत आईटी सेन्टर निर्माण हेतु चिन्हित स्थल का निरीक्षण के बाद बैसा प्रखंड अंतर्गत सिरसी पंचायत के माधवा टोली और हिजरी पुरानी टोला स्थित महानंदा नदी घाट का निरीक्षण किया गया। जहां पर कटाव के कारण बहुत से घर विलीन एवं क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मौके पर उपस्थित संबंधित पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि नदी कटाव के कारण जो घर विलीन एवं कटाव से खत्म हो रहे हैं उन घरों का जिओ टैगिंग मैपिंग करा कर क्षति का आकलन करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण एवं संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि 24 घंटे के अंदर कैंप लगाकर संवेदक से फ्लड फाइटिंग का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यपालक अभियंता विद्युत को अविलंब बिजली सुरक्षित ढंग से कार्यशील कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता आरडब्ल्यूडी को निर्देश दिया गया कि बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत निर्धारित मापदंड एवं गुणवत्तापूर्ण समय सीमा के अंदर हर हालत में कराना सूचित करें। उक्त स्थान पर महानंदा नदी के धार परिवर्तन को लेकर लॉंग टर्म कार्य योजना तैयार कर विभाग को प्रस्ताव भेजने का निर्देश कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण को दी गई ताकि कटाव से लोगों को होने वाली क्षति को कम किया जा सके। मौके पर अपर समाहर्ता केडी प्रौज्वल, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी आपदा, अंचलाधिकारी तथा संबंधित कार्यपालक अभियंता तथा अंचलाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारिगण मौजूद थे।

# बीएनएमयू के दीक्षांत समारोह में छात्रों के द्वारा कुलाधिपति का विरोध सराहनीय व प्रशंसनीय : डा आलोक

प्रात : किरण संवाददाता



पूर्णिया । विश्वविद्यालय बचाओ भ्रष्टाचार मिटाओ और बिहार के कुलाधिपति भगाओ अभियान को चलाने वाले डॉक्टर आलोक राज ने एक बयान जारी कर कहा कि भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा के दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति के समक्ष यह नारा लगाना भ्रष्टाचारी कुलाधिपति वापस जाओ इस सभी परिस्थिति के लिए कुलाधिपति जिम्मेदार हैं। बिहार के कुलाधिपति के संरक्षण में ही विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार करने वाले को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व से ही कह रहा था कि बिहार के विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार का संरक्षक बिहार के कुलाधिपति हैं, इस बात की खुशी है कि अब आम छात्रों को भी यह बात समझ में आने लगा है कि उनके भविष्य के बबार्दी का जिम्मेदार कोई और नहीं बल्कि बिहार के कुलाधिपति हैं। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात है कि दीक्षांत समारोह में बिहार के कुलाधिपति लिखे हुए अभिभाषण को भी सही ढंग से पढ़ कर भी नहीं बोल पा रहे थे उनके कंधे पर बिहार के उच्च शिक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिहार की उच्च शिक्षा व्यवस्था की क्या हालत होगी। साथ ही साथ डॉक्टर आलोक राज ने नारा लगाने वाले छात्रों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इन लोगों ने जो सराहनीय कार्य किया है इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। इन लोगों ने दबी हुई आवाज को उठाने का काम किया है। ऐसे लोगों को समाज में बढ़ावा देने का एवं सम्मानित करने का काम किया जाना चाहिए क्योंकि आज की जीवन में लोग अपने आप से मतलब रखते हैं लेकिन इन छात्रों ने छात्र एवं जनहित के मुद्दे को सही समय सही जगह जो बोलने का काम किया है। इनकी हिम्मत को मैं तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। श्री राज ने कहा कि छात्रों ने भारतीय संविधान का भी पालन किया कि इन्होंने नारा लगाया कि भ्रष्टाचारी कुलाधिपति वापस जाओ कुलाधिपति के खिलाफ नारा लगाना कहीं से भी संविधान के खिलाफ नहीं, कुछ लोग छात्रों की आवाज को लाठी डंडे के बल पर दबाना चाहते हैं यह आवाज दबने वाली नहीं है।

समारोह में भी जब छात्रों के द्वारा आवाज उठाई जा रही थी कुछ पदाधिकारियों के द्वारा जो उसके मुंह को दबाने का प्रयास किया जा रहा था यह कहीं ना कहीं लोकतंत्र की गला घोंटने का काम किया जा रहा था। लोकतंत्र में संवैधानिक अधिकार है कि हम संविधान के दायरे में रहकर किसी का भी विरोध कर सकते हैं यह सभी छात्र संवैधानिक दायरे में संविधान के तहत विरोध दर्ज कर रहे थे फिर इनका मुंह बंद करना कहां से न्याय उचित है। डॉक्टर आलोक राज ने कहा कि ऐसे लोगों को समाज की ओर से जल्द ही सम्मानित करने का काम पूर्णिया के धरती पर किया जाएगा। साथ ही साथ छात्र नेताओं से भी अपील की कि इन छात्रों से सीख ले कि कोई भी व्यक्ति हो जो उच्च शिक्षा को बर्बाद करने का काम करेगा उसके खिलाफ बिहार में जरूर आवाज उठेगी और सभी छात्र संगठनों को एक साथ एक मंच पर आकर बिहार की शिक्षा व्यवस्था को बचाने के लिए एवं इस कुलाधिपति को भगाने के लिए आंदोलन करनी चाहिए।

# परामर्श केंद्र में लगातार बढते सीनियर सिटीजन के मामले को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश से मिले सदस्य

प्रात : किरण संवाददाता



पूर्णिया । पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में प्रत्येक शुक्रवार को 30 से 35 पति पत्नी के मामलों को सुना जाता है। पांच सदस्यों के अथक प्रयास से कभी 12 कभी तो कभी 10 पति पत्नी को समझा-बुझाकर उनका गिरा हुआ घर फिर से बसा दिया जाता है।

जो मामले नहीं समझ पाते हैं उन्हें थाना अथवा न्यायालय की शरण लेने का सुझाव दिया जाता है। इस क्रम में सीनियर सिटीजन का मामला भी इस केंद्र में विचाराधीन आ जाता है किंतु पति-पत्नी के मामले को प्राथमिकता देने के कारण सीनियर सिटीजन के मामले में उचित ध्यान नहीं दिया जाता है। इसी माता पिता के दर्द को महसूस कर इस केंद्र के सदस्य ने पिछले दिन जिला एवं सत्र न्यायाधीश किशोर प्रसाद से मिलकर उनका ध्यान सीनियर सिटीजन के कठिनाइयों की आकर्षित कराया। जज ने इस संबंध में केंद्र के सदस्यों को कुछ डॉक्यूमेंट भी दिया। साथ ही साथ विस्तार से इस एक्ट के संबंध में जानकारी भी दी। उन्होंने बताया इस एक्ट के तहत सदर अनुमंडल पदाधिकारी को बृहद शक्ति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि जो कुपुत्र अपने माता पिता को वृद्धा अवस्था में तकलीफ दिया करते हैं उसके लिए सजा एवं जुमार्ना का भी प्रावधान किया गया है।

यदि कोई पुत्र अपने माता-पिता की निमाड़ी अथवा वृद्धावस्था का फायदा उठाकर जोर जबरदस्ती जमीन रजिस्ट्री करवा देता है और रजिस्ट्री के बाद उन्हें कष्ट देना शुरू करता है ऐसी अवस्था में माता पिता को इस एक्ट के तहत किए गए रजिस्ट्री को रद्द करने का भी अधिकार दिया गया है। इस अवसर पर पूर्णिया के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव परिवार परामर्श केंद्र सदस्य दिलीप कुमार दीपक रविंद्र शाह, बबीता चौधरी एवं प्रमोद जायसवाल भी उपस्थित थे अंत में केंद्र के सदस्यों ने जिला जज को दिल से धन्यवाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जज ने ली पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के कार्यो की सराहना की।

# लक्ष्मीपुर में विसहरी पूजा का मुखिया पति ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



पूर्णिया/ बीकोठी । बड़हरा कोठी प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मीपुर पंचायत के विशहरिया गांव में आयोजित बिशहरी मेला का उद्घाटन नाथपुर पंचायत के मुखिया पति प्रखंड जदयू अध्यक्ष सह गंगोत्री जागरण मंच के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल द्वारा किया गया। सर्वप्रथम मेला उद्घाटन को पहुंचे श्री मंडल का स्वागत स्थानीय युवाओं द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया गया। ततपश्चात मेला का उद्घाटन प्रखंड जदयू अध्यक्ष सह गंगोत्री जागरण मंच के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर मेला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल ने कहा कि पहली बार लगे इस मेला का उद्घाटन करने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। मैं माता के दरबार मे पहुंचकर अपने आपको धन्य महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने मेला के सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए मेला समिति के सदस्यों एवं युवाओ को धन्यवाद देते हुए कहा कि सदा मेला के आयोजन में मेरा सहयोग मिलता रहेगा।

उन्होंने स्थानीय युवाओ के मांग पर विषहरा मंदिर में निजी कोष से टाइल्स लगाने का घोषणा करते हुए मेला में रंगमंच बनाने का आश्वासन भी स्थानीय लोगो को दिया।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्या निधि भारती, अखिलेश मंडल, नवीन मंडल, विपिन जायसवाल, लक्ष्मीपुर के उपमुखिया आशीष कुमार चंद, मंटू यादव, गनोरी पासवान, सरपंच कृष्ण कुमार, उपसरपंच विनोद मंडल, श्रवण कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

# कमाली जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष, रिजवी प्रदेश महासचिव एवं शगुफ्ता प्रदेश सचिव मनोनीत

प्रातः किरण संवाददाता, पूर्णिया । पूर्णिया जिला अन्तर्गत धमदाहा अनुमंडल के कुकरौन अमारी गांव के मो अख्तर कमाली उर्फ मो वसीम कमाली को प्रदेश उपाध्यक्ष, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, पूर्णिया के जाने माने सर्जन बायसी विधानसभा निवासी डॉ मो शहनवाज रिजवी को प्रदेश महासचिव, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ डगरूआ प्रखंड निवासी व पूर्व महानगर जिला अध्यक्षा पूर्णिया शगुफ्ता प्रवीण को प्रदेश सचिव जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मनोनीत किया गया है। उक्त जानकारी मो सलीम प्रवेज प्रदेश अध्यक्ष जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार सह पूर्व उप सभापति विधान परिषद् बिहार ने पत्र जारी कर दी है। मो वसीम कमाली ने प्रदेश उपाध्यक्ष, डा मो शहनवाज रिजवी ने प्रदेश महासचिव, शगुफ्ता प्रवीण ने प्रदेश सचिव बनाने के लिए मुख्यमंत्री बिहार व सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष जदयू सह सासंद मुन्गेर लोकसभा राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जदयू ससंदीय बोर्ड सह विधान परिषद् बिहार उपेन्द्र कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव जदयू सह विधान परिषद् बिहार मो आफाक अहमद खान, वरिष्ठ नेता वशिष्ठ नारायण सिंह, बिहार प्रदेश अध्यक्ष जनता दल यूनाईटेड उमेश सिंह कुशवाहा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष जनता दल यूनाईटेड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार सह पूर्व उपसभापति विधान परिषद् बिहार मो सलीम प्रवेज, लेशी सिंह, मंत्री बिहार सरकार, बीमा भारती, पूर्व मंत्री बिहार सरकार एवं पूर्णिया लोकसभा सासंद संतोष कुशवाहा को मुबारकबाद और शुक्रिया अदा किया है। मो वसीम कमाली को प्रदेश उपाध्यक्ष जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार, डा मो शहनवाज रिजवी को प्रदेश महासचिव जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार, शगुफ्ता प्रवीण प्रदेश सचिव जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बिहार बनने पर पूर्णिया जिला समेत समस्त बिहार के अल्पसंख्यक समुदाय के साथ अन्य समुदाय में काफी खुशी है।

# झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही ने ले ली एक महिला की जान

रोहतास ब्यूरो, प्रात : किरण



सासाराम। रोहतास ज़िला संझौली प्रखण्ड मुख्यालय स्थित एक मकान में चल रहे क्लिनिक में आपरेशन के लिए गई महिला की मौत हो गई। इलाके के भुईयां टोला निवासी महिला पति वीरेंद्र नट बताया कि हेवन इमरजेसी हॉस्पीटल में यूट्रस निकालने को पत्नी मीला देवी उम्र 45 साल को भर्ती किया था।

जहां दो डॉक्टरों ने यूट्रस निकालने के लिए इंजेक्शन दिया। इसे देते ही उसकी मौत हो गई। बताया कि महिला के 6 बच्चे हैं। मौत के बाद पहुंचे ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। डॉक्टर क्लिनिक छोड़ फरार हो गया। दिनांक 3 अगस्त को इलाज के लिए महिला को भर्ती कराया गया था पर इलाज के क्रम में उसी शाम मौत हो गई पहुंचे ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया तो डॉक्टर और उसके स्टाफ क्लिनिक छोड़ कर भाग गए। परिजन आज गुरुवार को भी क्लिनिक पर जमे हुए थे और इंसाफ की मांग कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त डॉक्टर के पास कोई डिग्री नहीं है वह इलाज के नाम मरीजों की जान से खेल रहा है।

स्थानीय लोगों ने ये भी कहा कि इस तरह के झोला छाप डॉक्टर संझौली में 10 कई संख्या में अस्पताल खोल कर बैठे हुए हैं। आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती हैं और पुलिस प्रशासन पैसों की लालच में मामला को रफा.दफा करने लगती है। उक्त मामले में भी पुलिस समझौता कराने के प्रयास में हैं, और अभी तंक कोई मोमला दर्ज नहीं किया गया है।

# करगहर के 20 पंचायतों में जिलाधिकारी निर्देश पर जांच दल ने सरकारी कल्याणकारी, विकासपरक योजना क्रियान्वयन की जांच की

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम। आज दिनांक 04 अगस्त 2022 को जिले के करगहर प्रखंड के सभी 20 पंचायतों में जिलाधिकारी के निर्देश पर जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों एवं तकनीकी पदाधिकारियों के जांच दल द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की गहन जांच की गई।

जिला पदाधिकारी रोहतास धर्मेन्द्र कुमार के आदेश पर आज करगहर प्रखंड के सभी 20 पंचायतों में सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में योजनाओं के औचक निरीक्षण हेतू जिला से प्रत्येक पंचायत के लिए जांच दल रवाना किया गया।

जांच दल में एक पदाधिकारी के साथ एक तकनीकी टीम को भी रखा गया। जांच दल द्वारा सभी पंचायतों में 02 विद्यालय, 02 पेयजल निश्चय योजना, 02 उर्वरक प्रतिष्ठान, 02आंगनबाड़ी केंद्र एवं 02 जन वितरण प्रणाली की दुकान का स्थलीय जांच किया जा रहा है। उक्त जांच दल का नेतृत्व स्वयं जिलाधिकारी महोदय ने किया।

सर्वप्रथम, करगहर प्रखंड मुख्यालय में प्रातः 9:15 बजे डीडीसी द्वारा सभी जांच दलों को विभिन्न जांचों हेतु ब्रीफ किया गया। जांच दलों द्वारा समस्त करगहर प्रखंड अंतर्गत चलाई जा रही सरकार की विभिन्न कल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं यथा विद्यालय, पेयजल निश्चय योजना, उर्वरक प्रतिष्ठान, आंगनबाड़ी केंद्र एवं जन वितरण प्रणाली की दुकान के साथ-साथ अन्य कई योजनाओं की भी जांच की गई। जिलाधिकारी ने स्वयं प्रखंड कार्यालय, आरटीपीएस काउंटर का जांच कर कई निर्देश दिए। उन्होंने कर्मियों की उपस्थिति की भी जांच की। जिलाधिकारी ने करगहर प्रखंड कार्यालय में स्थित तालाब को विकसित एवं सौंदर्यीकरण करने का निर्देश डीडीसी को दिए।

इसके बाद उन्होंने प्रखंड कार्यालय में मनरेगा के तहत पौधारोपण किया। जिलाधिकारी द्वारा करगहर प्रखंड मुख्यालय से ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना की शुरूआत की गई। उन्होंने वार्ड सदस्यों को डस्टबिन वितरण किया एवं कचरा उठाव रिक्सा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सभी जांच पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपना प्रतिवेदन संध्या 5:00 बजे तक जिला गोपनीय शाखा में उपलब्ध कराएं। सभी जांच दलों से विस्तृत प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला परिषद सभागार औरंगाबाद में जिले के सभी थानों के बाद कल्याण पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा किया गया, जिसमें बाल संरक्षण सम्बंधी विभिन्न कानूनों में निहित उनके दायित्वों का विधिक जानकारी दी गई जिसकी अध्यक्षता राकेश कुमार झा स्टेट कंसल्टेंट यु नी सेफ एस सी पी सी पटना ने किया, संचालन संगीत ठाकुर बाल संरक्षण पदाधिकारी जिला बाल संरक्षण ईकाई औरंगाबाद ने किया, मुख्य अतिथि प्रधान दंडाधिकारी मनीष कुमार पाण्डेय किशोर न्याय परिषद थे, गोह प्रखंड में एक गोद लेने की घटना पर कहा गया कि किसी भी अनाथ का विधिवत गोद लेना जरूरी है ताकि उसे सम्पत्ति पर हक मिल सके, कोई भी दम्पत्ति अनाथ को सड़क से गोद न लेकर सरकारी नियमों से गोद ले और उसका भविष्य सुरक्षित करें, कहा गया कि सामान्य अपराध और गंभीर अपराध में बच्चों पर प्राथमिकी दर्ज नहीं करने है, जिन बच्चों को संरक्षण की आवश्यकता है उन्हें हर हाल में संरक्षित करना चाहिए, बच्चों से सम्बंधित वाद यथाशीघ्र निपटारे के लिए समाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट बोर्ड में प्रथम उपस्थिति के समय में ही प्रस्तुत कर उनके भविष्य सुरक्षित करने में मदद करें, जिन बच्चों को गिरफ्तार कर रहे हो उसके माता पिता, संरक्षक या परिवीक्षा अधिकारी को तत्काल सूचना दे, ये भी देखें कि किसी मेडिकल में बच्चों को नशीली दवा तो नहीं बेची जा रही है, स्कूलों को भी जांच करनी है, संवेदना पुरी तरह बच्चों को साथ रखनी है, बच्चों को जेजेबी में सदा लिबास में पुलिस को प्रस्तुत करनी है तो बच्चे काफी डरा हुआ महसूस न करे, अवर पुलिस निरीक्षक पंकज सैनी एस बी आर के साथ बालक को प्रस्तुत किया वो बधाई के पात्र हैं, बाल श्रम भी बाल संरक्षण पदाधिकारी को देखना है। क्योंकि पालन के जगह शेषण तो नहीं हो रहा है, किशोर न्याय परिषद में समय पर समाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट और आरोप पत्र दाखिल करें ताकि न्याय बच्चों के भविष्य के साथ हो सके, बच्चों को थाना में न रखें, आपको मालूम कि औरंगाबाद में दिसंबर 2019 मे 569 वाद थे जो बढ़कर जून 2022 में 804 हो गई है जो चिंतनीय विषय है जबकि किसी भी जिले में 100 से अधिक केश नहीं रहना चाहिए, अभी आपके जिले में तेजी से किशोर न्याय परिषद के मुकदमे बढ़ती जा रही है सन2021 में 194 केस आए, वहीं जनवरी से जून 2022 में 234 केस आए चुके हैं।

# पत्रकारिता जनसंचार विभाग ने निकॉन के साथ आयोजित किया फोटोग्राफी कार्यशाला छात्रों ने सीखी नई तकनीक

रोहतास ब्यूरो, प्रात : किरण



सासाराम। आज दिनांक 4 अगस्त 2022 को गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कला संकाय के अंतर्गत पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के तत्वाधान में निकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने एक दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला की शुरूआत में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ एम के सिंह, प्रति कुलपति प्रो डॉ जगदीश सिंह, पूर्व कुलपति प्रो डॉ एम एल वर्मा और देव मंगल ट्रस्ट के सचिव गोविंद नारायण सिंह और कला संकाय के अध्यक्ष प्रो डॉ सुरेश चंद्र नायक ने दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यशाला की विधिवत शुरूआत की। कार्यशाला की शुरूआत में कुलपति प्रो डॉ एम के सिंह ने कहा कि फोटोग्राफी शौक और जुनून दोनों होता है। हजारों शब्दों को समेटने वाले तस्वीर को खींचने के लिए कला की आवश्यकता होती है और इस कार्यशाला से हमारे विद्यार्थी इस गुण को सीखने का प्रयास करेंगे। कार्यशाला में प्रति कुलपति प्रो डॉ जगदीश सिंह ने पत्रकारिता में फोटोग्राफी को अतिमहत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज सभी फोटोग्राफर हैं और ऐसे में फोटोग्राफी के गुण को सीखना बेहद जरूरी है ताकि आप दूसरों से अलग तरीके से वातावरण या किसी घटना को परिभाषित कर सकें। देव मंगल ट्रस्ट के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि मैं स्वयं फोटोग्राफी का शौकीन रहा हूँ और फोटोग्राफी को सीखने की ललक हमेशा मुझे भी रही है। ऐसे में इस तरीके की कार्यशाला के आयोजन से फोटोग्राफी के बारीकियों को सीखने बाद जो कला निखर के आएगी वो नए अनुभवों को लेकर समाज में आएगी। उन्होंने बताया कि फोटोग्राफी ने समाज की कई ऐतिहासिक यादों को संजोने का काम किया है। कार्यशाला के बाबत कला संकाय के अध्यक्ष प्रो डॉ सुरेश चंद्र नायक ने कार्यशाला के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इस कार्यशाला में फोटोग्राफी की दोनों तकनीकी सत्रों केके बारे मेबताय और आगत अतिथियों का स्वागत किया। निकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता से आये प्रशिक्षक सौम्यजीत मैत्रा ने कार्यशाला को दो सत्रों में प्रतिभागियों को फोटोग्राफी के मूल सिद्धांतों और गुण को सीखाया। साथ ही उनके सहयोगी के रूप में निकॉन पटना से आये प्रशिक्षक मनीष सिंह और मयूरेश सिन्हा ने छात्रों को विश्वविद्यालय में फोटो वॉक कराया। कार्यक्रम के संयोजक विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ स्नेहाशीष वर्धन और स्टूडियो इंचार्ज जमाल खान ने कार्यशाला को सुचारू रूप से संचालित किया।

मंच संचालन का कार्य विभाग के द्वितीय वर्ष की छात्रा अर्चना श्रीवास्तव और प्रिया राज सिंह ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से डॉ अमित कुमार मिश्र, फहमीना हुसैन, डॉ स्नेहाशीष वर्धन, चंचल सिंह, स्मृति, जमाल खान सहित विभाग के छात्रों के अतिरिक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के सैंकड़ों प्रतिभागी भी उपस्थित रहें।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## सक्षिप्त खबरें

### एसएफ होल्डिंग्स का पहली तिमाही का एकीकृत मुनाफा 41.14 करोड़ रुपये रहा

चेन्नई, एजेंसी सुंदरम फाइनेंस होल्डिंग्स (एसएफ होल्डिंग्स) का जून में खत्म तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 30.27 फीसदी की वृद्धि के साथ 41.14 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पिछले वर्ष जून तिमाही में कंपनी को 31.58 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। 31 मार्च, 2022, को खत्म वित्त वर्ष में कंपनी को 160.70 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि तीन अगस्त को उसके निदेशक मंडल की बैठक हुई थी। इसमें बताया गया कि हर्ष विजी निदेशक मंडल के नए अध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं अनंत रामानुजम को निदेशक मंडल में अतिरिक्त निदेशक बनाया गया है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली, एजेंसी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत के 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे उतर जाने के बावजूद देश में गुरुवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में अभी भी कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में स्थिर होने से आम आदमी के लिए यह राहत बनी हुयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 96.95 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 90.89 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### रुपया शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 36 पैसे टूटकर 79.51 पर आया

मुंबई, एजेंसी अमेरिका और चीन के बीच तनाव तथा निराशाजनक व्यापक आर्थिक आकंड़ों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और इसके चलते बृहस्पतिवार को रुपया शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 36 पैसे टूटकर 79.51 रुपये प्रति डॉलर के भाव पर आ गया। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 79.21 के भाव पर खुला लेकिन जल्द ही यह 79.51 के स्तर पर खिसक गया। इस तरह पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले रुपया शुरूआती कारोबार में ही 36 पैसे टूट गया। बुधवार को, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 62 पैसे गिरकर 79.15 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था जो चालू वित्त वर्ष में एक दिन के कारोबार में सबसे बड़ी गिरावट थी। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत गिरकर 106.41 पर आ गया। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.24 प्रतिशत चढ़कर 97.01 डॉलर प्रति बैरल पर था।

### सोने-चांदी की कीमतों में तेजी

आज यानी गुरुवार को सोने-चांदी की कीमतों में शानदार तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (क्खइअ) की वेबसाइट के अनुसार सराफा बाजार में सोना 249 रुपए महंगा होकर 51,815 पर पहुंच गया है। वायदा बाजार की बात करें तो टउ पर दोपहर 2 बजे सोना 652 रुपए की बढ़त के साथ 52,041 रुपए पर ट्रेड कर रहा है। अगर चांदी की बात करें तो ये 289 रुपए महंगी होकर 57,598 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। टउ पर दोपहर 2 बजे ये 553 रुपए की बढ़त के साथ 58,107 रुपए पर ट्रेड कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो सोना 1,774.92 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर और चांदी 20.15 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अभी सोने पर भले ही दबाव है, लेकिन यह धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। जैसे ही महंगाई और मंदी का जोखिम थोड़ा कम होगा, सोना एक बार फिर महंगा होने लगेगा। केडिया एडवाइजरी के निदेशक अजय केडिया के अनुसार इस साल के आखिर तक सोना 54 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। आप सोना और चांदी का भाव आसानी से घर बैठे पता लगा सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ 8955664433 नंबर पर मिस्ड कॉल देना है और आपके फोन पर मैसेज आ जाएगा।

# लगातार उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स 362 अंक तक उछला



नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय शेयर बाजार में आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार होता नजर आ रहा है। शुरूआती कारोबार में लिवालों और बिकवालों की खींचतान के कारण बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। लेकिन फिलहाल लिवाली का जोर ज्यादा होने की वजह से शेयर बाजार सामान्य मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। आज के शुरूआती कारोबार में मेटल सेक्टर में मजबूती नजर आ रही है। दूसरी ओर बैंकिंग सेक्टर पर दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। बाजार खुलने के बाद से लेकर अभी तक हुई ट्रेडिंग में दिग्गज शेयरों में से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंफोसिस, टाटा स्टील और सिप्ला मजबूती के साथ बढ़त बनाकर कारोबार करते नजर आ रहे थे। दूसरी ओर टाटा कंस्ट्रक्शन, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और कोल इंडिया के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना हुआ था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 220.75 अंक की मजबूती के साथ 58,571.28 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। आज बाजार खुलने के साथ ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसके कारण सेंसेक्स में भी तेज उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। इस दौरान लिवाली का जोर होने पर सेंसेक्स 362.13 अंक की मजबूती के साथ 58,712.66 अंक तक उछला। वहीं, बिकवाली का दबाव बनने पर सेंसेक्स लुढ़क कर 58,484.76 अंक के स्तर तक गिर भी गया। शेयर बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 164.13 अंक की मजबूती के साथ 58,514.66 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 74.95 अंक की तेजी के साथ 17,463.10 अंक के स्तर पर खुला। आज के कारोबार की शुरूआत में ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो जाने के कारण निफ्टी में भी लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में ही लिवाली के सपोर्ट से निफ्टी 102.55 अंक की मजबूती के साथ 17,490.70 अंक के स्तर तक चढ़ गया। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ये सूचकांक गिरकर 17,428.05 अंक के स्तर तक भी पहुंच गया। लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 55.15 अंक की बढ़त के साथ 17,443.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार फिलहाल तो मजबूती के साथ कारोबार कर रहा है, लेकिन औपचारिक कारोबार शुरू होने के पहले प्री ओपनिंग सेशन में घरेलू शेयर बाजार कमजोरी के साथ कारोबार करता नजर आया। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 70.39 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,280.14 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 57.90 अंक यानी 0.33 प्रतिशत टूटकर 17,330.30 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को सेंसेक्स 214.17 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,350.53 अंक के स्तर पर बंद हुआ था।

## वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई में आठ प्रतिशत घटी : फाडा



नई दिल्ली, एजेंसी

यात्री वाहनों, दोपहिया वाहनों और ट्रेक्टरों के पंजीकरण में कमी आने से जुलाई में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर आठ प्रतिशत घट गई। ऑटो डीलरों के निकाय फाडा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 14,36,927 इकाई रही जो जुलाई 2021 में 15,59,106 इकाई थी। यात्री वाहनों (पीवी) की खुदरा बिक्री जुलाई 2022 में सालाना आधार पर 5 प्रतिशत गिरकर 2,50,972 इकाई रही, जबकि जुलाई 2021 में यह आंकड़ा 2,63,238 इकाई था। फाडा के अध्यक्ष विंकेश गुलाटी ने एक बयान में कहा, जुलाई में बिक्री आंकड़े भले घटे हों लेकिन वाहनों के नए-नए मॉडल बाजार में उतारे जा रहे हैं विशेषकर कॉम्पैक्ट एसयूवी श्रेणी में जिससे वृद्धि में मदद मिल रही है।

फाडा के आंकड़ों के मुताबिक पिछले महीने दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 11 प्रतिशत घटकर 10,09,574 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले की इस अवधि में यह 11,33,344 इकाई थी। जुलाई 2022 में 59,573 ट्रेक्टर बिके जो जुलाई 2021 की 82,419 इकाई से 28 फीसदी कम है।

# गूगल व्यापारियों को सर्च, मैप्स पर एशियाई-स्वामित्व वाला लेबल जोड़ने की देगा अनुमति

सैन फ्रांसिस्को,एजेंसी

एशियाई स्वामित्व वाले व्यवसायों की मदद करने के उद्देश्य से, टेक दिग्गज गूगल ने एक नई व्यवस्था लॉन्च करने की घोषणा की है जो यूएस में उद्यमियों के लिए सर्च और मैप्स पर उपलब्ध होगी। अमेरिकी व्यवसाय अब एशियाई-स्वामित्व वाली विशेषता को सर्च और मैप्स पर अपने व्यवसाय प्रोफाइल में जोड़ सकते हैं। आने वाले हफ्तों में, विज्ञापन-समर्थित प्रकाशक डिस्प्ले और वीडियो 360 के मार्केटप्लेस में भी एशियाई-स्वामित्व वाले के रूप में पहचान कर सकेंगे। सर्च के प्रोडक्ट मैनेजर, लीन लूस ने ब्लॉगपोस्ट में कहा, जब हम इस सुविधा का निर्माण कर रहे थे, हमने सैकड़ों एशियाई-स्वामित्व वाले व्यवसायों के साथ काम किया ताकि यह सुनिश्चित




हो सके कि विशेषता हमारी विविध और अनूठी संस्कृतियों का समर्थन करे। व्यवसाय अपने बिजनेस प्रोफाइल पर विशेषता अपनाने के लिए ऑप्ट-इन कर सकते हैं और किसी भी समय आसानी से ऑप्ट-आउट भी कर सकते हैं। बिजनेस प्रोफाइल पर दिखाई देने के बाद, उपयोगकर्ता विशेषता को भी देख पाएंगे। यह अपडेट ब्लैक-स्वामित्व वाली, लातीनी-स्वामित्व वाली, वेटेरन-स्वामित्व वाली, महिलाओं के स्वामित्व वाली और एलजीबीटीक्यू प्लस के स्वामित्व वाली व्यावसायिक विशेषताओं पर आधारित है और यह एक अन्य तरीका है जिससे लोग गूगल के प्रोडक्टस और प्लेटफॉर्म पर व्यवसायों की विविधता का समर्थन कर सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, ग्रो विद गूगल ने एशियाई स्वामित्व वाले छोटे व्यवसायों को बढ़ने में मदद करने के लिए यूएस पैन एशियन अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (यूएसपीएएससीसी) के साथ भागीदारी की है। गूगल ने कहा कि इसने 20,000 से अधिक एशियाई स्वामित्व वाले व्यवसायों को ई-कॉमर्स टूल, उद्यमियों के लिए डिजाइन सोच और एनालिटिक्स का उपयोग कर निर्णय लेने जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करने वाली कार्यशालाओं के माध्यम से अपने डिजिटल कौशल का विस्तार करने में मदद की।

## डेटा संरक्षण विधेयक वापस लेने के सरकार के कदम की आईटी उद्योग ने सराहना की

नई दिल्ली, एजेंसी

सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग ने ह्यडेटा संरक्षण विधेयक, 2021ह्ल को वापस लेने के सरकार के कदम की सराहना की है और नए मसौदे पर सलाह-मशविरे की प्रक्रिया में भागीदारी करने की इच्छा जताई है। निजी डेटा संरक्षण विधेयक पर संयुक्त समिति ने संसद में जो डेटा संरक्षण विधेयक पेश किया था, उसकी उद्योग ने आलोचना की थी। इस विधेयक को 11 दिसंबर, 2019 को सदन में पेश किया गया था। इसके बाद इसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेज दिया गया था। समिति



की रिपोर्ट 16 दिसंबर, 2021 को लोकसभा में पेश की गई थी। इसमें कुछ बिंदु उस मसौदा विधेयक से भिन्न थे जिसे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने तैयार किया था। सरकार ने बुधवार को इस विधेयक को लोकसभा से वापस ले लिया और कहा कि वह ह्यनए कानूनह्ल लेकर आएगी जो व्यापक कानूनी ढांचे के अनुरूप होंगे। गूगल, मेटा और अमेजन जैसी कंपनियों के अमेरिका स्थित संगठन आईटीआई ने भारत सरकार के विधेयक को वापस लेने के कदम की सराहना की। आईटीआई के कंट्री मैनेजर (भारत) कुमार दीप ने कहा, ह्यह्यहमें विश्वास है कि जब रूपरेखा पर परामर्श शुरू होगा तो सरकार सभी विचारों पर गौर करेगी। हम इसमें शामिल होने के लिए उत्सुक हैं।ह्लह्ल आईटीआई उन वैश्विक उद्योग संगठनों में से एक है जिसने विधेयक के संयुक्त समिति वाले संस्करण का विरोध किया था।

## फेसबुक 1 अक्टूबर से बंद करेगा लाइव शॉपिंग फीचर

नई दिल्ली, एजेंसी

फेसबुक ने 1 अक्टूबर से अपने लाइव शॉपिंग फीचर को बंद करने और अपने मुख्य ऐप और इंस्टाग्राम पर शॉर्ट-फॉर्म वीडियो प्लेटफॉर्म रील्स पर ध्यान केंद्रित करने की घोषणा की है। उपयोगकर्ता अभी भी लाइव इवेंट प्रसारित करने के लिए फेसबुक लाइव का उपयोग करने में सक्षम होंगे, लेकिन वे अपने फेसबुक लाइव वीडियो में प्रोडक्ट प्लेलिस्ट या प्रोडक्ट्स को टैग नहीं कर सकते। कंपनी ने बुधवार देर रात एक बयान में कहा, चूंकि उपभोक्ता शॉर्ट-फॉर्म वीडियो देखना पसंद करते हैं, इसलिए हम अपना ध्यान फेसबुक और इंस्टाग्राम पर रीलों पर केंद्रित कर रहे हैं। लाइव शॉपिंग फीचर क्रिएटर्स को प्रोडक्ट्स प्रसारित करने और बेचने की सुविधा देता है। कंपनी ने कहा, नई दिल्ली, एजेंसी फेसबुक ने 1 अक्टूबर से अपने लाइव शॉपिंग फीचर को बंद करने और अपने मुख्य ऐप और इंस्टाग्राम पर शॉर्ट-फॉर्म वीडियो प्लेटफॉर्म रील्स पर ध्यान केंद्रित करने की घोषणा की है। उपयोगकर्ता अभी भी लाइव इवेंट प्रसारित करने के लिए फेसबुक लाइव का उपयोग करने में सक्षम होंगे, लेकिन वे अपने फेसबुक लाइव वीडियो में प्रोडक्ट प्लेलिस्ट या प्रोडक्ट्स को टैग नहीं कर सकते। कंपनी ने बुधवार देर रात एक बयान में कहा, चूंकि उपभोक्ता शॉर्ट-फॉर्म वीडियो देखना पसंद करते हैं, इसलिए हम अपना ध्यान फेसबुक और इंस्टाग्राम पर रीलों पर केंद्रित कर रहे हैं।

## हिताची ग्रुप के ग्लोबललॉजिक ने नितेश बंगा को अध्यक्ष, सीईओ नियुक्त किया

नई दिल्ली, एजेंसी

हिताची ग्रुप की कंपनी डिजिटल इंजीनियरिंग सेवा प्रदाता ग्लोबललॉजिक ने गुरुवार को कहा कि उसके मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नितेश बंगा 1 अक्टूबर से नए अध्यक्ष और सीईओ के रूप में कार्यभार संभालेंगे। बंगा ने वर्तमान अध्यक्ष और सीईओ शशांक सामंत का स्थान लिया है, जो हिताची डिजिटल सिस्टम्स एंड सर्विसेज (डीएसएस) सेक्टर के प्रमुख, तोशियाकी तोकुनागा के कार्यकारी सलाहकार होने के अलावा, ग्लोबललॉजिक बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में एक नई भूमिका निभाएंगे। सामंत ने कहा, मेरा मानना है कि संगठनों को आगे बढ़ने और सफल होने के लिए, उनका कार्यकारी नेतृत्व भी



विकसित होना चाहिए। बंगा ने अपने पूरे करियर में साबित कर दिया है कि वह धष्टि और निष्पादन दोनों में एक मजबूत लीडर हैं। जापान की हिताची ने पिछले महीने 9.6 अरब डॉलर में यूएस-मुख्यालय ग्लोबललॉजिक का अधिग्रहण पूरा किया, जिससे कंपनी को आईटी, ऊर्जा, उद्योग और गतिशीलता सहित कई व्यवसायों में डिजिटल संचालन का विस्तार करने में मदद मिलेगी। सीईओ के रूप में एक दशक से अधिक समय तक, सामंत ने मजबूत विकास चरणों के माध्यम से ग्लोबल लॉजिक का नेतृत्व किया, जिसके दौरान उन्होंने कई रणनीतिक अधिग्रहण और डिजिटल क्षमता विस्तार प्रयासों का निरीक्षण किया। दूसरी ओर, बंगा ने ग्लोबल लॉजिक में शामिल होने से पहले इंफोसिस में दो दशक से अधिक समय बिताया। बंगा ने कहा, जैसे ही हम अपने तीसरे दशक में प्रवेश कर रहे हैं, हमारे पास हिताची की अविश्वसनीय विरासत, वैश्विक पहुंच और विश्वसनीय ब्रांड द्वारा समर्थित उद्यम डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने का एक अनूठा अवसर है।

## भारत में 5जी स्मार्टफोन की बिक्री में 163 फीसदी की वृद्धि




नई दिल्ली,एजेंसी

अप्रैल-जून की अवधि में भारत में 5जी शिपमेंट में 163 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि हुई, और सैमसंग 28 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ टॉप पर रहा। इसके बाद वीवो 15 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रहा। गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। साइबर मीडिया रिसर्च (सीएमआर) की इंडिया मोबाइल हैंडसेट मार्केट रिपोर्ट के अनुसार, 2022 की दूसरी तिमाही में भेजे गए प्रत्येक तीन स्मार्टफोन में से एक 5जी सक्षम स्मार्टफोन था क्योंकि शिपमेंट में 7 प्रतिशत (तिमाही-दर-तिमाही) की वृद्धि हुई। उद्योग खुफिया समूह, सीएमआर की विश्लेषक मेनका कुमारी ने कहा, 5जी नीलामी के पूरा होने और भारत में 5जी सेवाओं के प्रत्याशित रोल-आउट के साथ, 5जी स्मार्टफोन शिपमेंट में और गति आएगी। 7,000-24,999 रुपये में 5जी स्मार्टफोन शिपमेंट में 160 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई, जबकि इस सेगमेंट में कुल स्मार्टफोन शिपमेंट में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। किफायती स्मार्टफोन शिपमेंट (7,000 रुपये से कम) में सालाना आधार पर 61 फीसदी की गिरावट आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रीमियम स्मार्टफोन (25,000 रुपये से 50,000 रुपये) और सुपर प्रीमियम स्मार्टफोन (50,000 रुपये से 1,00,000 रुपये) क्रमशः 80 फीसदी और 96 फीसदी बढ़े हैं। स्मार्टफोन मार्केट लीडर को छोड़कर, शीर्ष पांच स्मार्टफोन लीडरबोर्ड में से अधिकांश प्रमुख चीनी स्मार्टफोन ब्रांडों ने तिमाही के दौरान अच्छी वृद्धि दर्ज की। शाओमी (20 प्रतिशत), सैमसंग (18 प्रतिशत) और रियलमी (16 प्रतिशत) ने दूसरी तिमाही में स्मार्टफोन लीडरबोर्ड में शीर्ष तीन स्थानों पर कब्जा कर लिया, इसके बाद वीवो (15 प्रतिशत) और ओप्पो (10 प्रतिशत) का स्थान है। 78 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ एप्पल सुपर-प्रीमियम (50,000-1,00,000 रुपये) सेगमेंट में सबसे ऊपर है। तिमाही के दौरान आईफोन 12 और आईफोन 13 सीरीज ने आईफोन शिपमेंट में योगदान दिया।

## आ गई नई वैगनआर लुक बेहद ही शानदार और कई हाईटेक फीचर्स भी मिले

नई दिल्ली,एजेंसी

वैगरआर का नया मॉडल, 2023 सुजुकी वैगनआर फेसलिफ्ट को जापान में पेश किया गया है। नए मॉडल के डिजाइन को अपडेट किया गया है। नई वैगनआर का लुक स्पोर्टी लग रहा है, साथ ही कई हाईटेक फीचर्स भी जोड़े गए हैं। भारत में मौजूद वैगनआर से जापान में पेश की गई मॉडल बिल्कुल अलग है। भारत में वैगरआर का मौजूदा मॉडल लोगों के दिलों पर राज कर रहा है। लगातार पिछले महीने भी ये सबसे ज्यादा बिकने वाली लिस्ट में टॉप पर रहा है। वैगनआर की जुलाई 2022 में 22,588 यूनिट्स बिकी है। जापान में 2023 सुजुकी वैगनआर फेसलिफ्ट 1,217,700 येन से 1,509,200 येन (7.22 लाख रुपए से 8.96 लाख रुपए) की प्राइस रेंज में मिलेगी। वहीं वैगनआर स्टिंग्रे को 1,688,500 येन से 1,811,700 येन (10 लाख रुपए से 10.75 लाख रुपए) में पेश किया गया है। वैगनआर कस्टम जेड मॉडल की कीमत 1,474,000 येन से 1,756,700 येन (8.75 लाख रुपए से 10.43 लाख रुपए) के बीच है।नई 2023 सुजुकी वैगनआर को तीन अलग-अलग मॉडल वैगनआर, वैगनआर कस्टमे और स्टिंगरे में लॉन्च किया गया है। स्टिंगरे में बिल्कुल नया छएऊप्रोजेक्टर हेडलैंप सेटअप है जो इसे अधिक फ्यूचरिस्टिक स्टांस देता है। टेललैंप्स को भी स्टैंडर वर्जन की



तुलना में काफी नीचे रखा गया है, जो इसे टढश जैसा डिजाइन देता है। स्टैण्डर्ड वैगनआर में अभी भी स्टैण्डर्ड हैलोजन हेडलैंप मिलता है। मारुति सुजुकी वैगनआर पिछले सभी वर्जन की तरह एक बॉक्सी डिजाइन वाला लुक दिख रहा है। हालांकि, नई 2023 वैगनआर ग्रिल के साथ-साथ टेलगेट में एक्स्ट्रा डिजाइन में बदलाव लाती है। स्टिंगरे को एक आक्रामक रुख मिलता है जबकि कस्टम वैगनआर और वैगनआर सिंपल सी दिखती हैं। तीनों में रियर और साइड प्रोफाइल लगभग एक समान है। इंटीरियर मौजूदा वर्जन जैसा ही है। वैगनआर में बेज रंग का इंटीरियर मिलता है जबकि कस्टम जेड और स्टिंग्रे में ऑल-ब्लैक इंटीरियर मिलता है। केबिन के लुक और फील को ऊपर उठाने के लिए दो वेरिएंट पियानो ब्लैक और फॉक्स-वुड का इस्तेमाल करते हैं। इंफोटेनमेंट स्क्रीन नई मारुति सुजुकी कारों जैसे बलेनो और ब्रेजा में लॉन्च की गई 9 इंच की यूनिट मिलती है। कुछ अलाव सेफ्टी और सर्विस के मामले में स्टिंग्रे में लवऊ अऊअर, 360-डिग्री पार्किंग जैसे फीचर मिलते हैं। जापान-स्पेक वैगनआर 660 मोटर पर ऑपरेट होती है जो ठअ पेट्रोल और माइल्ड-हाइब्रिड कॉन्फिगरेशन दोनों में पेश की जाती है। इस इंजन का टर्बो वर्जन स्टिंग्रे और कस्टम जेड के साथ मिलता है। ट्रांसमिशन ऑप्शन में 5-स्पीड टळ और उश्ळ शामिल हैं।

## फेडरल बैंक अपने पेमेंट गेटवे को नए कर मंच पर सूचीबद्ध करने वाला पहला बैंक बना




कोच्चि, एजेंसी

केरल स्थित फेडरल बैंक, आयकर विभाग के टिन 2.0 मंच पर अपने ह्यपेमेंट गेटवे मंच को सूचीबद्ध करने वाला पहला बैंक बन गया है। ह्यपेमेंट गेटवेह्ल एक एप्लीकेशन है, जिसके माध्यम से ऑनलाइन भुगतान प्रक्रिया आसान हो जाती है। टिन 2.0 मंच इस साल एक जुलाई से शुरू हुआ था। यह पेमेंट गेटवे के जरिए करदाताओं को एक और भुगतान विकल्प प्रदान करता है, जिससे वे क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, एनईएफटी/आरटीजीएस और इंटरनेट बैंकिंग जैसे माध्यम से आसानी से भुगतान कर सकते हैं। फेडरल बैंक के समूह अध्यक्ष और होलसेल बैंकिंग के कंट्री प्रमुख हर्ष डुगर ने कहा कि बेहतर अनुभव और लेन-देन को सुगम बनाने के लिए बैंक डिजिटल माध्यम का उपयोग कर रहा है।

**कामयाबी** | फॉर्च्यून ग्लोबल 500 लिस्ट में एलआईसी 98वें और रिलायंस 104वें पायदान पर

# एलआईसी बनी देश की सबसे अधिक रेवेन्यू वाली कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में जीवन बीमा क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पहली बार फॉर्च्यून ग्लोबल 500 लिस्ट में अपना जगह बनाने में कामयाब हुई है। एलआईसी को ये उपलब्धि उसके रिकॉर्डतोड़ आईपीओ के बदौलत मिली है। इसकी वजह से एलआईसी के नेट रेवेन्यू में जबरदस्त उछाल आया है। आपको बता दें कि भारतीय जीवन बीमा निगम के आईपीओ की लिस्टिंग के बाद शेयर बाजार में उसके मौजूदा हालात ने तो निवेशकों को काफी निराश किया है, लेकिन इस आईपीओ की वजह से ही एलआईसी को पहली बार फॉर्च्यून ग्लोबल 500 लिस्ट में न केवल




जगह मिली है, बल्कि पहली बार में ही एलआईसी ने इस लिस्ट की टॉप 100 कंपनियों के बीच अपनी जगह बना ली है। टोटल रेवेन्यू के मामले में एलआईसी ने 98वें स्थान पर कब्जा करके भारत की सबसे बड़ी लिस्टेड कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को भी पीछे छोड़ दिया है। फॉर्चून ग्लोबल 500 लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज एलआईसी से 6 पायदान नीचे 104वें पायदान पर अपनी जगह बना सकी है। फॉर्च्यून ग्लोबल 500 लिस्ट में दिए गए आंकड़ों के मुताबिक 97.26 बिलियन डॉलर के रेवेन्यू और 553.8 मिलियन डॉलर के नेट प्रॉफिट के साथ भारतीय जीवन बीमा निगम ने इस सूची में 98वें स्थान पर अपना कब्जा किया है। साथ ही भारतीय कंपनियों के बीच पहला स्थान हासिल किया है। एलआईसी को फॉर्च्यून ग्लोबल 500 लिस्ट में पहली बार जगह मिली है। वहीं इस लिस्ट में पिछले 19 साल से मौजूद देश की सबसे बड़े लिस्टेड कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 93,982 मिलियन डॉलर के नेट रेवेन्यू के साथ 104वां स्थान हासिल किया है। इस लिस्ट में एलआईसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा 79,542.4 मिलियन डॉलर के नेट रेवेन्यू के साथ इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) 142वें स्थान पर, 65,961.5 मिलियन डॉलर के नेट रेवेन्यू के साथ ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) 190वें स्थान पर तथा भारत में बैंकिंग सेक्टर की सबसे बड़ी कंपनी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) 54,639.2 मिलियन डॉलर के रेवेन्यू के साथ 236वें स्थान पर है। इसी तरह 46,467.3 मिलियन डॉलर के राजस्व के साथ भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) 295वें पायदान पर है। फॉर्च्यून ग्लोबल 500 लिस्ट में टाटा ग्रुप की दो कंपनियां भी अपनी जगह बनाने में सफल रही हैं।

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा मोटर्स 37,797.2 मिलियन डॉलर के राजस्व के साथ इस सूची में 370वें स्थान पर है, जबकि 32,861.1 मिलियन डॉलर के नेट रेवेन्यू के साथ टाटा स्टील फॉर्च्यून ग्लोबल 500 लिस्ट में 435वें स्थान पर है।

## दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी20 में आयरलैंड को 21 रन से हराया



ब्रिस्टल, एजेंसी रीजा हेंड्रिक्स और एडेन मार्कराम के अर्धशतकों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को दो ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में आयरलैंड को 21 रन से हराया। इंग्लैंड के खिलाफ हाल की श्रृंखला में जीत के नायक रहे हेंड्रिक्स ने 53 गेंदों पर 74 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम पांच विकेट पर 211 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रही। इस सलामी बल्लेबाज ने मार्कराम के साथ तीसरे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी की। मार्कराम ने केवल 27 गेंदों पर 56 रन की तूफानी पारी खेली। स्पिन गेंदबाज गैरेथ डेलेनी ने 16वें ओवर में हेंड्रिक्स और मार्कराम को लगातार गेंदों पर आउट किया। आयरलैंड की टीम ने इसके जवाब में नौ विकेट पर 190 रन बनाए। उसकी तरफ से तीसरे नंबर के बल्लेबाज लोरकान टकर ने 38 गेंदों पर 78 जबकि जार्ज डॉकरेल ने 43 रन बनाये। दूसरा मैच शुक्रवार को खेला जाएगा।

## भारोत्तोलक गुरदीप ने 109 प्लस किलोवर्ग में कांस्य पदक जीता



बर्मिंघम, गुरदीप सिंह ने राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन स्पर्धा में भारत का शानदार अभियान जारी रखते हुए 109 प्लस किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता। 26 वर्ष के गुरदीप ने स्नैच में 167 और क्लीन एंड जर्क में 223 किलो समेत कुल 390 किलो वजन उठाया। पाकिस्तान के मुहम्मद नूह बट ने 405 किलो वजन उठाकर खेलों के नये रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। न्यूजीलैंड के डेविड एंड्रयू को रजत पदक मिला जिन्होंने 394 किलो वजन उठाया। गुरदीप की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उन्होंने दूसरे प्रयास में 167 किलो उठाया लेकिन तीसरे प्रयास में 173 किलो नहीं उठा सके। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 207 किलो के साथ शुरूआत की लेकिन



215 किलो का दूसरा प्रयास नाकाम रहा। उन्होंने तीसरे प्रयास में 223 किलो वजन उठाया। भारत ने भारोत्तोलन में अपना अभियान तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य समेत दस पदकों के साथ समाप्त किया।

## सिटी ओपन में किर्गियोस ने ओपेल्का को हराया

वाशिंगटन, एजेंसी निक किर्गियोस को सिटी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए तीन अमेरिकियों को मात देनी पड़ी। शुरूआती दौर में मार्कोस गिरोन को हराने के बाद 2019 वाशिंगटन चैंपियन ने बुधवार को 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल के खिलाफ एक रोमांचक मैच में 6-3, 6-4 से परिणाम अपने पक्ष में किया। इसके बाद, चौथे वरीय रेली ओपेल्का के साथ क्वार्टर फाइनल में मुकाबला हुआ, जो जोड़ी के एटीपी हेड-टू-हेड 2-0 का रिकॉर्ड था। किर्गियोस ने कहा, जब मैं टॉमी से खेलता हूं तो मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेल खेलना पड़ता है। मैंने वापसी और सर्विस के दृष्टिकोण से दो शानदार मैच खेले हैं। ऑस्ट्रेलियाई ने पॉल के खिलाफ सामना किए गए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए, जिन्होंने मैच में अपनी भूमिका निभाने के लिए अपने एथलेटिकवाद और निरंतरता का इस्तेमाल किया। अमेरिकी ने दूसरे सेट में 2-2 से उन तीन ब्रेक पॉइंट बनाए, क्योंकि उन्होंने किर्गियोस की सर्विस को खेलना शुरू की, लेकिन आगे नहीं बढ़ सके। विंबलडन के फाइनलिस्ट किर्गियोस ने अंतिम गेम तक दूसरे सेट में ब्रेक प्वाइंट नहीं बनाया, जब मैच का उनका तीसरा ब्रेक एक घंटे 25 मिनट के बाद बंद हो गया। उन्होंने मंगलवार को मार्कोस गिरोन के खिलाफ सीधे सेटों में जीत हासिल की। विश्व के 63वें नंबर के खिलाड़ी ने कहा, मेरे लिए ये सभी मैच बहुत महत्वपूर्ण थे। मुझे विंबलडन से कोई एटीपी रैंकिंग अंक नहीं मिला है, मैं लॉक में रहने की कोशिश कर रहा हूं।

# राष्ट्रमंडल मुक्केबाजी निकहत, नीतू और हुसामुद्दीन के पदक पक्के, लवलीना क्वार्टर फाइनल से बाहर

बर्मिंघम, एजेंसी



विश्व चैम्पियन निकहत जरीन, नीतू गंघास और हुसामुद्दीन मोहम्मद ने बुधवार को यहां 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के पदक पक्के कर दिये जबकि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन क्वार्टर फाइनल में उलटफेर का शिकार हो गई। निकहत ने महिलाओं के 50 किलो वर्ग में वेल्स की हेलन जोंस को अंकों के आधार पर 5.0 से हराया। तीनों दौर में निकहत का पलड़ा भारी रहा और उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी को आक्रामक होने का कोई मौका ही नहीं दिया। दो बार की युवा स्वर्ण पदक विजेता नीतू (21 वर्ष) को 48 किलो क्वार्टरफाइनल के तीसरे और अंतिम राउंड में उत्तरी आयरलैंड की प्रतिंद्वद्वी निकोल क्लाइड के स्वेच्छा से रिटायर होने (एबीडी) के बाद विजेता घोषित किया गया जिससे देश का बर्मिंघम में पहला मुक्केबाजी पदक सुनिश्चित हुआ। फिर निजामाबाद के 28 साल के हुसामुद्दीन पुरूषों के 57 किलोवर्ग में नामीबिया के ट्रायागेन मानिंग नदेवेलो पर 4-1 से जीत दर्ज कर अंतिम चार में पहुंच गये जिससे दूसरा पदक पक्का हुआ। पिछले चरण के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन को हालांकि अपने मुकाबले के विभाजित फैसले में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। महिलाओं के 70 किलोवर्ग में पहले दो दौर में मामूली अंतर से आगे लवलीना वेल्स की रोसी एसेल्स से विभाजित फैसले में 2.3 से हार गई। इससे पहले भिवानी के धनाना जिले की नीतू ने क्लाइड पर पहले दो राउंड में दबदबा बनाया जिसके बाद मुकाबला रोक दिया और नतीजा भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में रहा। राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण कर रही नीतू महान मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम के वजन वर्ग में खेल रही हैं। मैरीकॉम चयन ट्रायल्स के दौरान चोटिल हो गयी थीं। भारतीय दल ने बर्मिंघम आने से पहले आयरलैंड में ट्रेनिंग ली थी और इससे नीतू को क्लाइड के खिलाफ मुकाबले में मदद मिली। क्वार्टरफाइनल में मिली जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी नीतू ने कहा, ह्यह्ययह प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज के खिलाफ मेरा पहला मुकाबला था लेकिन हमने आयरलैंड में एक साथ ट्रेनिंग की थी। मुझे पता था कि क्या उम्मीद की जाये। यह तो अभी शुरूआत है, मुझे लंबा रास्ता तय करना है।ह्न उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं अपने कोचों की सलाह सुनकर उसे रिंग में इस्तेमाल करने की कोशिश करती हूं।ह्न स्ट्रैंड्जा मेमोरियल की स्वर्ण पदक विजेता नीतू अन्य मुक्केबाजों के वीडियो देखना पसंद नहीं करती और उनका कोई आदर्श भी नहीं है। उन्होंने 2012 में मुक्केबाजी शुरू की थी लेकिन 2019 में लगी कंधे की चोट से उन्हें लंबे समय तक खेल से बाहर होना पड़ा था नीतू जिस जगह से आयी हैं, वहां लड़कियों को खेलों में आने के लिये प्रोत्साहित नहीं किया जाता। लेकिन उनके पिता ने पास की अकादमी में उनका नाम लिखवा दिया। इस मुक्केबाज के सपने को साकार करने के लिये उनके पिता को चंडीगढ़ में अपनी नौकरी छोड़ने पर मजबूर कर दिया। वह वित्तीय रूप से मजबूत भविष्य के लिये राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक की उम्मीद लगाये हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यहम संयुक्त परिवार में रहते हैं। मेरे पिता हर वक्त मेरे साथ रहते हैं इसलिये वो काम नहीं कर सकते। उनके बड़े भाई सारा खर्चा उठाते हैं क्योंकि हम संयुक्त परिवार में रहते हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने रजत पदक जीतने पर जूडो खिलाड़ी तूलिका को बधाई दी



नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय जूडो खिलाड़ी तूलिका मान को बधाई देते हुए कहा कि उनके सुनहरे कैरियर में यह पदक एक और उपलब्धि है। तूलिका को महिलाओं के 78 किलो वर्ग में स्कॉटलैंड की सारा एडलिंगटन ने फाइनल में हराया। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, ह्यह्यतूलिका मान बर्मिंघम खेलों में चमकी। जूडो में रजत पदक जीतने पर बधाई। उनके सुनहरे खेल कैरियर में यह पदक एक और उपलब्धि।ह्नह्न उन्होंने आगे कहा, ह्यह्यभविष्य के लिये उन्हें शुभकामना। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्क्वाश एकल स्पर्धा में भारत को पहला पदक दिलाने वाले सौरव घोषाल को भी बधाई दी। उन्होंने कहा, ह्यह्यसौरव घोषाल को सफलता की नई ऊंचाइयां छूते देखना अच्छा है। बर्मिंघम में जीता यह कांस्य पदक खास है। उन्हें बधाई। उम्मीद है कि इससे भारतीय युवाओं में स्क्वाश की लोकप्रियता बढेगी।

# राष्ट्रमंडल खेल भारत ने बारबाडोस को 100 रन से हराकर सेमीफाइनल में रखा कदम

बर्मिंघम,एजेंसी



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के अपने तीसरे मुकाबले में बारबाडोस की टीम को 100 रन से करारी मात दी। इस जीत के बाद भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। भारत को अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली थी। लेकिन इसके बाद उसने पाकिस्तान को आठ विकेट से पीटा था। भारत की रनों के हिसाब से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। सेमीफाइनल में अब भारत का सामना इंग्लैंड या न्यूजीलैंड में से किसी एक से होगा। अगर भारत सेमीफाइनल जीतता है तो वह फाइनल में होगा और अगर हार भी जाता है तो भी मेडल की दौड़ में बना रहेगा। फाइनल से पहले रविवार को ही कांस्य पदक का यह मुकाबला होगा। भारतीय टीम ने बर्मिंघम में पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 162 रनों का स्कोर बनाया और फिर बारबाडोस की टीम को निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 62 रनों पर रोक दिया। भारत की ओर से रेणुका सिंह ठाकुर ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 10 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट चटकाए। 1998 के राष्ट्रमंडल खेलों में जब पहली बार क्रिकेट को शामिल किया गया था तो भारतीय पुरुष टीम सिर्फ.एक मुकाबला जीती थी और सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच पाई थी। अब भारतीय महिला टीम उनसे आगे निकल चुकी है और सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारत से मिले 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बारबाडोस की शुरूआत बेहद खराब रही और टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती चली गई। बारबाडोस के लिए किशोना नाइट और शकिरा सेल्मन ही टॉप स्कोरर रहीं, जिन्होंने क्रमशः 16 और नाबाद 12 रन बनाए। उनके अलावा और कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाईं। भारत की ओर से रेणुका ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए चार विकेट अपने नाम किए। ठाकुर ने डिएंड्रा डॉटिन, कप्तान हेली मैथ्यूज, कयसिया नाइट और आलिया ऑलेन को अपना शिकार बनाया। उनके अलावा मेघना सिंह, स्नेह राणा, राधा यादव और कप्तान हरमनप्रीत कौर को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, भारत ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 4 विकेट पर 162 रन का मजबूत स्कोर बनाया। टीम के लिए शेफाली वर्मा ने 26 गेंदों पर सात चौके और एक छक्के की मदद से 43 जबकि जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 46 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्के की बदौलत 56 रनों की नाबाद पारी खेली।

# राष्ट्रमंडल खेल : तेजस्विन शंकर ने ऊँची कूद में कांस्य पदक जीता

बर्मिंघम,एजेंसी



राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत के तेजस्विन शंकर ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। बुधवार को एक्सेलेंडर स्टेडियम में शंकर के 2.22 मीटर के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में ऊंची कूद स्पर्धा में भारत को पहला पदक दिलाया। बहामास के पूर्व विश्व और राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन डोनाल्ड थॉमस ने शंकर के साथ में 2.22 मीटर ऊंची कूद लगायी, लेकिन भारतीय ने कांस्य अर्जित किया क्योंकि उन्होंने अपने सभी कूद में 2.10 मीटर, 2.15 मीटर, 2.19 मीटर और 2.22 मीटर को पहले ही प्रयास में इस बाधा को पार कर लिया।

शंकर ने कांस्य पदक जीतने के बाद कहा, ह्नमेरे पास कॉलेज सत्र का भी अनुभव था और मैंने जनवरी में कूदना शुरू कर दिया था लेकिन यहां कांस्य प्राप्त करना एक सपना साकार होने जैसा है और मैं अपने साथ घर कुछ लेकर जा रहा हूँ और खुश हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में भारत का पहला एथलेटिक्स पदक जीतने के लिए शंकर को बधाई दी। श्री मोदी ने ट्वीट किया, ह्नतेजस्विन शंकर ने इतिहास रचा है, उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में पहला ऊंची कूद पदक जीता। उन्हें कांस्य पदक जीतने पर बधाई। उनके प्रयासों पर गर्व है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। वह सफलता प्राप्त करते रहें। इस स्पर्धा में विश्व इनडोर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता न्यूजीलैंड के हामिश केर ने 2.25 मीटर की ऊंची छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि ऑस्ट्रेलिया के ब्रैंडन स्टार्क ने रजत पदक जीता।

# मौजूदा चैंपियन और शीर्ष वरीय पेगुला सिटी ओपन से बाहर

वाशिंगटन, एजेंसी



मौजूदा चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला बुधवार को आस्ट्रेलिया की डारिया सैविल से सीधे सेटों में हारकर सिटी ओपन टेनिस टूनार्मेंट से बाहर हो गई। यूएस ओपन की तैयारियों के लिए खेले जा रहे इस टूनार्मेंट में सैविल ने पेगुला को 7-5, 6-4 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा रादुकानु ने लुइसा चिरिको को 6-4, 6-2 से पराजित किया। कनाडा की क्वालीफायर रेबेका मैरिनो ने जर्मनी की एंड्रिया पेटकोविच को 6-3, 3-6, 6-1 से हराया और अब उनका सामना सैविल से होगा। पुरुष वर्ग में विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 6-3, 6-4 से हराया जबकि अमेरिका के सेबस्टियन कोर्डा ने 12वीं वरीयता प्राप्त सेबस्टियन बेज को 6-1, 6-4 से और नौवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने बेनोइट पायर को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी।

# राष्ट्रपति ने राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं तूलिका, गुरदीप, घोषाल और शंकर को बधाई दी

नई दिल्ली,एजेंसी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने और भारत को गौरवान्वित करने के लिए जुडोका तुलिका मान, भारोत्तोलक गुरदीप सिंह, स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल और ऊंची कूद के एथलीट तेजस्विन शंकर को गुरुवार को बधाई दी। राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, ह्यह्यराष्ट्रमंडल खेलों में जुझारू मुकाबले और रजत पदक जीतने के लिए तूलिका मान को बधाई। आपने छोटी उम्र में सफलता हासिल करने के लिए उल्लेखनीय जज्बा और जुनून दिखाया। आप और मजबूत बनो और भविष्य में अधिक उपलब्धियां हासिल करो।ह्नह्न तूलिका ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन वह महिलाओं के 78 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में स्कॉटलैंड की सारा एडलिंगटन से हार गई। मुर्मू ने एक अन्य ट्वीट में कहा, ह्यह्यराष्ट्रमंडल खेलों में अपने बेहतरीन प्रयास से भारोत्तोलन में कांस्य पदक जीतने के लिए गुरदीप सिंह को बधाई। आपने अपने शानदार प्रदर्शन से भारत का गौरव बढ़ाया है। आप भविष्य में सफलता की नई ऊंचाइयां छूते रहें। किसान के बेटे गुरदीप ने पुरुषों के 109 किग्रा भार वर्ग में कुल 390 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक जीता। यह भारत का हैवीवेट वर्ग में पहला पदक है। राष्ट्रपति ने एक अन्य ट्वीट में कहा, ह्यह्यराष्ट्रमंडल खेलों में स्क्वाश के पुरुष एकल में कांस्य पदक जीतने पर सौरव घोषाल को बधाई। भारत को आप पर गर्व है कि आपने स्क्वाश के पुरुष एकल में देश को पहला पदक दिलाया। राष्ट्रपति ने राष्ट्रमंडल खेलों में ऊंची कूद में पदक जीतने वाले पहले भारतीय तेजस्विन शंकर को भी बधाई दी। शंकर ने बुधवार को इस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। मुर्मू ने ट्वीट करके कहा, ह्यह्यतेजस्विन शंकर ने कांस्य पदक जीतकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। राष्ट्रमंडल खेलों की ऊंची कूद स्पर्धा में पदक जीतने वाला पहला भारतीय बनने पर बधाई। आपने देश को गौरवान्वित करने के लिए अनुकरणीय संकल्प दिखाया। मेरी तरफ से भविष्य के लिए आपको शुभकामनाएं।

## राष्ट्रमंडल खेल : हिमा दास ने 200 मीटर स्पर्धा के सेमीफाइनल के लिए किया क्वालीफाई



बर्मिंघम, एजेंसी

स्टार भारतीय स्प्रिंटर हिमा दास ने गुरुवार को बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में पहले दौर की हीट टू में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। दास ने सेमीफाइनल के लिए अपना टिकट बुक करने के लिए 23.42 सेकंड का समय निकाला। दूसरे नंबर पर जाम्बिया की रोडा नोजोबवु थीं, जिन्होंने 23.85 सेकेंड का समय निकाला। तीसरे स्थान पर युगांडा के जेसेंट न्यामाहुंगे थी, जिन्होंने 24.07 सेकंड के समय के साथ दौड़ पूरी की। हीट में पांच में से पहले तीन एथलीटों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। बता दें कि इससे पहले 23 वर्षीय तेजस्विन शंकर ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में देश का पहला एथलेटिक्स पदक जीता। शंकर ने 2.22 मीटर के जंप के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इसी के साथ वह राष्ट्रमंडल खेलों में हाई जंप में भारत के लिए पदक जीतने वाले पहले एथलीट बन गए।

### वीजा इंटरव्यू में हिटमैन और कोच द्रविड पास, फ्लोरिडा में होने हैं 2 ळ-20 मैच

# गयाना के प्रेसिडेंट ने दिलाया टीम इंडिया को अमेरिकी वीजा

नई दिल्ली,एजेंसी



टीम इंडिया वेस्टइंडीज दौरे पर है। वनडे में क्लीन स्वीप करने के बाद वह पांच मैचों की T-20 सीरीज खेल रही है। शुरूआती तीन मैच हो चुके हैं, जिसमें टीम इंडिया 2-1 से आगे है। अब आखिरी दो मुकाबले 6 और 7 अगस्त को अमेरिका के फ्लोरिडा में होने हैं। ऐसे में भारतीय दल के 14 सदस्यों को कागजी अड़चनों के कारण अमेरिकी वीजा नहीं मिल रहा था और माना जा रहा था कि भारत छोटे स्क्वायड के साथ अमेरिका जाएगा। गयाना के प्रेसिडेंट के हस्तक्षेप के बाद भारत और वेस्टइंडीज के सभी खिलाड़ियों को वीजा मिल गया है। उन्हें आधिकारिक तौर पर अमेरिका की यात्रा करने की मंजूरी दे दी गई है। अब पांच मैचों की टी-20 सीरीज के आखिरी दो मैच फ्लोरिडा में हो सकेंगे। अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए यह सब किया जा रहा है। भारत एक पॉपुलर टीम है, इसलिए वहां मैच करवाने से दर्शकों की संख्या बढ़ सकती है। रविंद्र जडेजा, रविचन्द्र अश्विन, दिनेश कार्तिक, रवि बिश्नोई, सूर्यकुमार यादव और कुलदीप यादव पहले ही अमेरिका के मियामी पहुंच चुके हैं। उनके पास यात्रा करने की अनुमति थी। टीम के बाकी साथी भी गुरुवार की रात उनके साथ शामिल होंगे। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रिकी स्केरिट ने कहा, ह्य सभी वीजा आवेदनों को मंजूरी दे दी गई है, लेकिन पासपोर्ट अभी वापस नहीं आए हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज जो भी मदद कर सकता था, वह हमने की है। रोहित-राहुल ने वीजा के लिए दिया इंटरव्यू जिन खिलाड़ियों के पास वीजा नहीं था, उन्हें गुयाना में स्थित अमेरिकी दूतावास में इंटरव्यू के लिए भेजा गया था। यह इंटरव्यू तीसरे टी-20 मैच (2 अगस्त) के बाद हुआ था। इसमें टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ भी शामिल थे। बताया गया है कि भारतीय टीम में शामिल कप्तान-कोच समेत 14 लोगों के पास अमेरिकी वीजा नहीं था। इंटरव्यू के बाद इन सबको वीजा जारी कर दिया गया। दूसरी बड़ी खबर ये है कि रोहित शर्मा अब पूरी तरह फिट हो गए हैं। वह आखिरी दो मैचों में टीम इंडिया की कप्तानी करते नजर आएंगे। रोहित को सीरीज के तीसरे मैच के दौरान कमर में चोट लगी थी। इस वजह से वह 11 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। द फ्लोरिडा में होने वाले आखिरी 2 टी-20 मुकाबलों के लिए दोनों टीमों को अमेरिकी वीजा मिलने में समस्या आ रही थी। ऐसे में गयाना के प्रेसिडेंट ने हस्तक्षेप किया। क्रिकबज ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने इस मामले में दखल दिया और इसके बाद भारतीय टीम समेत वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों और स्टाफ को अमेरिकी वीजा मिल गया। इसके लिए वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (CWI) ने भी राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया है। बोर्ड ने कहा कि यह महामहिम की तरफ से एक सामयिक और राजनयिक तौर पर प्रभावशाली प्रयास था।

## संक्षिप्त खबरें

### जापान में भूकंप के झटके

टोक्यो, एजेंसी। जापान के पूर्वोत्तर प्रांत फुकुशिमा के तट पर गुरुवार को मध्यम स्तर के भूकंप के झटके महसूस किये गये। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक स्थानीय समयानुसार 09.48 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.6 मापी गयी। भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 60 किलोमीटर की गहराई में रहा। भूकंप से किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है।

### चीन में किंडरगार्टन स्कूल पर हमले का संदिग्ध गिरफ्तार

बीजिंग, एजेंसी। चीन के जियांग्शी प्रांत के एक किंडरगार्टन स्कूल पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने 47 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई थी और छह अन्य घायल हो गए थे। अनफू काउंटी पुलिस की ओर से जारी एक आधिकारिक वक्तव्य के मुताबिक लुई शियाओहुई को बुधवार रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। किंडरगार्टन स्कूल पर बुधवार सुबह हमला हुआ था। पुलिस ने इस हमले में मारे गए लोगों के बारे में जानकारी नहीं दी है। चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में कम से कम एक बच्चे की मौत हुई है। गौरतलब है कि बीते कुछ वर्षों में चीन में स्कूलों पर हमले की घटनाएं बढ़ने के बाद सरकार ने स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

### पेलोसी ताइवान यात्रा के बाद द.कोरिया पहुंचीं, शीर्ष नेताओं से करेंगी मुलाकात

सियोल, एजेंसी। अमेरिकी संसद की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया के शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगी और क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग तथा जलवायु संबंधी मुद्दों पर चर्चा करेंगी। इससे एक दिन पहले पेलोसी ने चीन के कड़े विरोध के बावजूद ताइवान की यात्रा की थी, जो इस स्वशासित द्वीप पर लोकतंत्र की रक्षा के लिए अमेरिका की अडिग प्रतिबद्धता को दिखाता है। पेलोसी बुधवार शाम को कांग्रेस के अन्य सदस्यों के साथ दक्षिण कोरिया पहुंचीं। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर, मलेशिया और ताइवान की यात्रा की। दक्षिण कोरिया के बाद वह जापान जाएंगी। पेलोसी बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरियाई नेशनल असेंबली के अध्यक्ष किम जिन प्यो तथा संसद के अन्य वरिष्ठ सदस्यों से मुलाकात करेंगी और क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग तथा जलवायु संबंधी मुद्दों पर बातचीत करेंगी। किम के कार्यालय ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि पेलोसी की अंतर-कोरियाई सीमा क्षेत्र की यात्रा करने की भी योजना है, जिस पर अमेरिका नीत संयुक्त राष्ट्र कमान और उत्तर कोरिया का नियंत्रण है।

### अमेरिका में सड़क दुर्घटना में सांसद जैकी वालोरस्की और उनके दो कर्मचारियों की मौत

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के इंडियाना राज्य में एक सड़क दुर्घटना में रिपब्लिकन पार्टी की नेता एवं सांसद जैकी वालोरस्की और उनके दो कर्मचारियों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। रिपब्लिकन पार्टी की नेता जैकी वालोरस्की अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में इंडियाना राज्य का प्रतिनिधित्व करती थीं। एल्खर्ट काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि यह दुर्घटना बुधवार अपराह्न करीब 12 बजकर 30 मिनट पर हुई, जब एक कार राज्य राजमार्ग पर अपनी लेन को पार कर गई और वालोरस्की की एसयूवी से टकरा गई। अधिकारियों के मुताबिक एसयूवी में वालोरस्की (58) के अलावा उनके दो कर्मचारी भी मौजूद थे। एसयूवी से टकराने वाली कार की महिला चालक की भी इस दुर्घटना में मौत हो गयी। वालोरस्की अमेरिकी कांग्रेस की कई समितियों की सदस्य भी रही हैं। वह पहली बार 2012 में इंडियाना राज्य से निर्वाचित हुई थीं। वालोरस्की के चीफ ऑफ स्टाफ टिम कमिंग्स ने एक बयान में कहा, वह अपने प्रभु ईसा मसीह के पास चली गयी हैं। कृपया उनके परिवार के लिए प्रार्थनाएं करें।

### मेक्सिको में एक पत्रकार समेत चार लोगों की हत्या

मेक्सिको सिटी, एजेंसी। मेक्सिको में बीयर की एक दुकान में एक पत्रकार समेत चार लोगों की हत्या कर दी गयी है। इस साल देश में किसी मीडियाकर्मी की मौत का यह 13वां मामला है। सैन लुइस डे ला पाज के मेयर लुइस सांचेज ने कहा कि समाचार वेबसाइट टु वोज या योर वॉइस के निदेशक एर्नेस्टो मेंदेज समेत चार लोगों पर हमला किया गया। इस हमले में पांचवां व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सांचेज ने बताया कि अभी यह मालूम नहीं है कि क्या इस हमले का संबंध मेंदेज के पत्रकारिता संबंधी काम से है। प्रेस की आजादी से जुड़े संगठन आर्टिकल 19 ने सरकार से मेंदेज के सहकर्मियों और रिश्तेदारों को सुरक्षा देने की मांग की है। ग्वानाजुआतो के गवर्नर डिएगो रोड्रिगेज वालेजो ने बुधवार को ट्विटर पर इन हत्याओं की निंदा की।

# मैं नरेंद्र मोदी से नहीं डरता, लोकतंत्र की रक्षा और सद्भाव के लिए लड़ते रहेंगे : राहुल गांधी

» नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को लेकर बृहस्पतिवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं डरते और हमें धमकाकर चुप नहीं कराया जा सकता। उन्होंने कहा कि देश और लोकतंत्र की रक्षा तथा सद्भाव बरकरार रखने के लिए वह लड़ाई लड़ते रहेंगे। राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, ये धमकाने का प्रयास है। ये सोचते हैं कि थोड़ा सा दबाव डालकर हमें चुप करा देंगे, लेकिन हम चुप नहीं होने वाले हैं। नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी इस देश में लोकतंत्र के खिलाफ जो कर रहे हैं उसके विरूद्ध हम खड़े रहेंगे, चाहे ये कुछ भी कर लें। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। भाजपा के एक आरोप के संदर्भ में कांग्रेस नेता ने कहा, भागने की बात कौन कर रहा है, भागने की बात वो कर रहे हैं। हम डरने वाले नहीं हैं। हम नरेंद्र मोदी से नहीं डरते हैं। कर लें जो करना है। कुछ फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा, मेरा काम है देश की रक्षा करना, लोकतंत्र की रक्षा करना, देश में सद्भाव को बरकरार रखना, वो मैं करता रहूंगा। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन के मामले में अपनी कार्रवाई के तहत बुधवार को दिल्ली में नेशनल हेराल्ड कार्यालय में यंग इंडियन कंपनी के परिसर को अस्थायी रूप से सील कर दिया था। कांग्रेस ने यह दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने उसके मुख्यालय, पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के आवासों को घेर लिया। उसने सरकार पर ईडी के दुरुपयोग का आरोप भी लगाया है। इससे पहले, ईडी ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े धनशोधन के मामले में ही सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ की थी।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नोम पेन्ह में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में आसियान सम्मेलन से इतर अमेरिकी विदेश मंत्री से हुई मुलाकात के दौरान श्रीलंका की स्थिति, म्यांमा के घटनाक्रम और अन्य वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की। माना जा रहा है कि मुलाकात के दौरान अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद चीन-ताइवान के बीच बढ़ते तनाव पर भी चर्चा हुई। जयशंकर ने ट्वीट किया, नोम पेन्ह में आसियान मंत्रिस्तरीय सम्मेलन से इतर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ भारत-अमेरिका संबंधों और वैश्विक स्थिति पर चर्चा की। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, बैठक की शुरूआत में ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका और भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आसियान की केंद्रीय भूमिका के प्रबल समर्थक हैं। उन्होंने कहा, दोनों देश आसियान की केंद्रीय भूमिका के प्रबल समर्थक हैं। हमारे पास एक स्वतंत्र व मुक्त हिंद-प्रशांत के लिए एक साझा दृष्टिकोण है जिस पर हम हर दिन कई अलग-अलग तरीकों से काम करते हैं। निश्चित रूप से हमारे सामने कुछ तात्कालिक चुनौतियां हैं, जिनसे दोनों देश चिंतित हैं। इनमें श्रीलंका और बर्मा की स्थिति और कई अन्य चुनौतियां शामिल हैं। ब्लिंकन ने कहा, इसलिए मैं एक बार फिर अपने मित्र के साथ इन मुद्दों से निपटने पर बात करने को लेकर उत्सुक हूं।

## लम्पी स्किन बीमारी की रोकथाम के लिए राज्य सरकार कर रही हैं हरसंभव प्रयास : गहलोत

» जयपुर, एजेंसी



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य में गोवंश में फैल रही लम्पी स्किन बीमारी की रोकथाम एवं बचाव के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। श्री गहलोत ने आज कहा कि गोवंश में फैल रहा लम्पी स्किन रोग अत्यंत संक्रामक है। राज्य सरकार इसकी रोकथाम एवं बचाव के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अपने पशुओं को इससे बचाने के लिए आवश्यक सावधानियों का पालन करें। उन्होंने कहा कि पशुओं में इस रोग के लक्षण नजर आने पर नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था में सम्पर्क करें। मुख्यमंत्री ने गौशाला संचालक, जनप्रतिनिधिगण एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से अपील की कि इस बीमारी के नियंत्रण एवं रोकथाम में राज्य सरकार को अपना सहयोग प्रदान करें। राज्य में इस बीमारी पर नियंत्रण पाने एवं गायों को बचाने के लिए आपातकाल स्थिति में दवा खरीद के लिए 106 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि जारी की गई है। अतिरिक्त दवा एवं टीकों व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह अन्य जिलों में पशु चिकित्सा दल गठित कर प्रभावित क्षेत्रों में नियुक्त किए गए हैं। राज्य की गौशालाओं में सतत निगरानी एवं रोग प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं की चिकित्सा एवं पर्यवेक्षण के लिए अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था की गई हैं। इसके अलावा सभी जिलों में राज्य स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं।

## भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस के पूर्व नेता कुलदीप बिश्नोई




» नई दिल्ली, एजेंसी

हरियाणा से चार बार विधायक और दो बार सांसद रहे पूर्व कांग्रेस नेता कुलदीप बिश्नोई ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। बिश्नोई की पत्नी और पूर्व विधायक रेणुका बिश्नोई भी भाजपा में शामिल हो गईं। राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में उन्होंने केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी महासचिव अरुण सिंह, राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर खट्टर ने बिश्नोई दंपती का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि कुलदीप बिश्नोई से वह लगातार संपर्क बनाए हुए थे और उन्होंने राज्यसभा चुनाव में भाजपा का सहयोग किया।

उन्होंने दावा किया कि बिश्नोई बिना किसी शर्त के भाजपा में शामिल हुए हैं।

गौरतलब है कि बिश्नोई कांग्रेस पार्टी से पहले से ही नाराज चल रहे थे। इस साल की शुरूआत में उन्हें कांग्रेस की हरियाणा इकाई के प्रमुख के पद पर नियुक्त न किए जाने के बाद उन्होंने बगावती तेवर अपना लिए थे। इसके बाद जून में हुए राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने के कारण कांग्रेस ने बिश्नोई को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया था। हरियाणा के हिसार जिले की आदमपुर सीट से विधायक बिश्नोई (53) ने बुधवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत भजनलाल के छोटे बेटे कुलदीप बिश्नोई दूसरी बार कांग्रेस से नाता तोड़ रहे हैं। पार्टी से अलग होने के बाद करीब छह साल पहले ही वह दोबारा कांग्रेस से जुड़े थे। वर्ष 2005 में राज्य में कांग्रेस की जीत के बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर बिश्नोई और उनके पिता भजनलाल ने 2007 में हरियाणा जनहित कांग्रेस (हजकां) बनाई थी। हजकां ने बाद में भाजपा और दो अन्य दलों के साथ गठबंधन कर लिया था और 2014 का लोकसभा चुनाव हरियाणा में साथ लड़ा था। हालांकि, विधानसभा चुनाव से पहले यह गठबंधन टूट गया था।

### थॉमस इसाक को फेमा के उल्लंघन मामले में ईडी का दूसरा नोटिस

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता एवं केरल के पूर्व वित्त मंत्री थॉमस इसाक को केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड बोर्ड (केआईआईएफबी) में विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन के मामले में दूसरी बार नोटिस जारी किया है। ईडी ने श्री थॉमस को संबंधित मामले मे पूछताछ के लिए 11 अगस्त को अपने कोच्चि कार्यालय में पेश होने के लिए कहा है। माकपा नेता ने गत 19 जुलाई को ईडी की ओर से मिले पहले नोटिस का जवाब देते हुए कहा था, अगर मुझे नोटिस भी मिलता है, तो भी मैं उनके सामने पेश नहीं हों सकूंगा। मुझे कुछ और महत्वपूर्ण काम करने हैं। उन्हें मुझे गिरफ्तार करना होगा। केआईआईएफबी राज्य सरकार की एक प्राथमिक एजेंसी है। श्री थॉमस जब प्रदेश के वित्त मंत्री बने थे।

### हिमाचल प्रदेश भाजपा नेता प्रवीण शर्मा नहीं रहे

हमीरपुर/ऊना, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता प्रवीण शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। वह 65 वर्ष के थे। ऊना जिले के पोलियां पुरोहितन गांव के रहने वाले श्री शर्मा ने आज सुबह अपने अंब कसवा स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वर्ष 65 वर्ष के थे और उनके परिवार में बीमार पत्नी और एक बेटा है। श्री शर्मा 2003 में पहली बार विधायक चुने गए और उन्होंने राज्य में पी.के धूमल के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में आबकारी एवं कराधान-सह-युवा कल्याण एवं खेल मंत्री के रूप में सेवा दी। उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों में कांगड़ा जिले में एबीवीपी आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था और आपातकाल के दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। वह राज्य के अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ 18 महीने तक जेल में रहे। श्री शर्मा के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ घनिष्ठ संबंध थे और 1998 में जब मोदी हिमाचल प्रदेश के पार्टी मामलों के प्रमुख थे, तब उनके दौरे के दौरान उन्हें अपने स्कूटर पर जिले के विभिन्न हिस्सों में ले जाते थे। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने श्री प्रवीण शर्मा के निधन पर गहरा दुख जताया।

## देश के अगले सीजेआई बनने की कतार में शामिल न्यायमूर्ति ललित ने कई ऐतिहासिक फैसले दिए

» नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के अगले प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बनने की कतार में शामिल उच्चतम न्यायालय के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति यू. यू. ललित मुसलमानों में तीन तलाक की प्रथा को अवैध ठहराने समेत कई ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे हैं। अगर वह अगले प्रधान न्यायाधीश नियुक्त होते हैं तो वह ऐसे दूसरे प्रधान न्यायाधीश होंगे, जिन्हें बार से सीधे शीर्ष अदालत की पीठ में पदोन्नत किया गया। उनसे पहले न्यायमूर्ति एस. एम. सीकरी मार्च 1964 में शीर्ष अदालत की पीठ में सीधे पदोन्नत होने वाले पहले वकील थे। वह जनवरी 1971 में 13वें सीजेआई बने थे। न्यायमूर्ति ललित मौजूदा प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण के सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद 27 अगस्त को भारत के 49वें सीजेआई बनने के लिए कतार में हैं। न्यायमूर्ति ललित को 13 अगस्त 2014 को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। तब वह जाने-माने वकील थे। न्यायमूर्ति ललित तब से शीर्ष अदालत के कई ऐतिहासिक निर्णयों का हिस्सा रहे हैं। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अगस्त 2017 में 3-2 के बहुमत से तीन तलाक को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। उन तीन न्यायाधीशों में न्यायमूर्ति ललित भी थे। न्यायमूर्ति यू. यू. ललित की अध्यक्षता वाली पीठ ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत एक मामले में बंबई उच्च न्यायालय के त्वचा से त्वचा के संपर्क संबंधी विवादित फैसले को खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि यौन हमले का सबसे महत्वपूर्ण घटक यौन मंशा है, बच्चों की त्वचा से त्वचा का संपर्क नहीं। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में न्यायमूर्ति ललित की अगुवाई वाली पीठ ने कहा था कि त्रावणकोर के पूर्व शाही परिवार के पास केरल में ऐतिहासिक श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के प्रबंधन का अधिकार है।

## महिंद्रा, बासिल पर यात्रा प्रतिबंध 11 अगस्त तक बढ़ाया गया

कोलंबो, एजेंसी। श्रीलंका की सुप्रीम कोर्ट ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री महिंद्रा राजपक्षे और पूर्व वित्त मंत्री बासिल राजपक्षे पर लगाये गये यात्रा प्रतिबंध को 11 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया है। श्रीलंकाई सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में अपने अंतरिम आदेश में श्री महिंद्रा राजपक्षे और श्री बासिल राजपक्षे के 28 जुलाई तक अदालत की अनुमति के बिना देश छोड़ने पर रोक लगा दी। इस बीच श्रीलंका के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने गत नौ जुलाई को राजधानी कोलंबो में राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के निजी आवास को कथित रूप से आग लगाने के आरोप में मंगलवार को तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया।

### बिडेन ने गर्भपात अधिकारों की रक्षा के विधेयक पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने गर्भपात अधिकार की रक्षा करने वाले दूसरे विधेयक पर भी हस्ताक्षर किए। श्री बाइडेन ने गर्भपात अधिकार की रक्षा पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट और रिपब्लिकन पार्टी को अमेरिकी महिलाओं की शक्ति का आभास नहीं है। खालिज टाइम्स ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। श्री बिडेन ने बुधवार को गर्भपात की रक्षा के अधिकारों पर हस्ताक्षर किए। इस आदेश के लागू होने के बाद संघीय स्वास्थ्य विभाग को अधिकार होगा कि वह गर्भपात के लिए दूसरे राज्यों की यात्रा करने वाली महिलाओँ की मदद के लिए मेडिकल फंड का इस्तेमाल कर सकेगा। इससे पहले जुलाई में अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने पहले आदेश में हस्ताक्षर किए थे। इसका मकसद सुप्रीम कोर्ट के देशभर में गर्भपात के सांविधानिक अधिकार पर रोक लगाने से परेशान महिलाओं को राहत दिलाना था। इस दूसरे कानून का भी हालांकि ज्यादा असर होने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि अमेरिकी राज्यों में जहां रिपब्लिकन सत्ता में हैं, वे गर्भपात पर पाबंदियां और सख्त करते जा रहे हैं। इससे संबंधित दवाइयों पर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। राष्ट्रपति की कार्रवाई के एक दिन पहले ही कंसास में वोटरों ने राज्य के संविधान से गर्भपात की रक्षा करने वाले कानून को हटाने का प्रस्ताव खारिज कर दिया था। इसे गर्भपात समर्थकों की जीत के तौर पर देखा गया था। सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के बाद इस मुद्दे पर यह किसी प्रांत में पहला चुनाव था। डेमोक्रेट्स को उम्मीद है कि गर्भपात अधिकार के मुद्दे से उन्हें अमेरिका के कई प्रांतों में सत्ता हासिल हो सकती है। श्री बिडेन ने कंसास के नतीजों को निर्णायक जीत कहा और कहा कि प्रांत में मतदाताओं ने एक जोरदार संकेत दिया है जिससे यह स्पष्ट है कि राजनेताओं को महिलाओं के मौलिक अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

### लाहौर में 1200 साल पुराने वाल्मिकी मंदिर का किया जाएगा जीर्णोद्धार

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान के लाहौर शहर में 1200 पुराने हिंदू मंदिर को जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस मंदिर पर अवैध कब्जा किया गया था जिसे खाली कराने के लिए लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी। मुल्क में अल्पसंख्यकों के पूजास्थलों की निगरानी करने वाली संघीय संस्था इवैक्यूई ट्रस्ट प्रोपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) ने लाहौर के मशहूर अनारकली बाजार के पास स्थित वाल्मिकी मंदिर का कब्जा पिछले महीने ईसाई परिवार से लिया था। लाहौर में कृष्ण मंदिर के अलावा वाल्मिकी मंदिर ही खुला रहता है। हिंदू धर्म अपना लेने का दावा करने वाला ईसाई परिवार पिछले दो दशकों से केवल वाल्मीकि जाति के हिंदुओं को मंदिर में पूजा करने दे रहा था। ईटीपीबी के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने बताया कि आने वाले दिनों में मास्टर प्लान के तहत वाल्मीकि मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने कहा, 100 से अधिक हिंदू, कुछ सिख और ईसाई नेता आज वाल्मीकि मंदिर में एकत्र हुए। हिंदुओं ने अपने धार्मिक अनुष्ठान किए और लंगर का आयोजन किया।

### ममता बनर्जी चार दिवसीय दौरे पर आज दिल्ली आ रहीं हैं, नीति आयोग की बैठक में लेंगी हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चार दिवसीय दौरे पर आज यानी बृहस्पतिवार को दिल्ली आ रही हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख बनर्जी इस दौरान वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर सकती हैं। इसके अलावा वह सात अगस्त को नीति आयोग की एक बैठक में हिस्सा लेंगी। ममता बनर्जी के बृहस्पतिवार दोपहर बाद तक दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद वह शाम को टीएमसी के सांसदों के साथ एक बैठक करेंगी। गौरतलब है कि संसद के मौजूदा सत्र में टीएमसी के सांसद महंगाई समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार और उसकी नीतियों का जमकर विरोध कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक बनर्जी का संसद के केंद्रीय कक्ष जाने और विपक्ष के कई नेताओं से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है। ममता बनर्जी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात कर सकती है। बनर्जी की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करने की उम्मीद है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात कर सकती हैं। प्रधानमंत्री सात अगस्त को नीति आयोग की शासी परिषद की एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे जिसमें कृषि, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। परिषद की यह बैठक नियमित तौर पर होती है। इसकी पहली बैठक आठ फरवरी 2015 को हुई थी। बनर्जी पिछले वर्ष इस बैठक में शामिल नहीं हुई थीं।

### पीएसीएल की संपत्ति के निस्तारण से अब तक 878.20 करोड़ रुपये मिले

नई दिल्ली, एजेंसी। न्यायमूर्ति आर एम लोढ़ा समिति ने 60 हजार करोड़ रुपये के पोंजी घोटाला मामले में पीएसीएल लिमिटेड की अचल संपत्ति बेच कर अब तक 878.20 करोड़ रुपये जुटाए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह धनराशि कंपनी द्वारा कथित तौर पर ठगे गए निवेशकों को लौटाने के लिए जुटाई गयी है। अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने रॉल्स रॉयस, पोर्श केयेन, बेंटले, बीएमडब्ल्यू 7-सीरीज सहित पीजीएफ और पीएसीएल की 79 लग्जरी कारों के साथ ही 42,950 संपत्ति दस्तावेज आर एम लोढ़ा समिति को सौंपे हैं।

**आंकड़ें** सांसद पी पी चौधरी की अध्यक्षता वाली विदेश मंत्रालय से जुड़ी स्थायी समिति की रिपोर्ट में यह बात कही गई...

## विदेशों में रहने वाले भारतीयों का प्रामाणिक आंकड़ा नहीं होने पर संसदीय समिति ने आश्चर्य जताया

» नई दिल्ली, एजेंसी



संसद की एक समिति ने दुनियाभर में फैले व्यापक प्रवासी भारतीय समुदाय का कोई प्रामाणिक आंकड़ा नहीं होने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि विदेशों में भारतीय दूतावास/उच्चायोग/मिशन को प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ वृहद एवं करीबी सम्पर्क स्थापित कर उन्हें पंजीकरण कराने के लिये प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि उनका आंकड़ा तैयार किया जा सके। संसद में बुधवार को प्रस्तुत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद पी पी चौधरी की अध्यक्षता वाली विदेश मंत्रालय से जुड़ी स्थायी समिति की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। प्रवासी भारतीयों द्वारा भेजी गयी रकम के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय ने बताया कि दूसरे देश से अपने परिवारों को भेजी जाने वाली धनराशि के बारे में कोई सटीक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। हालांकि, इस विषय पर विश्व बैंक की रिपोर्ट से बात सामने आई है कि वर्ष 2021 में प्रवासी भारतीयों ने परिवारों को 87 अरब डॉलर की राशि भेजी और इस श्रेणी में भारत सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता देश बना। इसमें कहा गया है कि ऐसी उम्मीद की जा रही कि वित्त वर्ष 2022 में इसमें 2.6 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। समिति ने इस बात को नोट किया है कि विदेशों में रहने वाले भारतवंशियों में 1.8 करोड़ भारतीय मूल के लोग (पीआईओ), 1.3 करोड़ अप्रवासी भारतीय (एनआरआई) हैं जो दुनियाभर में फैले हैं और यह सबसे बड़े प्रवासी समुदाय में शामिल हैं। इसके अतिरिक्त भारतवंशी समुदाय की प्रकृति विविधतापूर्ण है जिसमें श्रमिक, कामगार, कारोबारी, राजनेता, पेशेवर लोग और छात्र आदि शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, समिति इस बात से आश्चर्यचकित है कि मंत्रालय के पास विदेशों में रहने वाले भारतवंशी समुदाय का कोई प्रामाणिक आंकड़ा नहीं है। मंत्रालय ने इस बारे में कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदाय द्वारा पंजीकरण कराना स्वैच्छिक है, ऐसे में संपूर्ण भारतीय समुदाय विदेशों में भारतीय उच्चायोगों/दूतावासों में पंजीकरण नहीं कराते। साथ ही भारतवंशियों की आवाजाही के कारण भी आंकड़ों में अंतर आता है। रिपोर्ट के अनुसार समिति को लगता है कि समग्र और अद्यतन आंकड़ों के आभाव में मंत्रालय प्रवासी भारतीय समुदाय की कल्याणकारी योजनाओं एवं उनको पेश आ रही चुनौतियों से प्रभावी ढंग से नहीं निपट सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि, समिति चाहती है कि विदेशों में भारतीय दूतावास/ उच्चायोग/मिशन को प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ वृहद एवं करीबी सम्पर्क स्थापित करना चाहिए और उन्हें विभिन्न मिशन, सांस्कृतिक संगठनों, छात्र संगठनों आदि के साथ पंजीकरण कराने के लिये प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि उनका प्रामाणिक आंकड़ा तैयार किया जा सके।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555